राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 293
लखनऊ, रविवार 15 जून, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





मंत्री को मिली खामियां, कटा अधिकारियों व कर्मियों का वेतन 03

कटरा बाजार के ग्राम चैपुरवा में मनरेगा में खेल 04



# नीट में ऑल इंडिया टॉपर बनें महेश

## एनटीए ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2025 का परिणाम किया घोषित

**मप्र के उत्कर्ष अवधिया को दूसरा स्थान व महाराष्ट्र के कृषांग जोशी को तीसरा स्थान**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को अंडरग्रेजुएट मेडिकल कोर्स में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2025 का परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित कर दिया, जिसमें 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस साल



राजस्थान के महेश कुमार ने 99.99 परसेंटाइल हासिल कर टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं, मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया को दूसरा स्थान और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी को तीसरा स्थान मिला है। लड़कियों में अविका अग्रवाल ने सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं। एनटीए ने नीट-यूजी 2025 के लिए ने सभी श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर भी जारी किया है। इस वर्ष सामान्य और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए कटऑफ स्कोर 686 से 144 के बीच निर्धारित किया गया है। वहीं, सामान्य/ आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग, दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह कटऑफ स्कोर 143 से 127 के बीच है। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर 143 से 113 के बीच निर्धारित है।

**75 छात्रों का रिजल्ट बाद में होगा जारी**

इंदौर के सेंटर्स पर हृश्वश्चञ्ज त्र परीक्षा देने वाले 75 कैंडिडेट्स ने शिकायत की थी कि 4 मई को आंधी-तूफान और बिजली चली जाने की वजह से उनका पेपर बिगड़ गया। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में दायर याचिकाओं पर 9 जून को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा है कि एनटीए ने इन 75 कैंडिडेट्स को छोड़कर बाकी सभी का रिजल्ट जारी कर सकता है। इन 75 छात्रों का रिजल्ट बाद में जारी किया जाएगा। इसके बाद नीट यूजी 2025 की फाइनल मेरिट बनेगा।

**22.7 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स ने नीट यूजी के लिए रजिस्ट्रेशन किया था। इसमें 13.76 लाख लड़कियों और 9.98 लाख लड़कों ने रजिस्ट्रेशन किया है। 20.8 लाख कैंडिडेट्स इस परीक्षा में शामिल हुए थे।**

**आर्ट्स को लेकर यूपीएससी करना चाहते थे महेश**

ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल करने वाले हनुमानगढ़ के महेश केसवानी ने बताया कि 10वीं के बाद वो आर्ट्स लेकर यूपीएससी की तैयारी करना चाहते थे। मगर एक टीचर के समझाने से उन्होंने साइंस ली और नीट की तैयारी करने लगे।

## मणिपुर में बड़ी कार्रवाई 328 बंदूकें, 10 ग्रेनेड व सात डेटोनेटर बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों ने बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाकर भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर मणिपुर पुलिस, केंद्रीय अर्धसैनिक बल, भारतीय सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीमों ने घाटी के पांच जिलों के बाहरी इलाकों में एक साथ छापेमारी की। इस अभियान में कुल 328 हथियार बरामद किए गए, जिनमें 151 एसएलआर, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य प्रकार की राइफलें, 5 कार्बाइन गन, 2 एमपी-5 गन और कई अन्य घातक हथियार शामिल हैं। सुरक्षा बलों को 10 ग्रेनेड, 7 डेटोनेटर, लैथोड बम और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस (एसएलआर, इंसास, एके, .303) के साथ मैगज़ीन भी मिली हैं।

# अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच के लिए समिति गठित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एयर इंडिया के विमान की गुरुवार को हुई दुर्घटना की समग्रता से जांच के लिए केन्द्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक 11 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है जो इस दुर्घटना को लेकर हर तरह के सवाल का जवाब तलाशेगी और अपनी रिपोर्ट देगी।

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडु ने शनिवार को यहां उड़ान भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। श्री नायडु ने दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह यात्रियों के परिजनों के दर्द को समझते हैं क्योंकि उन्होंने स्वयं अपने पिता को एक दुर्घटना में खोया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने के तीन घंटे बाद जब वह अहमदाबाद में घटनास्थल पर पहुंचे तो गुजरात सरकार की एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्य में लगे थे।

**तीन महीने में आएगी रिपोर्ट**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने शनिवार को कहा कि अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान दुर्घटना की जांच के लिए सरकार ने एक उच्चस्तरीय समिति गठित की है। समिति घटना की जांच रिपोर्ट तीन महीने में प्रस्तुत करेगी।

# अमित शाह यूपी पुलिस के चयनित 60,244 आरक्षियों को आज सौपेंगे नियुक्ति पत्र



**डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में होगा समारोह सीएम योगी रहेंगे मौजूद**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को 15 जून को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी मौजूद रहेंगे। इसके लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने शनिवार को डिफेंस एक्सपो ग्राउंड पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने पत्रकारों को बताया कि डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में नवचयनित पुलिस कांस्टेबलों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह की भव्य तैयारियां चल रही हैं। चयनित अभ्यर्थियों में पुरुष और महिला शामिल हैं। हर जिले के कोने-कोने से चयनित अभ्यर्थी लखनऊ पहुंचेंगे। इसके लिए जिलों से परिवहन की समुचित व्यवस्था भी की गई है। उनके रहने, खाने और गर्मी को ध्यान में रखते हुए सारी व्यवस्थाएं की गई हैं। इस आयोजन को सफल बनाने के उद्देश्य से सभी विभागों के अधिकारी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। डीजीपी ने कहा कि इस परीक्षा को पारदर्शिता से कराना पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य था। इस परीक्षा से पहले तमाम परीक्षाएं हुई थीं, जिसमें कई सवाल खड़े हऐ थे। विभागीय अधिकारियों ने इसे चैलेंज के रूप में लिया और परीक्षा को सफल बनाने में अहम भूमिक निभाई है। चयनित अभ्यर्थियोंको कल नियुक्त पत्र दिया जाएगा। इस आयोजन को देखते हुए यातायात निदेशालय ने लखनऊ, कानपुर समेत 10 जिलों में यातायात रूट डायवर्ट कर दिया है। लखनऊ में भारी वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। गृह मंत्री की लखनऊ में मौजूदगी को देखते हुए कार्यक्रम स्थल और आसपास के इलाकों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गये हैं। सभी रूटों पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से कार्यक्रम स्थल पर मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन लगाए जाएंगे।

## एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग अब 19 जून को

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-4 वाणिज्यिक मिशन अब 19 जून को लॉन्च होगा। यह मिशन भारत के लिए गर्व का क्षण होगा, क्योंकि शुभांशु शुक्ला, राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय होंगे, जो इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर कदम रखेंगे। इससे पहले शुभांशु का एक्सिओम-4 मिशन कई बार टल चुका है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने शनिवार को एक्स पोस्ट में बताया कि एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग की तिथि अब 19 जून के लिए पुनर्निर्धारित की गयी है। स्पेस एक्स टीम ने पुष्टि की कि लॉन्चिंग को पहले स्थगित करने वाले सभी मुद्दों का उचित समाधान कर लिया गया है। यह मिशन 19 जून को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन-9 रॉकेट पर उड़ान भरेगा। मिशन भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसमें भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन एवं अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय दल में शामिल हैं। एक्सिओम-4 मिशन को 11 जून की शाम को लॉन्च किया जाना था, लेकिन तकनीकी खराबी के चलते इसे रोकना पड़ा था।

## एलआईसी ने पीड़ितों के दावों के निस्तारण में दी विशेष रियायतें

**कोलकाता, एजेंसी।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुए एयर इंडिया विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस दुखद घटना में विमान में सवार यात्रियों, चालक दल के सदस्यों सहित दुर्घटनास्थल के आसपास मौजूद कई लोगों की मौत हो गई। इस त्रासदी के बीच भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए एक मानवीय पहल की है। निगम ने दुर्घटना में जान गंवाने वाले एलआईसी पॉलिसीधारकों के दावों के निस्तारण में कई विशेष रियायतों की घोषणा की है। एलआईसी ने अपने बयान में हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि मृतकों के परिजनों को दावों की प्रक्रिया में अब सामान्य नियमों की जटिलताओं से नहीं गुजरना होगा। विशेष रूप से इस मामले में मृत्यु प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

**एअर इंडिया विमान हादसा**

**यदि सरकारी रिकॉर्ड में मृत्यु दर्ज है, केंद्र या राज्य सरकार अथवा संबंधित एयरलाइन प्राधिकरण द्वारा मुआवजा दिया गया है, तो उसे मृत्यु के प्रमाण के रूप में एलआईसी करेगा स्वीकार**




# विधायक ने गांव-गांव जाकर सुनीं जनता की समस्याएं



मैगलगंज (खीरी), समृद्धि न्यूज।

मेरा गांव, मेरा देश, आपका विधायक आपके गांव जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत मोहम्मदी विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पंचायती राज समिति के सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया।

विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने सेमराघाट, अब्बासपुर, लालपुर, महुआ ढाब, धर्मखेड़ा, पिपरी अजीज, जलालपुर आदि गांवों में पहुंचकर बूथ अध्यक्षों व भाजपा कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर समाधान भी कराया।

विधायक ने कहा कि सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है। गांवों में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और आम जनता का विश्वास ही भाजपा की असली ताकत है। इस मौके पर उन्होंने लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी और अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

दौरे के दौरान भाजपा बरबर मंडल अध्यक्ष अनुज सिंह, वरिष्ठ नेता रजनीश त्रिवेदी, गन्ना डायरेक्टर अनिल राठौर, शिव गुप्ता, राजेंद्र दीक्षित, अब्दुल कादिर, सुनील शुक्ला, विपिन बिहारी, अरविंद मिश्रा, मनोज गुप्ता, अर्जुन कोटेदार, रामपाल यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

विधायक के दौरे से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए धन्यवाद भी दिया।

## शारदा नदी में डूबे चारों बच्चों के शव बरामद



ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र में स्थित शारदा नदी के डेबर घाट पर शुक्रवार को नहाने गए चार बच्चे गहरे पानी में डूब गए थे। सूचना पर पहुंची ईसानगर पुलिस के स्थानीय गोताखोरों द्वारा तलाश करवाने पर दो के शव बरामद हो गए थे। वहीं दो अन्य बच्चों की तलाश जारी थी। शुक्रवार की देर रात पहुंची फ्लड पी एस सी द्वारा अन्य दोनों बच्चों की खोज करने में शनिवार की सुबह करीब दस बजे सफलता हासिल कर ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना ईसानगर क्षेत्र के हसनपुर कटौली निवासी अविनाश (14) पुत्र विनोद शुक्ला देवांश (15) पुत्र दीपक दीक्षितए उत्कर्ष (14) पुत्र मनोज मिश्राए राहुल (14) पुत्र गौतम शुक्ला शुक्रवार को दोपहर बाद थाना क्षेत्र में स्थित शारदा नदी के डेबर घाट पर स्नान करने गए थे। स्नान करते वक्त चारों बच्चे गहरे पानी में डूब गए थे। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों के साथ मौके पर सीओ धौरहरा एसडीएम धौरहरा सहित ईसानगर पुलिस पहुंच गई थी और स्थानीय गोताखोरों की मदद से दो बच्चों अविनाश और उत्कर्ष का शव बरामद कर लिया था।

वहीं अन्य दोनों बच्चों की तलाश के लिए फ्लड पीएससी बुलाई गई थी। खोज के दौरान फ्लड पीएससी को दोनों की खोज करने में शनिवार को सफलता हासिल हो सकी। पुलिस ने राहुल और देवांश के शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं एक ही गांव के चार बच्चों की मौत के बाद जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वहीं गांव में मातम छाया हुआ है।

# भैरमपुर में 50 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- हत्या की आशंका, पत्नी-बेटी पर गंभीर आरोप





बेलरायां, खीरी, समृद्धि न्यूज।

सिंगाही थाना क्षेत्र के भैरमपुर गांव में 50 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया है। मृतक के पेट और हाथ पर गहरे जख्म पाए गए हैं। जहां पहली नजर में मामला हादसे का प्रतीत हुआ, वहीं गांव में उठ रही चर्चाओं और घटनाक्रम ने इसे हत्या की आशंका में बदल दिया है।

मृतक की पत्नी और बेटी पर गांव वालों ने चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों के अनुसार मृतक चौधरी की पत्नी (45) और बेटी (22) के गांव के ही दो युवकों से प्रेम संबंध थे। इसको लेकर परिवार में अक्सर विवाद होते थे।

ग्रामीणों का आरोप है कि घटना वाले दिन भी इसी बात पर झगड़ा हुआ, जिसके बाद गुस्से में आकर मां-बेटी ने मिलकर चौधरी पर हमला कर दिया और पेट में कैंची घोंप दी। शक तब और मजबूत होने लगा जब परिवार ने बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी थी। लेकिन गांव वालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### थाना अध्यक्ष का बयान

थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मामला संदिग्ध है। परिजनों द्वारा अब तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की असल वजह स्पष्ट होगी। यदि रिपोर्ट में चोटों की प्रकृति हत्या की पुष्टि करती है तो पत्नी और बेटी के खिलाफ मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### परिजनों का बयान

मृतक के बेटे मनजीत और पिता बिंद्रा ने कहा कि उन्हें घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है। मनजीत ने बस इतना बताया कि उसके पिता खेत पर अकेले गए थे, लेकिन वहां क्या हुआ, इसकी उसे खबर नहीं।

## खबरें एक नजर में

### गांव में भीषण आग लगने से तीन घर जलकर राख



**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली निघासन के अंतर्गत झंडी चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत आदलाबाद में शुक्रवार रात भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आकर नंदकिशोर यादव, विजय यादव और रमेश यादव के घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। भीषण आगजनी में घरों में रखा सारा सामान स्वाहा हो गया। गांव में आग की लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। ग्राम प्रधान की सूचना पर फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची, जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक आग भारी नुकसान कर चुकी थी। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की। उन्होंने हरसंभव सरकारी मदद दिलाने का भरोसा दिया। इस संबंध में उप जिलाधिकारी राजीव निगम ने बताया कि घटना में तीन घर जलने की सूचना मिली है। प्रशासन की ओर से जो भी संभव सहायता होगी, वह पीड़ित परिवारों को प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि नुकसान का आंकलन कर मुआवजे की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी।

### विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि, नगर में शोक की लहर




- नगर पालिका सभागार में सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए नगर पालिका सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया। नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने हादसे को न सिर्फ पीड़ित परिवारों के लिए बल्कि पूरे देश और मानवता के लिए एक गहरा आघात बताया। सभा की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने कहा कि यह हादसा अत्यंत हृदयविदारक और पीड़ादायक है। मेरी संवेदनाएं इस दु:ख की घड़ी में सभी शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. योगेश कनौजिया ने भी घटना को दुखद बताया और समाज को इस तरह की आपदाओं में एकजुट होकर पीड़ितों के साथ खड़े रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता सुर्जनलाल वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अरुण अवस्थी, वरिष्ठ व्यापारी संजय अवस्थी, श्रवण माहेश्वरी, संदीप अवस्थी, आर्य समाज के अवधेश मिश्रा, श्याममूर्ति शुक्ला, राजन साहनी, शिवगोपाल गुप्ता, सभासद आनंद सोनी, कफील अहमद, हरिओम वर्मा, राजेश वर्मा, धर्मेंद्र तिवारी, दानिश राइन, रियाजुद्दीन समेत अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दो दिन के लिए बंद किया रेलवे फाटक, राहगीरों को भारी दिक्कत

- रेलवे विभाग ने बिना सूचना दिए बंद किया फाटक



मैगलगंज (खीरी), समृद्धि न्यूज।

मैगलगंज क्षेत्र के रेलवे फाटक संख्या 28ष्ट को रेलवे विभाग द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक दो दिन के लिए बंद कर दिए जाने से स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस फाटक के माध्यम से बरगाँवा, मढ़ियाघाट सहित आसपास के कई गांवों के लोग प्रतिदिन मैगलगंज कस्बे से अपने दैनिक कार्यों के लिए आते-जाते हैं। अचानक फाटक बंद हो जाने से लोगों को न सिर्फ लंबे रास्ते से होकर गुजरना पड़ा, बल्कि समय और धन दोनों की बर्बादी झेलनी पड़ी।

### ग्रामीणों में आक्रोश, बढ़ी परेशानी

चंद्रिका वर्मा निवासी पड़रिया फाटक के पार गॉव ने बताया कि हमें तो फाटक बंद होने की कोई जानकारी नहीं थी। काम से लौटते वक्त अचानक रास्ता बंद मिला। मजबूरी में करीब 8 किलोमीटर का चक्कर लगाकर मैगलगंज पहुँचना पड़ा। इसी प्रकार नई बस्ती खाखरा पूर्व प्रधान संतोष चन्द्र शुक्ला ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि फाटक के बंद होने की जानकारी पहले दे दी जाती तो हम वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था कर सकते थे। लेकिन अचानक रास्ता बंद मिलने से बच्चों और बुजुर्गों को खास परेशानी उठानी पड़ी।

### प्रशासन व रेलवे विभाग पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे विभाग और प्रशासन की यह लापरवाही आम जनता के लिए असुविधा का कारण बन रही है। मरम्मत कार्य आवश्यक है, लेकिन उससे पहले लोगों को सूचित करना विभाग की जिम्मेदारी होती है।

रेलवे विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि फाटक को मरम्मत कार्य के लिए बंद किया गया है, लेकिन सवाल यह उठता है कि स्थानीय निवासियों और राहगीरों को इसकी पूर्व जानकारी क्यों नहीं दी गई? न तो कोई सूचना प्रसारित की गई और न ही मौके पर कोई नोटिस बोर्ड या चेतावनी चिह्न लगाया गया।

# तहसीलदार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस सम्पन्न

- जमीनी मामलों से जुड़ी 19 शिकायतें दर्ज



धौरहरा (खीरी), समृद्धि न्यूज।

शासन के निर्देश पर आम जनमानस की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आयोजित थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को कोतवाली परिसर धौरहरा में तहसीलदार आदित्य विशाल सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

समाधान दिवस के दौरान कुल 19 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें सरकारी पैमाइश के बाद मेढ़ तोड़ने, पेड़ काटने, भूमि विवाद, मारपीट, व सरकारी ज़मीन पर कब्जे से संबंधित प्रकरण शामिल रहे। तहसीलदार ने कई मामलों में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए तथा लेखपाल और पुलिस टीम को मौके पर भेजने का आदेश भी जारी किया। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा, राजस्व निरीक्षक लेखपाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी और फरियादी उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन आज

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

जनपद में हृदय रोग से पीड़ित मरीजों के लिए एक राहत भरी खबर है। लखीमपुर में आज रविवार, 15 जून 2025 को नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर चरक हॉस्पिटल, लखनऊ एवं श्री गुरु तेग बहादुर साहब ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है।

शिविर का आयोजन पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री गुरु तेग बहादुर साहब ट्रस्ट गुरुद्वारा परिसर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। शिविर में जाने-माने कार्डियो सर्जन व चरक हॉस्पिटल लखनऊ के चेयरमैन डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव मरीजों की जांच करेंगे। वरिष्ठ सहयोगी अभिषेक कुमार ने बताया कि इस शिविर में हृदय रोग से संबंधित समस्याओं की जांच के साथ-साथ मरीजों को आवश्यक दवाएं व आगे की चिकित्सा परामर्श भी नि:शुल्क दिया जाएगा। शिविर में सीमित संख्या में पंजीकरण किया जाएगा। इच्छुक मरीज मोबाइल नंबर 7704009631 या 8115761947 पर कॉल कर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के छात्रों को मिला ऑफर लेटर

- नेकी की दीवार संस्था में इंटर्नशिप कर रहे छात्रों के खिले चेहरे
- समाज सेवा की भावना के साथ जुड़े युवा, जरूरतमंदों की मदद को बढ़ाया कदम



**गोला गोकर्णनाथए; लखीमपुर, समृद्धि न्यूज।** समाज सेवा को समर्पित ष्नेकी की दीवारष् सामाजिक संस्था में इंटर्नशिप कर रहे इन्वर्टिस विश्वविद्यालयए बरेली के बीण्कॉम ;ऑनर्सद्ध के विद्यार्थियों को पूरनपुर के तहसीलदार ऋषि दीक्षित द्वारा ऑफर लेटर प्रदान कर विधिवत रूप से जॉइनिंग कराई गई। इस अवसर पर आयोजित एक सादे समारोह में छात्रों को सामाजिक कार्यों की अहमियत से अवगत कराया गया।

संस्था में इंटर्नशिप प्रारंभ करने वाले विद्यार्थियों में तौहीद खानए सीरतपाल कौरए सुप्रीत कौरए करनप्रीत सिंहए करनजोत सिंहए देव शर्मा व वंश कुमार शामिल हैं। ये सभी छात्र.छात्राएं नेकी की दीवार संस्था के साथ मिलकर गरीबए असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता में जुटे हुए हैं। संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष गुरमेल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इन युवाओं का उद्देश्य समाज में सेवा की भावना का संचार करना तथा अन्य युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने हेतु प्रेरित करना है। संस्था द्वारा किए जा रहे प्रमुख कार्यों में वस्त्र वितरणए शिक्षा के प्रति जागरूकता अभियानए स्वच्छता अभियान और जरूरतमंदों के लिए सहायता शिविरों का आयोजन शामिल है। गुरमेल सिंह ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से संस्था को नई ऊर्जा मिली है और समाज में एक सकारात्मक संदेश फैल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि छात्र न केवल सैद्धांतिक रूप सेए बल्कि जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए सामाजिक बदलाव की दिशा में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक रिजवान अंसारी ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे युवा ही देश के भविष्य हैंए जो अपने ज्ञान और ऊर्जा का उपयोग समाज हित में कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह इंटर्नशिप न केवल उनके कैरियर के लिए लाभदायक होगीए बल्कि समाज के प्रति उनके दायित्व को भी मजबूती प्रदान करेगी। तहसीलदार ऋषि दीक्षित ने भी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवा का यह मार्ग कठिन जरूर होता हैए लेकिन इससे मिलने वाली आत्मिक संतुष्टि अमूल्य होती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ.साथ समाज के लिए भी समय निकालें और जरूरतमंदों की मदद कर राष्ट्र निर्माण में

अंडर-20 चैंपियंस लीग का आगाज

# पहले दिन खेले गए तीन मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन

- तनु सिंह का शतक, श्रेष्ठ प्रताप की घातक गेंदबाज़ी, डोमिनेटर्स की दोहरी जीत

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

शहर के रॉयल प्रूडेंस डिग्री कॉलेज में आयोजित अंडर-20 चैंपियंस लीग की शुरुआत ज़ोरदार अंदाज़ में हुई। पहले दिन खेले गए तीन मुकाबलों में युवा खिलाड़ियों के जोश और कौशल का भरपूर प्रदर्शन देखने को मिला। खासकर डिस्ट्रिक्ट डोमिनेटर्स की टीम ने दो मैच जीतकर टूर्नामेंट की धमाकेदार शुरुआत की।

पहले मुकाबले में डिस्ट्रिक्ट डोमिनेटर्स और लाइटनिंग थंडर आमने-सामने थे। डोमिनेटर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 267 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के सलामी बल्लेबाज तनु सिंह ने 131 रनों की तूफानी शतकीय पारी खेली, जबकि शशि प्रकाश ने 72 रन बनाकर उनका शानदार साथ दिया। लाइटनिंग थंडर की ओर से कृष्ण मोहन ने 2 और अंशुमान ने 1 विकेट लिया। जवाब में लाइटनिंग थंडर की टीम संघर्ष करती नजर आई और 152 रन पर सिमट गई। थंडर की ओर से कृष्ण मोहन ने 35 और प्रांजल ने 29 रन बनाए। डोमिनेटर्स के गेंदबाज श्रेष्ठ प्रताप ने



कहर बरपाते हुए 5 विकेट झटके और टीम को 115 रन से शानदार जीत दिलाई। तनु सिंह को उनकी बेहतरीन बल्लेबाज़ी के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।

दूसरे मुकाबले में एम.एस. सेवन का सामना स्टार इलेवन लखीमपुर से हुआ। इस मैच में एम.एस. सेवन ने एकतरफा अंदाज़ में मुकाबला 7 विकेट से अपने नाम किया। टीम की ओर से आदिल ने 46 रन और आकाश ने 24 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। गेंदबाज़ी में अरमान और सचिन ने 4-4 विकेट जबकि अंश ने 3 विकेट लेकर स्टार इलेवन को कम स्कोर पर रोक दिया।

तीसरा मुकाबला एक बार फिर डिस्ट्रिक्ट डोमिनेटर्स ने खेला, इस बार उनका सामना यूथ क्रिकेट अकैडमी से हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए डोमिनेटर्स ने मजबूत स्कोर खड़ा किया, जिसमें शशि प्रकाश ने 77 और कार्तिकेय ने 72 रन की शानदार पारियां खेलीं। गेंदबाजी में भी टीम ने बढ़िया तालमेल दिखाया, सोनू, आलोक, शैलेंद्र, तनु और शौर्य सभी ने 2-2 विकेट लेकर विपक्षी टीम को दबाव में ला दिया और मुकाबला 88 रन से जीत लिया।

पहले दिन के मैचों में युवाओं का जोश और खेल के प्रति समर्पण दर्शकों के बीच चर्चा का विषय रहा। आयोजन समिति के अनुसार आने वाले दिनों में और भी रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे, जिनसे क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच मिलेगा और क्रिकेट का स्तर नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

## वैश्यावृति के संदेह पर पूछताछ करना पड़ा महंगा

### घर में घुसकर मारपीट, युवक गंभीर रूप से घायल

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना गोला क्षेत्र के मुन्नूगंज मोहल्ले में वैश्यावृति के संदेह पर पूछताछ करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि इलाके के कुछ दबंगों ने पहले युवक को गाली-गलौज कर धमकाया, फिर पीड़ित के घर में घुसकर लाठी-डंडों व लोहे की पाइप से जमकर मारपीट की। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी मदनलाल ने न्यायालय में दी गई अर्जी में बताया कि 8 अक्टूबर 2024 की शाम करीब 6 बजे उनका परिचित रोहित उसके दरवाजे पर आया था। उसी दौरान हिमांचल वर्मा के घर से एक संदिग्ध महिला को निकलते देख उसने हिमांचल से पूछताछ की, जिससे वह बिफर गया। हिमांचल ने अन्य साथियों को बुला लिया और देखते ही देखते प्रमोद वर्मा, गीता देवी, विकास वर्मा, आकाश वर्मा, दो अज्ञात व्यक्तियों सहित छह लोगों ने एकराय होकर लाठी-डंडों से मदनलाल के घर में घुसकर हमला कर दिया। हमले में मदनलाल का बेटा अवनीश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लोहे की पाइप से सिर में मारा गया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया। मारपीट में रोहित और मदनलाल को भी चोटें आईं। पीड़ित ने घटना की सूचना उसी दिन पुलिस को दी थी, लेकिन थाना स्तर पर केवल शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई की गई और मामला दर्ज नहीं किया गया। कई बार पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी से गुहार लगाने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। अंततः पीड़ित ने 21 अप्रैल को न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच की जांच शुरू कर दी है।




### रक्तदान है महादान, रक्तदान से बच सकती है जरूरतमंद की जिंदगी : जिलाधिकारी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला संयुक्त चिकित्सालय में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ डीएम पवन अग्रवाल एवं एसपी विकास कुमार द्वारा किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदान हेतु युवाओं, छात्राओं एवं जनमानस ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर डीएम एवं एसपी द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान हैं, रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जिंदगी बच सकती है , सभी रक्तदान जैसे महान कार्य में आगे आएं। इस अवसर पर डीएम ने ब्लड बैंक का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी, सीएमएस जिला संयुक्त चिकित्सालय व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# सड़क पर बहता नाली का पानी बना वार्डवासियों के लिए मुसीबत

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

स्वच्छ भारत मिशन पर लाखो रूपये खर्च होने के बाद भी नगर पालिका परिषद उतरौला क्षेत्र की बदहाल सफाई व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। गंदगी से वार्डों की स्थिति ही दयनीय है, घरों से निकलने वाला पानी नाली चोक होने के कारण सड़क पर बह रहा है।मोहल्ला रफी नगर हर्षा हॉस्पिटल के पास करीब तीन माह पूर्व नाली का निर्माण कराया गया लेकिन घरो से निकल कर नाली में बहने वाले पानी की कोई भी व्यवस्था न होने से नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है नाली में जमा पानी से उठने वाली दुर्गंध से वार्डवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जिससे संक्रामक बीमारी फैलने की संभावना



से इंकार नही किया जा सकता है। वार्ड निवासी मलिक रसीद, नूह मलिक, राजू कुरैशी, सलमान, शाहिद, प्रभाकर वर्मा ने बताया कि नाली की सफाई व जलनिकासी के लिए कई बार नगर पालिका से मांग की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ईओ राजमणि वर्मा ने बताया कि सफाई कर्मी की टीम लगाकर नाली की सफाई व जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## बिजली संकट से नाराज वकीलों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** अघोषित बिजली कटौती ने आमजनमानस को उद्वेलित कर दिया है। नगर में जहां दस से बारह घंटे की कटौती ट्रिपिंग के बीच की जा रही है वहीं ग्रामीण इलाकों में अठारह से बीस घंटे बिजली गुल रहती है। भीषण गर्मी में बिजली की कटौती जहां दैनिक दिनचर्या पर बुरा प्रभाव डाल रही है वहीं अवर्षा के चलते धान के नर्सरी की सिचाई बाधित हो रही है। बिजली के संकट पर शासन प्रशासन व जनप्रतिनिधियों का ध्यान नही जा रहा है।बिजली के संकट से क्षुब्ध बार एशोसिएशन अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि सोमवार तक बिजली की आपूर्ति तय शुदा रोस्टर के अनुरूप नहीं की गई तो अधिवक्ता संघ जनता के हित की लड़ाई के लिए सड़क पर उतरने को बाध्य होगा। अध्यक्ष ने बताया कि पिछले एक पखवाड़े से नगर व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बुरी तरह बेपटरी हो चुकी है। दिन में चार घंटे भी आपूर्ति नहीं हो पा रही है रात्रि में बिजली आने जाने का कोई पता नहीं रहता अगर स्थित में सुधार नही हुआ तो सोमवार को अधिवक्ता संघ व्यापक जन आंदोलन करने को विवश होगा।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस सम्पन्न

- थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की सुनी शिकायतें, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का दिया निर्देश



बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

माह के द्वितीय शनिवार पर जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में थाना गैंडास बुजुर्ग में थाना समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया। उन्होंने भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा न हो यह राजस्व कर्मी सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने पैमाईश के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# जल संकट से निपटने को चलेगा भूगर्भ जल संरक्षण कैंपेन

**पूरे प्रदेश में निकाली जाएंगी 300 भूजल रैलियां**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जल संकट की चुनौती से निपटने के लिए योगी सरकार एक व्यापक जन अभियान की शुरुआत करने जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भूगर्भ जल संरक्षण कैंपेन के तहत पहली बार पूरे प्रदेश में बच्चों, शिक्षकों, आम नागरिकों, एनजीओ और विभिन्न स्टेकहोल्डर्स की सहभागिता के साथ राज्यव्यापी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सरकार ने इस अभियान के लिए चार महीने का विस्तृत लक्ष्य तय किया है। इस पहल का उद्देश्य प्रदेश में जल संसाधनों के प्रति दीर्घकालिक चेतना विकसित कर भूजल स्तर में सुधार लाना है।

जल संचय को समाज में प्रोत्साहित कर भविष्य की जल आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक ठोस कदम माना जा रहा है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पहली बार उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में 300 भूजल रैलियों का आयोजन किया जाएगा। जिनमें स्कूली बच्चों और शिक्षकों की विशेष भागीदारी होगी। इसके अतिरिक्त, प्रदेशवासियों को जागरूक करने के लिए 19 बड़े जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### विशेषज्ञ बताएंगे जल प्रबंधन के तरीके

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल संरक्षण को लेकर लघु गोष्ठियों का आयोजन भी किया जाएगा, जिनमें विशेषज्ञों के बताए जल प्रबंधन और संरक्षण के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में आमजन को जल उपयोग के लिहाज से अनुशासन और सतत समाधान के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान को समाज के सभी वर्गों की भागीदारी से जोड़ने का प्रयास किया गया है। एनजीओ, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों, पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को अभियान में सक्रिय रूप से शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे जन-जागरूकता और सामूहिक प्रयासों को बल मिलेगा। यह भूगर्भ जल संरक्षण अभियान उत्तर प्रदेश में जल प्रबंधन की दिशा में सबसे व्यापक और सामूहिक प्रयास है। इस जन आंदोलन से प्रदेश में भूजल स्तर को स्थायी रूप से सुधारने में सफलता मिलेगी।

## दो निदेशक का इस्तीफा दो ने नहीं लिया चार्ज

**लखनऊ ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के दो निदेशकों ने इस्तीफा दे दिया है। इसके अलावा बीते दिनों चयनित हुए निदेशकों में से दो ने अपनी तैनाती ही नहीं ली। यही नहीं, बीते छह महीने में एक दर्जन से ज्यादा मुख्य अभियंताओं ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) भी ले ली है। इन सबसे पावर कॉरपोरेशन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि ऐसा पावर कॉरपोरेशन में क्या हो रहा है कि लोग नौकरी छोड़कर जा रहे हैं जबकि एक निदेशक का कार्यकाल लगातार बढ़ाया जा रहा है मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक (कार्मिक) विकास चंद्र अग्रवाल व निदेशक (वित्त) मनोज बंसल ने इस्तीफा दे दिया है।

# डिपो से बाहर नहीं निकलती तीन हजार बसें, एमडी ने अफसरों को लगाई फटकार

**मरम्मत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, यात्रियों की सुविधा प्राथमिकता**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राज्य परिवहन निगम की करीब 3,000 रोडवेज बसें डिपो की शोभा बढ़ा रहीं हैं सड़क पर नहीं चलती। इन बसों की हालत खराब है। चलाने के लिए स्टाफ की भी कमी है। यात्रियों को निजी या डग्गामार वाहनों से सफर करना पड़ रहा है।

रोडवेज के बेड़े की सिर्फ संख्या बढ़ा रही इन बसों से न यात्रियों को यात्रा की सुविधा न परिवहन निगम को आय। अकेले लखनऊ में करीब दो सौ बसें चलती नही। परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने इसको लेकर अफसरों को फटकारा है। बोले, मरम्मत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं। यात्रियों की सुविधा प्राथमिकता है। परिवहन निगम के पास 13,599 बसें हैं। इनमें से रोजाना लगभग 11,000 ही चल पा रही हैं। बाकी बसें खराबी या स्टाफकी कमी के कारण डिपो से बाहर नहीं निकल रहीं। गाजियाबाद में सबसे ज्यादा हालत खराब है, उसके बाद लखनऊ कानपुर, देवीपाटन, मेरठ, चित्रकूट भी में हालात ठीक नहीं हैं। बताया गया है कि लखनऊ परिक्षेत्र में 999 में 190, गोरखपुर 945 में 148, प्रयागराज 663 में 182 अयोध्या 435 में 104 नोएडा 262 में 3 हरदोई 863 में 88 गाजियाबाद 1040 में 182 बरेली 721 में 128 अलीगढ़ 738 में 140 मुरादाबाद 982 में197 इटावा 572 में 115 झांसी 227 में 48 वाराणसी 588 में 129 सहारनपुर 744 में 169 आजमगढ़ 552 में 128 आगरा 703 में 172 मेरठ 955 में 235 कानपुर 730 में 210 चित्रकूट 462 में 111 देवीपाटन 418 में 132 साधारण बसें सिर्फ डिपो के अंदर हैं लेकिन सड़क पर निकलती नहीं।

## खबरें एक नजर में

### हथियार से लैस दबंगों ने युवक को पीटा, घटना सीसीटीवी में कैद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के सहादतगंज इलाके में शुक्रवार देर रात हथियार से लैस 15 से ज्यादा हमलावरों ने एक युवक पर हमला कर दिया। युवक के गंभीर के चोट आई है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महबूबगंज मोहम्मदिया मस्जिद निवासी शाहिद पुत्र सलीम ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की बीच रात करीब 1.30 बजे इलाके में रहने वाले राजा, फरदीन, दाऊद, गुड्डू, शाहमान व अन्य 15-20 लड़कों ने उन पर हमला कर दिया। सभी आरोपी तलवार व लाठी डंडे से लैस थे। बीच बचाव करने आए भाई रहीम और नईम को भी गंभीर चोट आई। आरोपियों ने घर में मौजूद महिलाओंस से भी मारपीट की। पूरी घटना के घर के पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसमें कई लड़के झुंड में आते हुए दिखते हैं। इसके बाद एक लड़के पर हमला कर देते हैं। लाठी डंडे से बुरी तरह पीटत हैं। तभी परिवार के अन्य लोग आ जाते हैं, तो लड़के उनके साथ भी मारपीट करते हैं। भीड़ जुटता देख आरोपी भाग निकलते हैं। पीड़िता ने सहादतगंज थाने में तहरीर दी है।

### पड़ोसी दंपति से परिवार को जान का खतरा, महिला ने की मारपीट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के बिजनौर स्थित डिफेंस कॉलोनी में एक परिवार पड़ोसी दंपति की धमकियों से परेशान है। शिव शंकर पाठक ने बिजनौर थाने में अपने पड़ोसी अरविंद यादव और उनकी पत्नी नीलम यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। घटना 12 जून की शाम 6.15 बजे की है। शिव शंकर जब अपनी कार का पंचर ठीक कर रहे थे, तब नीलम यादव ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि पिछले 6 महीनों से नीलम यादव उनके घर पर पत्थर फेंक रही हैं। वह उनकी पत्नी और बेटी को आग लगाकर मारने की धमकी दे रही हैं। इससे पहले 12 मार्च 2024 को अरविंद यादव के खिलाफ छेड़खानी और धमकी की एफआईआर दर्ज कराई गई थी। पीड़ित परिवार ने पुलिस उपायुक्त दक्षिणी को भी शिकायत की थी। कुछ समय शांति रही, लेकिन फिर से परेशानी शुरू हो गई। पीड़ित का आरोप है कि इस पूरे मामले के पीछे अरविंद यादव का हाथ है। परिवार इतना भयभीत है कि घर में रहना मुश्किल हो गया है। पीड़ित की पत्नी आत्महत्या की बात कर रही हैं। पीड़ित ने पुलिस कंट्रोल 112 पर भी सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मंसूरी समाज के मेधावियों व शख्सियतों का सम्मान 29 को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जमीअतुल मंसूर उत्तर प्रदेश इकाई की ओर से मंसूरी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं और समाज की प्रमुख हस्तियों के सम्मान हेतु समारोह का आयोजन 29 जून 2025 को किया जाएगा। यह आयोजन लखनऊ के गौतमबुद्ध मार्ग स्थित होटल मेजबान में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। इस बाबत जानकारी देते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री जावेद इकबाल मंसूरी तथा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष हाजी रबीउल्लाह मंसूरी ने बताया कि कार्यक्रम में मंसूरी समाज के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने हालिया परीक्षाओं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इसके अतिरिक्त, समाज से जुड़े आईएएस, पीसीएस अधिकारियों एवं अन्य राज्यों के सामाजिक कार्यों में अग्रणी लोगों को भी मंच पर सम्मानित किया जाएगा। मंसूरी नेताओं ने बताया कि इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, राजस्थान और उत्तराखंड समेत विभिन्न राज्यों के छात्र-छात्राएं भी भाग लेंगे।

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का बड़ा ऐलान, 24 को भूख हड़ताल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कर्मचारियों की मांगों पर कोई सुनवाई जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नहीं की जा रही है। जिसका खामियाजा लगातार कर्मचारी और उसका परिवार उठा रहा है। ऐसे में हमारे पास केवल आंदोलन ही एक रास्ता बचता है, जिससे कर्मचारियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाया जा सके और सरकार उन समस्याओं का निदान कर सके। यही वजह है कि कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने आंदोलन की घोषणा की है। 24 जून का दिन आंदोलन के लिए निश्चित हुआ है। यह कहना है राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की तरफसे दिया गया है।राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष सुरेश रावत ने बताया कि 22 मई 2025 को कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक हुई थी, जिसमें प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों पर 24 जून 2025 को सुबह 11 बजे से पदाधिकारी व कर्मचारी द्वारा भूख हड़ताल कर सत्याग्रह किया जाएगा। इसके जरिए सरकार और शासन का ध्यानाकर्षण किया जाएगा, जिससे कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगें पूरी हो सकें।

### नीट-2025 में सी.एम.एस. का शानदार प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट-2025) में एक बार फिर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर राष्ट्रीय पटल पर लखनऊ का नाम रोशन किया है। इस वर्ष सी.एम.एस. के सर्वाधिक 7 छात्रों ने नीट-2025 में 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है जबकि 86 छात्रों ने कट-ऑफ परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर देश के प्रख्यात मेडिकल कॉलेजों में अपने स्थान सुनिश्चित किया है। नीट परीक्षा में चयन के उपरान्त सी.एम.एस. के ये छात्र देश के प्रख्यात मेडिकल कालेजों में एम.बी.बी.एस. कोर्स में एडमीशिन लेकर डाक्टर की डिग्री प्राप्त करेंगे। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सभी चयनित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। डा. गाँधी ने विश्वास व्यक्त किया कि ये प्रतिभाशाली छात्र आगे चलकर विश्व मानवता की सेवा में अग्रणी भूमिका निभायेंगे। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने भी सी.एम.एस. के मेधावी छात्रों का बधाई देते हुए इस अभूतपूर्व सफलता हेतु सी.एम.एस. प्रधानाचार्याओं व शिक्षकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने शहर की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

# मंत्री को मिली खामियां, कटा अधिकारियों व कर्मियों का वेतन

**मंत्री के साथ मेयर खर्कवाल व उत्तरी विधायक नीरज बोरा भी रहे मौजूद**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्हें कई कूड़े के ढेर पड़े मिले। इससे उनका माथा ठनक गया। उन्होंने स्थानीय लोगों से पूछ लिया- झाड़ू लगती है? इस पर लोगों ने जवाब दिया- कभी नहीं लगती सर। इसके बाद मंत्री ने 4 बड़े अधिकारियों सहित कई कर्मचारियों पर कार्रवाई कर दी। मंत्री ने जोन-1 और जोन-3 के जोनल अधिकारी और दोनों के सफाई निरीक्षक का दो-दो दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। इसके अलावा, नीचे स्तर के भी कई अधिकारियों-कर्मचारियों का वेतन काटने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री के साथ मेयर सुषमा खर्कवाल और उत्तरी विधायक नीरज बोरा भी मौजूद रहे। ये तीनों जनप्रतिनिधि नगर निगम के पांच वार्डों में पहुंचे। जहां-जहां जाते, वहीं गंदगी मिल रही थी। मंत्री ने पिछले महीने सरोजिनी नगर एरिया में निरीक्षण किया था। उनके निरीक्षण के एक दिन पहले ही रातों-रात सभी निरीक्षण वाले वार्डों की सफाई करा दी गई थी। मंत्री ने निरीक्षण में सब चकाचक पाया और व्यवस्था को ग्रीन टिक दे दिया।

लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने निरीक्षण को लेकर कहा कि लखनऊ में स्वच्छता को लेकर आज निरीक्षण किया गया है।क्षेत्र में सफाई व्यवस्था चिंता जनक है। कई वार्डों की जमीनी हकीकत को देखा गया है, जो पूरी तरह से अपेक्षाओं के विपरीत है। लखनऊ की मेयर और संबंधित अधिकारियों को इस खामी की वजह से उनके एक-एक दिन के वेतन काटने का आदेश दिया गया है। साथ ही फैजुल्लागंज में 2 दिन का वेतन काटने का आदेश दिया गया है।

### लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

प्रभारी मंत्री ने जोन-1 के रानी लक्ष्मीबाई वार्ड (अमीनाबाद घंटाघर के पास), जोन -3 के डालीगंज निराला नगर वार्ड, अयोध्या दास सेकेंड वार्ड, फैजुल्लागंज सेकेंड वार्ड और विवेकानंद पुरी वार्ड का दौरा किया। इस दौरान साफ-सफाई, नालों की सफाई और पार्कों की स्थिति भी देखी गई। निरीक्षण के दौरान मंत्री को कई मोहल्लों में गंदगी और चोक नालियां मिलीं, जिन पर उन्होंने नाराजगी जताई। मंत्री सुरेश खन्ना ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर फटकार लगाई और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। मौके पर मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा कई जगहों पर खुले नाले में बिना सुरक्षा उपकरण के लोग नाले की सफाई करने उतरे थे। उन्हें फटकार लगाई गई है। वहीं, मंत्री ने लोगों से पूछा कि झाड़ू लगती है तो लोग बोले- कभी नहीं लगी। जोन 1 और जोन 3 के जोनल अधिकारी एवं सफाई निरीक्षक का दो-दो दिन का वेतन काटने के निर्देश मंत्री ने दिया। क्षेत्र में गंदगी का अंबार देखने को मिला था।

## जेल के बाहर से अपाचे बाइक चोरी, पुलिस ने दो चोरों को पकड़ा

**लखनऊ।** लखनऊ जिला कारागार गोसाईगंज के बाहर से चोरी हुई अपाचे मोटरसाइकिल को पुलिस ने महज 6 घंटे में बरामद कर लिया। पुलिस ने दो चोरों को भी गिरफ्तार किया है। घटना 13 जून की है। नीरज रावत सुबह 11 बजे जिला कारागार में किसी बंदी से मिलने गए थे। उन्होंने अपनी अपाचे बाइक जेल के गेट के बाहर खड़ी की थी। जब वे बाहर निकले तो बाइक गायब थी। खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिली। नीरज ने रात करीब 10 बजे थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति ग्राम सेमरापीतपुर के पास सड़क पर एक मोटरसाइकिल को धक्का दे रहे हैं।

# नीट परीक्षा में आकाश के छह छात्रों ने टॉप रैंक में बनाई जगह

**लखनऊ के मुक्तेश (एआईआर 36) व अनंत (एआईआर 44) चमके**

समृद्धि न्यूज



सफल छात्रों में शामिल हैं - मुक्तेश तन्मय - ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 36, अनंत चौरसिया - एआईआर 44. अद्विता - एआईआर 325. यश्मित गर्ग- एआईआर 805, सनिष्का श्रीवर्त- एआईआर 815, शीखर मिश्रा- एआईआर 882। ये सभी छात्र एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम से जुड़े थे, जो विशेष रूप से नीट जैसी कठिन मेडिकल प्रवेश परीक्षा को सफलतापूर्वक पास करने के लिए डिजाइन किया गया है।

**लखनऊ।** टेस्ट प्रिपरेशन सेवाओं में देश के अग्रणी संस्थान आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड से नीट यूजी 2025 जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में लखनऊ शाखा के छह छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया टॉप रैंक हासिल की है। यह सफलता छात्रों की मेहनत व एईएसएल द्वारा प्रदान की गई विश्वस्तरीय कोचिंग एवं मेंटरशिप का प्रमाण है। लखनऊ शाखा के प्रमुख

## सामाजिक न्याय संगठन सृजन का प्रमुख आधार बिंदु : अविनाश पांडे

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के प्रांगण में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग विभाग उप्र कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज यादव के संयोजन में आज भागीदारी न्याय महासम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन डॉ.अनिल जयहिन्द एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा एवं राष्ट्र्य सचिव, सह प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रदीप नरवाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पीजीआई में 1479 पदों पर भर्ती, नोटिफिकेशन जारी

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के बड़ी खुशखबरी सामने आई है। दरअसल, संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान ने कई पदों पर भर्ती करने के लिए आवेदन मांगे हैं। कुल 1479 पदों पर भर्ती करेगा, जिसमें 1200 नर्सिंग आफिसर शामिल हैं। आवेदन प्रक्रिया अगले सप्ताह शुरू होगी। सभी पदों के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट होगा। भर्ती प्रक्रिया जुलाई तक पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है।

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमान ने बताया ने भर्ती के लिए ऑफिसियल वेबसाइट पर इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। संस्थान ने सभी पदों के लिए पाठ्यक्रम भी वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। परीक्षा लखनऊ के अलावा कई शहरों में आयोजित की जाएंगी। आरके धीमान ने बताया एसजीपीजीआईएमएस में कई नए विभाग शुरू हुए हैं। जिसको देखते हुए गैर-शैक्षणिक पदों पर भर्ती बेहद जरूरी है। इसमें नर्सिंग आफिसर के लिए 1200 पद निकाले गए हैं, जो ज्यादार नए विभागों में तैनाती होंगे। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी होने से संस्थान में मरीजों की देखभाल व उनके इलाज की गुणवत्ता और बेहतर होगी। संस्थान में ओटी असिस्टेंट के 81 पद खाली हैं। हॉस्पिटल अटेंडेंट के 43 पदों पर आवेदन मांगे गए हैं। जूनियर अकाउंट आफिसर के छह पद रिक्त है। टेक्निकल ऑफिसर सीडब्ल्यूएस बायोमेडिकल के एक, पद न्यूक्लियर मेडिसिन टेक्नोलॉजिस्ट के सात पद रिक्त है। स्टोर कीपर के 22 पद खाली है। मेडिकल सोशल सर्विस ऑफिसर ग्रेड-2 के दो पर खाली है। सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट के 32 पर रिक्त है। स्टेनोग्राफर के 64 पर रिक्त है। सीएसएसडी असिस्टेंट के 20 और ड्राफ्टमैन के एक पद भर्ती होनी है। सामान्य और ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क जीएसटी समेत 1180 रुपये और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 708 रुपये निर्धारित किया गया है।

# एलडीए के 10 से ज्यादा इंजीनियर्स का तबादला

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण में एक बार फिर तबादले हुए। कई वर्षों से जमे 10 से ज्यादा दागी इंजीनियरों को इधर से उधर भेजा गया है। शासन ने आदेश जारी कर सभी को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती लेने का आदेश दिया है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण में तैनात अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी को बरेली विकास प्राधिकरण भेजा गया है, जबकि राकेश कुमार को गोरखपुर विकास प्राधिकरण में नई जिम्मेदारी मिली है। वहीं, रवि प्रकाश को आगरा और सतेन्द्र कुमार को आगरा से लखनऊ लाया गया है। रितुपाल को गाजियाबाद और शिव कुंवर को रायबरेली स्थानांतरित किया गया है। मो इम्तेयाज अहमद खान को भी गाजियाबाद भेजा गया है जबकि सरोज कुमार को आगरा विकास प्राधिकरण में नई तैनाती दी गई है। नव-प्रोन्नत सहायक अभियंता पवन कुमार शर्मा को मेरठ से लखनऊ लाया गया है, वहीं प्रयागराज से संजय वशिष्ठ को लखनऊ विकास प्राधिकरण में पोस्टिंग दी गई है। उन्नाव-शुक्लागंज से राजेश कुमार यादव को सहायक अभियंता के रूप में एलडीए भेजा गया है। इसी तरह, गाजियाबाद से निशान्त कुमार और हापुड़ से महेश चंद उप्रेती को भी राजधानी में तैनात किया गया है। अधिशासी अभियंता मनोज कुमार सागर को लखनऊ से गोरखपुर और संजीव कुमार को मेरठ भेजा गया है। इसके साथ ही सहायक अभियंता अतुल शर्मा को बागपत-बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनंत नगर योजना का काम देख रहे अधिशासी अभियंता संजीव कुमार को मेरठ भेजा गया है। प्राधिकरण में इनके ऊपर कई अहम जिम्मेदारी थी। ऐसे में इनके जाने से योजनाओं को पूरा करने की गति धीमी पड़ सकती है। वहीं मनोज कुमार सागर को लखनऊ से गोरखपुर भेजा गया है। इसके साथ ही सहायक अभियंता अतुल शर्मा को बागपत-बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## 22 को होगा भाई-चारा सम्मेलन, विभिन्न धर्म के लोग होंगे शामिल

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को कौमी भाईचारा सम्मेलन के संबंध में प्रेस वार्ता की गई। प्रेस क्लब के आयोजित वार्ता मेंशिया धर्म गुरु मौलाना कल्बे जव्वाद आल इंडिया मोहम्मदी मिशन के सचिव बाबर अशरफऔर भीम आर्मी अध्यक्ष कुलदीप भार्गव ने हिस्सा लिया। इस दौरान 22 जून को बड़ा इमामबाड़ा में होने वाले भाईचारा सम्मेलन के बारे में जानकारी दी गई। समाज में एकता कि जरूरत मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि मौजूदा समय में भाई-चारा समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। समाज में एकता स्थापित करने के लिए जरूरी है कि सभी लोग मिलजुल कर रहे। बड़े इमामबाड़े में होने वाले इस कार्यक्रम में विशेष रूप से विभिन्न धर्म गुरु और सामाजिक कार्यकर्ता अपनी राय व्यक्त करेंगे।

# अयोध्या की सुरक्षा और होगी पुख्ता, लगेंगे 1000 कैमरे

**चिह्नित स्थानों पर लगाए जाएंगे कैमरे, प्रोजेक्ट पर खर्च किए जाएंगे 56 करोड़ रुपए**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में रामनगरी अयोध्या को स्मार्ट और सुरक्षित शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अयोध्या नगर निगम ने योगी सरकार की स्मार्ट सिटी पहल के तहत एक महत्वाकांक्षी मास्टर प्लान तैयार किया है, जिसके अंतर्गत इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगा।

इस परियोजना के लिए 56 करोड़ रुपये की लागत से अयोध्या और फैजाबाद में 1000 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। योगी सरकार के नियोजन विभाग ने इस योजना को मंजूरी दे दी है और जल्द ही इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू होगी। पुलिस विभाग के सहयोग से शहर के संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर ये कैमरे स्थापित किए जाएंगे, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। योगी सरकार की इस पहल के तहत सिविल लाइन्स में नगर निगम और अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) के संयुक्त कार्यालय में एक अत्याधुनिक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जहां से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी।

**मुख्यमंत्री योगी ने राज्यपाल आनंदीबेन से की भेंट**



## गन्ना किसानों को अपनानी चाहिए प्राकृतिक खेती : केन कमिश्नर

**लखनऊ।** गन्ना एवं चीनी आयुक्त प्रमोद कुमार उपाध्याय ने कहा,गन्ना किसानों को प्राकृतिक खेती अपनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ते रसायनों के प्रयोग के कारण हमारी फसलों के उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाते। उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य, मिट्टी, जल एवं वातावरण प्रभावित होता है। प्राकृतिक खेती पर्यावरण हित में है। यह देशी गाय, बीज, मृदा जीवांश और जल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।आज शनिवार को गन्ने के साथ प्राकृतिक खेती के विश्लेषण, विकास संभावनाएं और चुनौतियां, विषय पर आयोजित आनलाइन संगोष्ठी में गन्ना आयुक्त ने कहा कि वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से हमने खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है लेकिन इससे मिट्टी का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है।

अभियान

संगठन सृजन अभियान : पश्चिम जोन से आज शुरू हुई समीक्षा बैठक

# प्रियंका गांधी के नेतृत्व में देश में संगठन सृजन अभियान जारी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा नेतृत्व में पूरे देश में संगठन सृजन अभियान जारी है।

उसी अनुक्रम में उत्तर प्रदेश में जारी संगठन सृजन अभियान की आज से समीक्षा बैठक की शुरुआत प्रदेश के पश्चिम जोन से हुई। समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी उप्र कांग्रेस अविनाश पाण्डेय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, अजय राय, उप्र कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ''मोना'', राष्ट्रीय सचिव, सह प्रभारी उप्र प्रदीप नरवाल, निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, निवर्तमान प्रदेश महासचिव अनिल यादव मुख्य रूप से शामिल रहे।

बैठक में जमीनी स्तर तक संगठन को मजबूत और गतिशील बनाने के लिए 18 सूत्री कार्ययोजना के तहत संगठन का निर्माण किया जाना है। संगठन निर्माण का कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण हो इसलिए प्रत्येक बिंदु के लिए समयसीमा निर्धारित की गई है। पश्चिम जोन के 14 जनपदों ( सहारनपुर, मुजफ्फर नगर, शामली, बागपत, बुलंदशहर, गाजियाबाद, संभल, मेरठ, बिजनौर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, गौतमबुद्ध नगर) के जिला/शहर अध्यक्षों एवं कोऑर्डिनेटरों के कार्यों की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि हमें जननायक राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के अनुरूप संगठन का निर्माण करना है। संगठन में महिलाओं, दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों को उचित प्रतिनिधित्व देना है।

श्री पाण्डेय ने कहा कि आने वाले 100 दिन संगठन के दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। आज जो हम पांच स्तरीय संगठन का निर्माण करेंगे वही आने वाले पंचायत चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में हमारी ताकत बनेगा। अविनाश पाण्डेय ने प्रत्येक जनपद के जिला/शहर अध्यक्षों के कार्यों की गहनता से समीक्षा की एवं उनकी कमियों को इंगित करते हुए जल्द से जल्द बूथ स्तर तक संगठन का गठन करने का निर्देश दिया।




# ग्राम चौपाल 3.0 में प्राप्त शिकायत पर कार्रवाई




**ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में शासकीय धन के दुरुपयोग पर सख्त कार्रवाई, जिलाधिकारी नेहा शर्मा के आदेश पर दर्ज हुई एफआईआर**

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जनपद गोंडा में पारदर्शी प्रशासन और भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा निरंतर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में विकास खंड हलधरमऊ की ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में आयोजित ग्राम चौपाल 3.0 के दौरान प्राप्त एक शिकायत पर डीएम ने तत्काल गंभीर संज्ञान लिया और मौके पर ही एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी किया।

डीएम के आदेश पर तत्परता दिखाते हुए कटरा बाजार थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई। ग्राम चौपाल में गांव निवासी राजेन्द्र कुमार शुक्ला पुत्र जवाला प्रसाद ने शिकायत की कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में राजू पंडित पुत्र माधवराज के घर से संतोष सोनी के घर तक ग्राम पंचायत निधि से इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया गया था।

आरोप है कि उक्त राजू पंडित ने जानबूझकर लगभग 20 मीटर इंटरलॉकिंग उखाड़कर वहां चट्टा बिछा दिया, जिससे शासकीय धन का दुरुपयोग हुआ।

शिकायत पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मौके पर ही स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि, शासकीय कार्यों में कोई भी गड़बड़ी या धन का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

ग्राम विकास अधिकारी विवेकानंद द्वारा प्रस्तुत तहरीर के अनुसार यह स्पष्ट है कि राजू पंडित ने सरकारी संपत्ति को जानबूझकर क्षति पहुंचाई, जो कि शासन के नियमों व ग्राम विकास की भावना के विरुद्ध है।

## जिलाधिकारी की सख्ती : मानकविहीन नाला निर्माण पर ठेकेदार का कार्यादेश निरस्त

### गोंडा में अधोमानक मानक निर्माण कार्य पर कार्रवाई

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कर्नलगंज स्थित मोहल्ला बालकराम पुरवा के कम्पोजिट विद्यालय (जूनियर हाई स्कूल) में आयोजित ग्राम चौपाल 3.0 के दौरान एक बड़ी अनियमितता पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की गई।

नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के वार्ड नं0-11, मौर्य नगर में सीवरेज एवं जलनिकासी योजना के अंतर्गत हो रहे नाले के निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही ठेकेदार के कार्यादेश को निरस्त करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी के आदेश पर नगर पालिका कर्नलगंज के द्वारा कार्रवाई सुनिश्चित की गई। नगर पालिका द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उक्त कार्य मास्टर इंटरप्राइजेज, प्रो0 श्री मोहम्मद इबरार, मेंहदी हाता, कर्नलगंज के पक्ष में एल-1 निविदा के तहत स्वीकृत किया गया था। आगणन के अनुसार नाले का निर्माण सीमेंट-कांक्रीट से किया जाना था, किंतु ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य ईंट से प्रारंभ कर दिया गया।

मौके पर मौजूद अवर अभियंता द्वारा कार्य को तत्काल रुकवा दिया गया, बावजूद इसके ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य पुनः शुरू नहीं किया गया। चौपाल के दौरान स्थानीय सभासद श्री अंकुर मौर्य द्वारा इस अनियमितता की शिकायत की गई, जिसे जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए जांच कराई और निर्माण कार्य में भारी लापरवाही तथा मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर ठेकेदार का कार्यादेश निरस्त कर दिया गया। साथ ही अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही एल-2 निविदादाता ताजुद्दीन कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर को कार्य का जिम्मा सौंपते हुए कार्यादेश निर्गत कर दिया गया है।

# समय व गुणवत्ता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करें अफसर : जिलाधिकारी

**थाना समाधान दिवस का जायजा लेने खैरीघाट पहुंची डीएम व एसपी**




समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** शासन की मंशानुरूप जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों की कड़ी में थाना खैरीघाट में आयोजित समाधान दिवस का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद के साथ थाना खैरीघाट पहुंचकर कर मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए।

थाना समाधान दिवस में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि बेनामी ज़मीन, चकमार्ग के विवाद व पटाई, पैमाईश कराने, आबादी की ज़मीन में निर्माण सम्बन्धी विवाद, सरकारी भूमि, कुएं आदि पर कब्जे तथा रास्ते व भूमि से सम्बन्धित अन्य प्रकार के विवादों से सम्बन्धित प्रार्थना-पत्रों में राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर जाकर तत्काल कार्यवाही करे तथा आम जनमानस को विभिन्न विभागों की लाभपरक योजनाओं से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों का यथासंभव न्यूनतम समय में निस्तारण करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें।

तहसीलदार व लेखपालों को निर्देश दिया गया कि गांवों में जाकर अंश निर्धारण से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करायें। डीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस में खण्ड विकास अधिकारी भी उपस्थित रहें ताकि अन्य प्रकार की दूसरी समस्याओं का भी प्रभावी ढंग से समाधान हो सके। इस दौरान डीएम व एसपी ने अधिकारियों के पास आने वाली शिकायतों व समस्याओं के निस्तारण के सम्बंध में निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी क्षेत्र में निकलकर समस्याओं का भौतिक निरीक्षण करते हुए त्वरित समाधान के उद्देश्य से कार्य करें। जिससे थाना समाधान दिवसों में फरियादियों की संख्या में निश्चित ही कमी आयेगी और यही अधिकारियों की कुशल कार्यशैली का प्रमाण होगा।

## खबरें एक नजर में

### कोल्ड चेन का सीएचसी अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** सीएचसी कैसरगंज में स्थापित कोल्ड चेन का अधीक्षक ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने रख रखाव को बेहतर बनाने के निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा.एनके सिंह ने शनिवार को कोल्ड चेन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईओ संगीता श्रीवास्तव से सभी तरह की वैक्सीन की जानकारी ली तथा उसके रखरखाव को भी देखा। अधीक्षक ने स्टाक रजिस्टर से दवाओं का मिलान किया। स्टाक सही मिलने पर और कोल्ड चेन की बेहतर व्यवस्था पर उन्होने सन्तोष व्यक्त किया।उन्होंने आन लाइन रिपोर्टिंग के डेटा की भी जांच कर उससे सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने कहा कि नियमित टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सार्थक प्रयास किये जा रहे है तथा किसी भी वैक्सीन की कमी नही होने दी जायेगी।

### एसएसबी जवानों ने विश्व रक्तदान दिवस दिया रक्त





**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर भारत नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। 42वीं और 59वीं वाहिनी के सैकड़ो जवानों ने मेडिकल कॉलेज में रक्तदान किया। जवानों ने कहा कि दुघर्टना या आपदा के समय रक्त की आवश्यकता पड़ती है।इस लिए स्वस्थ लोगों को रक्तदान करना चाहिए। एसएसबी जवान मनोज और रमेश पिछले आठ वर्षों से लगातार रक्तदान कर रहे हैं। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाजसेवी संगठनों के लोगों ने भी मेडिकल कॉलेज पहुंचकर रक्तदान किया और अन्य लोगों से इस महादान में भाग लेने की अपील की।

### दो सड़क हादसे में तीन की मौत

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले में बीते 24 घंटों के दौरान दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। पयागपुर थाना क्षेत्र के खुटेहना गिलौला मार्ग पर शुक्रवार की देर शाम एक बाइक बेकाबू होकर पलट गई। इस हादसे में बाइक सवार विजय और उनकी बुआ बिट्टन गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में ले जाने पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में ले लिया है। दूसरा हादसा नानपारा कोतवाली इलाके में हुआ। मलंगपुरवा ग्राम के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने चांद नामक ग्रामीण को टक्कर मार दी। घायल को पहले नानपारा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तीनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### श्री महापुराण कथा को लेकर हुई बैठक



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को रात्रि श्री महापुराण कथा को लेकर गोंडा नगर के श्री पार्थिव पूजन सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा के आवास पर एक बैठक हुई। उक्त बैठक में पंचवटी श्री सीताराम आश्रम रिसिया शाखा गोंडा परिवार द्वारा आयोजित सवा लाख पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक एवं शिव महापुराण कथा के आयोजन पर चर्चा हुई। श्री मेहरोत्रा ने बताया कि कथा का शुभारंभ परम श्रद्धेय श्री रवि शंकर जी महाराज गुरु भाई के सानिध्य में संपन्न होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य यजमान श्रीमती आरती सोनी एवं संतोष सोनी रहेंगे और इस कार्यक्रम में 29 जुलाई दिन मंगलवार को सायंकाल 3:00 बजे से गोलागंज विनोद टॉकीज से शोभायात्रा निकलकर पूरे नगर में भ्रमण करते हुए बड़गांव पुलिस चौकी के पास स्थित कथा स्थल शारदा मैरिज लान पर समाप्त होंगी और 30 जुलाई से 6 अगस्त तक प्रातः काल 6 बजे से 9 बजे तक पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक का पूजन प्रारंभ होगा और सायंकाल 7 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक शिव महापुराण कथा होगी। कथा 30 जुलाई बुधवार से 5 अगस्त दिन मंगलवार तक चलेगी और 6 अगस्त को भव्य भंडारे का आयोजन होगा। बैठक की अध्यक्षता संतोष सोनी के कियाऔर संचालन दीपक मराठा ने किया। बैठक के दौरान दीपेंद्र मिश्रा, सूर्य प्रकाश सोनी, देवेंद्र सोनी, गोविंद महाराज, विशाल बंसल, राहुल शर्मा, दीपक गुप्ता, राकेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, विजय गुप्ता, रविंद्र सिंह, शनी, अंबिका गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कटरा बाजार के ग्राम चैपुरवा में मनरेगा में खेल

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** श्रमिकों को गांव में ही रोजगार की गारंटी देने वाली केन्द्र सरकार की मनरेगा योजना जिम्मेदारों के लिए दुधारू गाय साबित हो रही हैं।योजना में भ्रष्टाचार चरम पर है,साथ ही रोज़गार गारंटी योजना के नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा र ही हैं। मस्टर रोल में मजदूरों की फर्जी हाजिरीर लगा कर प्रधान व रोजगार सेवक अपने खास लोगो के खाते में पैसा भेज रहे हैं।

ताज्जुब की बात यह है कि कई मामले सामने आने के बावजूद उच्च अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।योजना में भ्रष्टाचार को रोकने हेतु एमएमएस सिस्टम लागू किया गया हैं जिसमें साइड पर जो मनरेगा मजदूर काम करते हैं उनकी मस्टर रोल में आनलाइ न हाजिरी रोजगार सेवक या मेट के द्वारा लगानें का नियम है।इसके अनुसार मजदूरों का काम करते हुए फोटोग्राफ्स भी अपलोड किया जाता है जो फोटो साफ सुथरी और ऊंचे स्थान से खड़े होकर खींचा गया हो जिसमें मजदूरों का चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई दे कि जिन मजदूरों की हाजिरी मस्टर रोल में लगी हो वही मजदूर फोटो में प्रर्दशित हो, लेकिन ग्राम प्रधान, सचिव, एपीओ,व मनरेगा स्टाफ की मिलीभगत से केंद्र सरकार के नियमों की खूब धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।



हम बात कर रहे हैं गोण्डा जनपद के कटरा बाजार विकासखंड की।जहाँ 47 ग्राम पंचायतो में मनरेगा योजना के तहत चक भूमि समतलीकरण, तालाब की खुदाई, तालाब सौंदर्यीकरण आदि कार्य वर्तमान में संचालित है।मनरेगा की वेबसाइट के अनुसार इन 116 कार्यों में कुल 2641 मजदूरों की प्रतिदिन हाजरि़ी लग रही है।

प्रति श्रमिक 252 रुपये के हिसाब से प्रतिदिन 6,65,532/- रुपए रोजगार के नाम पर खर्च किए जा रहे हैं लेकिन सरकार की मंशा के विपरीत मनरेगा मजदूरी में रोजगार सेवक, प्रधान, एपीओ और बी ड़ी ओ मनरेगा से जुड़े अन्य कर्मचारियों द्वारा मजदूरों की हाजिरी के नाम पर कागज में खेला करके काम कर रहे है।

कटरा बाजार ब्लॉक की ही ग्राम पंचायत चैपुरवा में राम फेरे के घर से अलगू के खेत तक मिट्टी पटाई और शोभाराम के खेत के पा स तालाब खुदाई कार्य में ऑनलाइन मस्टर रोल सं ख्या 2296 से 2303 में दो कार्यों के लिए 70 मजदूरों की हाजिरी ऑनलाइन मस्टर रोल में मजदूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही है, लेकिन ना तो धरातल पर मजदूर कार्य कर रहे हैं। एक पुरानी सड़क पर मजदूरों को खड़ा करके सिर्फ फोटो खींचकर अपलोड किया जा रहा है।

# तौवाज खां ने सैकड़ों लोगों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** क्या कहा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष व जनपद गोंडा प्रभारी ने कहां कि आज देश की जो हालात है उसकी सारी जिम्मेदार भारतीय जनता पार्टी है वह कह रहे हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया मैं तो कह रहा हूं जो कुछ भी किया वह कांग्रेस नहीं किया भारतीय जनता पार्टी ने क्या किया, सिर्फ वादों के सहारे आज नरेंद्र मोदी की सरकार 11 साल से चल रही है

**बूथ स्तर तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाए कार्यकर्ता : राम प्रताप सिंह**

उत्तर प्रदेश में 9 साल से योगी की सरकार चल रही है आदमी-आदमी त्रस्त है परेशान है नौजवानों को नौकरियां नहीं मिल रही है बेरोजगारी चारों तरफ फैली हुई है आज आवश्यकता है देश के संविधान को बचाने की इसलिए देश की सारी जनता एक जो ठोकर कांग्रेस पार्टी की सरकार चुने जिससे देश में एक साफ सूती सरकार का गठन हो सके संविधान बचाओ रैली में आसपास की जनता से भारी कुर्सियां दिखाई दी यह संविधान बचाओ रैली कटरा बाजार के रामपुर के रमजान की मंदिर में संपन्न हुआ।

## 95 लाख की ठगी मामले में लखनऊ निवासी गिरफ्तार

**बहराइच।** प्रापर्टी डीलर से जमीन का सौदा करने के नाम पर धोखाधडी कर 95 लाख की ठगी करने वाले आरोपित को पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज था। फखरपुर इलाके के कुंडासपारा निवासी एजाज अहमद प्राप्रर्टी डीलर का काम करते हैं। छह माह पहले मुजफ्फरनगर में 52 बीघे जमीन पांच करोड़ 46 लाख रुपये में दिलाने का सौदा हुआ, लेकिन आरोपित ने फर्जी स्टांप पेपर पर एग्रीमेंट कर डीलर से 60 लाख नगद व 35 लाख के चेक समेत 95 लाख रुपये का भुगतान ले लिया। प्रापर्टी डीलर जब जमीन पर कब्जे के लिए मुजफ्फरनगर पहुंचा तो उसे ठगे जाने का अहसास हुआ। जब आरोपत से पैसे वापस मांगे गए तो लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। मामले में चार नवंबर को चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि मामले में लखनऊ जनपद के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के सरफराजगंज निवासी इरफान उर्फ उर्फी (एचएसजैदी )को हरदोई रोड से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# विवाह योजना में प्रत्येक जोड़े के विवाह के लिए एक लाख रुपए की व्यवस्था

समृद्धि न्यूज

**डीबीटी के माध्यम से वधू के खाते में अंतरित किये 60 हजार रुपए**

**बहराइच।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना'' अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक जोड़े के विवाह के लिए पूर्व में स्वीकृत धनराशि को रू. 51,000=00. से बढ़ाकर रू. 01 लाख कर दी गई है। कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्वी की स्थापना हेतु सहायता राशि के रूप रू. 60,000 डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे वधू के खाते में अंतरित किये जायेंगे। जबकि 25,000 से वैवाहिक उपहार सामग्री क्रय की जायेगी तथा रू. 15,000 विवाह की व्यवस्था पर व्यय किये जायेंगे।

प्रत्येक बेटी को वैवाहिक उपहार सामग्री के रूप में 05 सेट साड़ी, ब्लाउज़ व पेटीकोट, 01 अदद चुनरी, 04 सेट पैंट व शर्ट का कपड़ा, 01 अदद फेंटा/गमछा, 30 ग्राम की एक जोड़ी चांदी की पायल व बिछिया (जिसके साथ निर्माता द्वारा प्रदत मात्रा व शुद्वता का प्रमाण-पत्र), स्टेनलेस स्टील का डिनर सेट, 5 ली. का प्रेशर कुकर, एल्मूनियम कढ़ाही, ट्राली बैग, वैनिटी किट, दीवार घड़ी, सीलिंग फैन, 10 ली. का कूल केज, आयरन प्रेस, डबल बेड की चादर, 02 अदद पिलो विद कवर, सिंगल बेड के 02 कम्बल डबल लेयर, गद्दा/मैट्रेस विद कवर, सिन्होरा, लाल कांच की 02 दर्जन चूड़ी, 04 अदद लाख के कंगन के बेटी की विदाई होगी। विवाह की व्यवस्था अन्तर्गत प्रत्येक जोड़े के विवाह के लिए रखी गई रू. 15,000 की धनराशि से वधू को विवाह के पश्चात एलबम सहित 05 फोटो, विवाह हेतु 02 अदद गुलाब के फूल की जयमाला, निकाह हेतु बेला/चमेली का सेहरा, पगड़ी/साफा, विवाह सम्पन्न कराने हेतु पुजारी व मोलवी की दक्षिणा, मंच व पण्डाल की सजावट, कार्यक्रम स्थल पर एल.ई.डी. स्क्रीन की स्थापना, बैनर, साउण्ड, माईक, वर-वधू व उनके पक्ष के 10-10 व्यक्तियों को नाश्ता तथा मौसम के अनुसार शरबत, शिकंजी, चाय व काफी की व्यवस्था।

## किशोर की मौत, चार पर हत्या का आरोप

**बहराइच।** मोतीपुर इलाके के हंसुलिया गांव में नाना के घर रह रहे किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव आंगन में पड़ा हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलने पर माता-पिता घर पहुंचे। पिता ने चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाली नानपारा इलाके के ग्राम पंचायत बंजरिया अवसेरीपुरवा गांव निवासी सुरेश का 16 वर्षीय बेटा अर्जुन नाना के घर मोतीपुर इलाके के ग्राम पंचायत हंसुलिया के बिचपरी गांव में रहता था। शनिवार को उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी पाकर पस्वजन रोते विलखते मौके पर पहुंचे तो देखा कि शव आंगन में पड़ा था। जबकि सूचना देने वाले लोग मौके से फरार थे। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मृतक के पिता सुरेश ने बताया कि बेटा लगभग 10 साल से नाना के घर रह रहा था और उसकी हत्या की गई है। थानाध्यक्ष आनंद कुमार चौरसिया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाढ़ के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से करें पूरी

**ग्राम मांझा दरियाबुर्द एवं बाढ़ शरणालय का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण**



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** संभावित बाढ़ के दौरान राहत व बचाव कार्यों के प्रभावी संचालन के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद के साथ विकास खण्ड शिवपुर अन्तर्गत ग्राम मांझा दरियाबुर्द के निवासियों से मिलकर बाढ़ के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये और कहा कि घाघरा और सरयू नदियों संगम स्थल होने के कारण यहां पर बाढ़ सबसे पहले दस्तक देती है अतः सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत इस तरह से तैयारियों को अंजाम दे कि बाढ़ आने की स्थिति में ग्राम वासियों को किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े। निरीक्षण के दौरान उन्होनें मौजूद खण्ड विकास अधिकाकारी शिवपुर अनुष्का श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार, एमओआईसी, पशु चिकित्साधिकारी व सरयू ड्रेनेज खण्ड के अधिकारियों से की जा रही तैयारियों के सम्बंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान डीएम ने मौजूद ग्रामवासियों से नियमित टीकाकरण तथा पशुओं के उपचार एवं टीकाकरण तथा पूर्व में आयी बाढ़ के दौरान विभिन्न प्रकार की क्षति के सापेक्ष हुए भुगतान इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि गांव में टीकाकरण का कार्य किया गया है। वर्तमान समय पर एएनएम गांव में लक्षित वर्ग का टीकाकरण कर रही हैं। डीएम ने पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं के टीकाकरण समय से कराये जाने के भी निर्देश दिये। ग्राम मांझा दरियाबुर्द सरयू व घाघरा नदी का मिलाप स्थल होने के कारण बाढ़ के लिए अत्यन्त संवेदनशील क्षेत्र है। डीएम ने बीडीओ व ग्रामवासियों से नदी के जल स्तर के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि वर्तमान में जलस्तर बिल्कुल सामान्य है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नज़र रखने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होनें बाढ़ शरणालय केवलपुर का भी निरीक्षण किया और बीडीओ व नायब तहसीलदार से शरणालय के निर्माण के सम्बंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम मोनिका रानी ने एमओआईसी शिवपुर को निर्देश दिया कि इस क्षेत्र की ऐसी गर्भवती महिलाओं जिनके यहां माह जून से लेकर अगस्त माह तक प्रसव की संभावना है, उनकी सूची तैयार कर लें ताकि बाढ़ के दौरान किसी प्रकार की आपात कालीन स्थिति में उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा अथवा सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके।

# निर्णित वाद पत्रावलियों को राजस्व अभिलेखागार में कराएं संचित : डीएम

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** चकबन्दी कार्यो की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बन्दोवस्त अधिकारी चकबन्दी, बहराइच ने बताया कि तहसील कैसरगंज के अन्तर्गत ग्राम मीरपुरकोनिया में धारा 9 का प्रकाशन किया जा चुका है तथा ग्राम मंझारातौकली में धारा 9 के वादों का निस्तारण सहायक चकबन्दी अधिकारी व चकबन्दी अधिकारी द्वारा किया जा रहा है, यह ग्राम प्रदेश में चकबन्दी प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रचलित ग्रामों में सबसे बड़ा ग्राम है।

तहसील महसी के अन्तर्गत आने वाले ग्राम बभनौटी शहर उर्फ गोलागंज के धारा-10 का प्रकाशन किया जा चुका है आकार पत्र 23 लिखा जा रहा है तथा मैकूपुरवा के चक निर्माण का कार्य किया जा रहा है। तहसील पयागपुर के अन्तर्गत ग्राम लक्खारामपुर का जोत चकबन्दी आकार पत्र 23 तैयार किया जा चुका है। ग्राम उधरानाठकुराइन धारा 23 का प्रकाशन माह मार्च में किया जा चुका है। इसी प्रकार ग्राम गांगूदेवर में कब्जा परिवर्तन का कार्य अन्तिम चरण में है। तहसील नानपारा के ग्राम बल्दूपुरवा में तरमीम का कार्य पूर्ण किया जा चुका है पड़ताल का कार्य प्रारम्भ है।

ग्राम चौकसाहार के तरमीम का कार्य किया जा रहा। जिलाधिकारी द्वारा कार्य सन्तोषजनक होने के कारण निर्देश दिये गये कि आने वाले समय में ग्रामों की आगे की कार्यवाही कार्य मानक कार्यगुजारी के अनुसार करते हुए लक्षित समय में कार्य पूर्ण करायें तथा चकबन्दी न्यायालयों में लम्बित वादों में 5 वर्ष पुराने वादों/अपील/निगरानी का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरुप प्राथमिकता के आधार पर करते हुए निर्णित वाद पत्रावलियों को राजस्व अभिलेखागार में संचित करायें।

इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सुखेन्द्र सिंह, चकबन्दी अधिकारी सदर, प्रथम अशोक कुमार सिंह, सहायक चकबन्दी अधिकारी, सदर, द्वितीय राजेश कुमार सोनी, दशरथ प्रसाद व प्रमोद कुमार, चकबन्दीकर्ता, सहायक चकबन्दी अधिकारी विशेश्वरगंज, सदर प्रथम दशरथलाल, पराग प्रसाद, गजेन्द्र कुमार मिश्र, विश्राम लाल सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे

**आयोजन** | **गायत्री बाल संस्कार शाला मे आयोजित हुआ सामाजिक वानिकी चौपाल**

# पर्यावरण व जल संरक्षण जीवन के अस्तित्व के लिए बहुमूल्य

समृद्धि न्यूज



**विद्यालय, चिकित्सालय, मठ-मंदिर , तालाब, सरोवर, झील व नदी के तटीय इलाकों में पंचवटी प्रजाति के वृक्षरोपण व उनके संरक्षण पर हुई चर्चा**

**बहराइच।** नगर क्षेत्र स्थित गायत्री बाल संस्कार शाला सूफीपुरा परिसर में विभिन्न सामाजिक तथा पर्यावरण के प्रति समर्पित संगठन प्रतिनिधियों ने सामाजिक वानिकी चौपाल का आयोजन कर विद्यालय, चिकित्सालय, मठ - मंदिर , तालाब, सरोवर, झील व नदी के तटीय इलाकों में पंचवटी प्रजाति के वृक्ष रोपण व उनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया तथा जल व पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जागरण अभियान चलाए जाने की प्रभावी योजना भी बनाई।

गायत्री बाल संस्कार शाला में उपस्थित शिक्षक संघ, गायत्री परिवार, किसान परिषद, महामना मालवीय मिशन, रूल ऑफ लॉ सोसाइटी, नमामि गंगे व समग्र गंगा अभियान से जुड़े पर्यावरण विदों को संबोधित करते हुए प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि पर्यावरण व जल संरक्षण मानव जीवन के अस्तित्व के लिए बहुमूल्य है, हम सब का दायित्व बनता है कि खाली पड़े सुरक्षित स्थानों पर अधिकाधिक संख्या में वृक्षा रोपण कर उनका संरक्षण भी करें।

उपस्थित लोगों का आवाहन करते हुए डीएफओ ने कहा कि हम सब लोग सर्व समाज को पर्यावरण व जल संरक्षण विषयक की गंभीरता से अवगत कराए तथा सामूहिक अभियान चलाकर वृक्षा रोपण को गति दें तभी पर्यावरण व जल संरक्षित रह सकेगा। चौपाल आयोजक महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय जन सहयोग से पंचवटी प्रजाति के वृक्षों के रोपण व उनके संरक्षण का प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। विशेषकर सरयू नदी के तटीय इलाकों व झील तथा पोखरों के किनारे वृक्षारोपण व वृक्षों के संरक्षण के लिए वन विभाग व उद्यान विभाग के सहयोग से विशेष पर्यावरण जल संरक्षण अभियान भी चलाया रहा है। वित्तविहीन शिक्षक संघ अध्यक्ष रमेश मिश्र ने सभी विद्यालयों में न्यूनतम दस वृक्ष रोपित किए जाने का लक्ष्य तय किया तथा विद्यालयों में वृक्ष मित्र बनाए जाने की कार्ययोजना प्रस्तुत की। रूल ऑफ लॉ सोसाइटी अधिक अनिल मिश्र व सचिव अमित वर्मा नवोदयन ने संगठन के तत्वावधान में पर्यावरण विषयक पर जन जागरण अभियान चलाए जाने की योजना तय की। समाजसेवी निशा शर्मा व डॉ अनीता जायसवाल ने पर्यावरण विषयक को लेकर महिलाओं में भी जन-जागरण अभियान चलाकर वृक्षारोपण अभियान में हर संभव सहयोग देने की बात कही तथा महिलाओं को वृक्ष मित्र बनाए जाने का आवाहन किया।पर्यावरण विद राणा विजय भार शिव व समाजसेवी डॉ दयानंद शर्मा ने मठ मंदिर व झील के तटीय इलाकों में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों के रोपण व उनके संरक्षण हेतु स्थानीय जन सहयोग से अभियान चलाए जाने की योजना प्रस्तुत की। कृषि वैज्ञानिक डॉ अरुण राजभर ने वनौषधि प्रजाति के वृक्षों के रोपण व उनके संरक्षण हेतु आवाहन किया। बैठक में प्रमुख रूप से उपप्रभागीय वनाधिकारी राशीद जमील, वन कर्मी प्रेम शंकर वा इज़हार अहमद, नमामि गंगे संयोजक राकेश चंद्र श्रीवास्तव, प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव, समाजसेवी धीरेन्द्र शर्मा, बाल संस्कार शाला संचालिका रेखा श्रीवास्तव, प्रधान संघ अध्यक्ष भगवान दीन मिश्र, साहित्यकार रमेश मिश्र, आर्य समाज नेता आरडी सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हनुमत पीठाधीश्वर (नगरौर) स्वामी विष्णु देवाचार्य जी महाराज राज ने पर्यावरण जल संरक्षण में संत महात्मा एवं अन्य सनातन धर्मियों के प्रभावी सहभाग एवं वृक्ष संरक्षण व रोपण में प्रभावी योगदान दिए जाने की बात कही। समापन अवसर पर उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से वृक्ष संरक्षण व जल संरक्षण का संकल्प भी लिया।

## मेक इन इंडिया का कमाल

अमेरिका में बिकने वाले एप्पल के 97 प्रतिशत आईफोन भारत में बन रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफधमकी के बावजूद अमेरिका में बिकने वाले एप्पल के 97 प्रतिशत आईफोन भारत में बन रहे हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी के महत्वाकांक्षी नीतियों को साकार करते हुए मेक इन इंडिया के तहत बन रहे हैं। एप्पल ने इस वर्ष मार्च 2025 से मई 2025 के बीच भारत से जितने भी आईफोन निर्यात किए गए हैंए उनमें से 97 प्रतिशत अमेरिका को भेजे गए हैं, अमेरिकी इसे अपनी सबसे अच्छी चॉइस के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। मार्च से मई के बीच फॉक्सकॉन ने भारत से 28ए000 करोड़ रुपये कीमत के आईफोन अमेरिका को भेजे। इनमें से 97: आईफोन खास तौर पर अमेरिका के लिए थे। ये प्रतिशत 2024 के बाकी महीने के औसत 50.3 प्रतिशत से बहुत ज्यादा है, क्योंकि बाकी समय भारत में बने आईफोन यूरोप और यूके जैसे देशों को भी भेजे जाते हैं। फॉक्सकॉन ने अब चीन पर भरोसा कम करने लगा है और धीरे-धीरे अपना काम वहां से हटाकर भारत में आईफोन बनाना शुरू दिया है। इससे भारत में ज्यादा फैक्ट्री लगेगी और लोगों को नौकरी मिलने के ज्यादा मौके मिलेंगे, साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक फॉक्सकॉन ने पिछले साल भारत में जो आईफोन बनाए, उनमें से करीब 97 प्रतिशत अमेरिका भेजे गए थे। इससे अमेरिकी कंपनी को चीन से अलग जगह पर आईफोन बनाने में मदद मिली है, साथ ही यह कंपनी अमेरिका के पुराने सरकार के दौरान लगने वाले टैक्स से भी बची हुई है। रिपोर्ट बताती है कि मार्च 2025 से मई 2025 के बीच फॉक्सकॉन कम्पनी ने भारत से 28,000 करोड़ रुपये कीमत के आईफोन अमेरिका को आपूर्ति किए ए अर्थात 97 प्रतिशत आईफोन जो अमेरिका में इस्तेमाल हो रहे हैं, वो मेक इन इंडिया हैं। रिपोर्ट कहती है कि सिर्फ मई महीने में ही भारत में बने करीब 1 बिलियन डॉलर के आईफोन अमेरिका गएए जो मार्च के रिकॉर्ड 1.3 बिलियन डॉलर के बाद दूसरा सबसे ज्यादा बिक्री है। एपल से एक सवाल पूछा गया तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया और फॉक्सकॉन ने भी सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। बता दें, आई फोन 14, 15 और आने वाला आईफोन 16 सीरीज जैसे बड़े पैमाने पर प्रीमियम मॉडल, फॉक्सकॉन की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर स्थित फैक्ट्री में बनाए जा रहे हैं। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भी अमेरिका को अपने आईफोन का बड़ा हिस्सा भेजना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ महीनों में उनके 85 प्रतिशत से ज्यादा प्रोडक्शन अमेरिका भेजा गया है। रिपोर्ट कहती है कि 2025 तक हर 4 में से 1 आईफोन भारत में बना है। भारत की तरफ एप्पल के बढ़ते कदम के बावजूद, चीन अभी भी एप्पल की सप्लाई चेन का मुख्य केंद्र बना हुआ है। कुछ समय पहले एप्पल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम कुक ने चीन की इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने की क्षमता की तारीफकी थी। उद्योगों व वैश्विक बाजारों में इंटरैक्टिव डेटा और निवेश अनुसंधान प्रदान करने वाली इंटेलिजेंस एजेंसी ब्लूमबर्ग ने 2022 में कहा था कि अगर एप्पल चीन से सिर्फ10 प्रतिशत प्रोडक्शन भी किसी और देश में ले जाता है तो इसमें उसे लगभग आठ साल लगेंगे। भारत तेजी से आईफोन बनाने का नया केंद्र बन रहा है, लेकिन एप्पल के लिए चीन को पूरी तरह छोड़ना आसान नहीं है। भारत में आधारभूत सुविधाओं, स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति और कुशल मजदूरों की जरूरत को पूरा करने में अभी समय लगेगा।

# मोदी सरकार के 11 साल आधुनिक भारत का स्वर्ण काल

**मुकेश राजपूत**

नौ जून 2025 को देश के यशस्वी और तपस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत सरकार अपने ग्यारह वर्ष पूर्ण कर चुकी है। इन पिछले 11 सालों में दुनियां ने भारत की आर्थिक और सामरिक शक्ति को देखा है। लोगों के रहन सहन में बदलाव आया है विगत 11 वर्षों में देश का नागरिक स्वच्छता के प्रति संवेदनशील हुआ है गरीब कल्यान को लेकर नरेन्द्र मोदी ने कुछ ऐसी योजनाएं शुरू की जो युग परिवर्तिनकरी हैं। इस साल के आरंभ में प्रयागराज में महाकुम्भ का सफल आयोजन हुआ था। वहां छोटे से छोटा रेहडी वाला भी यूपीआई से पेमेंट ले रहा था। रेहड़ी पट्टी वालों से बातचीत करने में पता चला कइयों के खातों में एक लाख से उपर बचत हो गई है।

अधिकांश हिस्से को बचत के स्वरूप सुरक्षित कर लेता है। पहले ये संभव नहीं था यह चमत्कार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन धन योजना और डिजिटल पेमेण्ट की क्रांति के कारण संभव हो पाया है, यदि जनधन योजना में गरीब रेहडी वाले का बैंक खाता जीरो बैलेंस पर न खुलता तो शायद वह कभी भी बैंक खाता खोलने का सपना नहीं देख पाता। अगस्त 2014 में प्रधानमंत्री बनने के चन्द महीनों बाद मोदी ने जन धन योजना की शुरूआत की। आरंभ में विपक्ष ने इस योजना को लेकर मोदी सरकार का उपहास उड़ाया लेकिन योजना के तहत 55 करोड़ से उपर खाते खुले जिनमें ग्रामीण और कस्बों में लगभग 36.63 करोड़ खाते है। इन खातों में 2.30 लाख करोड़ रूपये की धनराशि जमा है। अच्छी बात यह है कि इसमें 55.6 प्रतिशत यानी 29.37 करोड़ खाते महिलाओं के नाम पर हैं। यह भी सच है कि दिसम्बर 2023 में 20 प्रतिशत खाता निष्क्रिय थे। हालांकि निष्क्रिय खातों में भी 12779 करोड़ रूपये की धनराशि जमा है। डिजिटल पेमेंट के क्षेत्र में जब क्रांति आयी तो सबसे बडा गेम चेंजर यूपीआई पेमेंट बना है। इस विधि के उपयोग से पैसा सीधे बैंक खाता में जाता है। यदि जन धन योजना में इतनी बडी संख्या में बैंक खाते न खोले गये होते तो शायद यूपीआई पेमेंट सफल नहीं हो पाता आज छोटे से छोटा पेमेंट भी यूपीआई से संभव है और मेरे छोटे कारोबारी भी बचत करने लगे जिससे उनके रहन सहन में भी सुधार हुआ है।

मुझे याद है जब मै छोटा था अपने गांव जाता था तब गांव के अधिकांश लोग खुले में शौच के लिए जाते थे जिन्हें हम अपनी क्षेत्रीय बोली में कहते थे कि जंगल फिरने जा रहे हैं हमारी माता बहनों के लिए तो शौच जाने का एक निश्चित समय होता था। या तो सुबह अंधेरे में या शाम को सूरज छिपने के बाद शौच के लिए खेतों में जा सकती थीं। इससे ज्यादा पीडादायक उनके जीवन में कुछ नही था। ऐसा नहीं कि मोदी सरकार ही पहली बार स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजना लेकर आई लेकिन ईमानदारी से किसी ने इस मिशन को पूरा किया तो वो है मोदी सरकार। 2 अक्टूबर 2014 को मोदी जी ने गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की थी। आज 9.63 करोड़ से अधिक शौचालय बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच से मुक्त किया जा चुका है। यह एक ऐसा कदम है जिससे महिलाओं के जीवन में एक क्रांतिकारी परिवर्तन आया। भारत के सिर से एक कलंक भी मिट गया। भारत रत्न अटल जी की सरकार आने से पहले मुझे याद है जब भी मैं सड़क मार्ग से एक से दूसरे शहर की यात्रा करता था एक सिंगल रोड हुआ करती थी यात्रा बडी कष्टदायक और जोखिम भरी हुआ करती थी और समय भी बहुत लगता था बाजपेयी सरकार ने देश में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना की शुरूआत की लेकिन वर्ष 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश के यशस्वी सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने तो सड़क निर्माण में एक अभूतपूर्व क्रांति ही ला दी। अच्छी सड़कों के निर्माण ने न्यू इंडिया में गेम चेंजर का काम किया है। आज कनेक्टिविटी के मामले में भारत विकसित देशों से पीछे नहीं है देश में एक्सप्रेस-वे और हाई-वे का जाल बिछा हुआ है। अच्छी सड़कों का लाभ खास के साथ आम भारतीय को भी हुआ है। आजादी के 67 सालों बाद भी भारत वर्ष के अधिकांश गावों में बिजली नहीं थी लोगों का शहरों की चकाचौंध देखकर ग्रामीण क्षेत्रों से पालयन हो रहा था गांवों मे मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। गांव तो दूर शहरों में भी विद्युत आपूर्ति में संकट था ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण नहीं था कुछ वीआईपी जिलों को छोड़कर पूरा देश अंधेरे में जी रहा था। परन्तु 2014 के बाद मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की विद्युत व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन हुआ भारत के शत प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण हुआ विद्युत उत्पादन में वृद्धि हुई गांव-गांव रोशन हुआ उज्जवला योजना, सौभाग्य योजना फीडर सेपरेशन से आज भारत वर्ष के गॉव जगमगा रहे हैं। गॉव में घर घर में टीवी, फ्रिज, आ गये है समर लग गई है। हरित ऊर्जा क्षेत्र में शामिल भारत दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हुआ। प्रधानमंत्री मोदी के पास एक मजबूत नवीकरणीय ऊर्जा इको सिस्टम बनाने का स्पष्ट दृष्टिकोण था जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा के वैश्विक प्राथमिकता बनने से बहुत पहले बड़े पैमाने पर सौर परियोजनाओं का बीड़ा उठाया था। 2014 में प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के बाद उन्होंने उस विजन को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढाया। अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में भारत नेन केवल महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किये हैं, बल्कि दृढ़ संकल्प, नवाचार और बेजोड़ प्रदर्शन के साथ उन्हें हासिल भी किया है। हम विश्व में सौर ऊर्जा क्षेत्र में तीसरे स्थान पर है। 232 गीगावाट से अधिक उत्पादन क्षमता में संयत्र स्थापित हो चुका है और 176 गीगावाट के संयत्र निर्माणाधीन है 2014 से पहले सिर्फ 2.63 गीगावाट का उत्पादन सौर ऊर्जा क्षेत्र मे था जो अब बढकर 108 गीगावाट से अधिक हो गई है 41 गुना की आश्चर्य जनक वृद्धि है पवन ऊर्जा क्षमता भी 51 गीगावाट को पार कर गई है। प्रधानमंत्री के विजन के तहत पीएम सूर्य घर मुफ्त विजली योजना एक परिवर्तनकारी पहल बन गई है। पीएम कुसुम योजना किसानों को कृषि कार्य हेतु प्रोत्साहित कर रही है। आज हमारा देश विद्युत उत्पादन में आत्म निर्भर है और बिजली समस्या से दूर है। हमें वह दिन भी याद है जब दो बोरी सीमेंट खरीदने के लिए तहसीलदार से परमिट लेना पड़ता था चीनी भी कंट्रोल की दुकान से मिलती थी एलपीजी कनेक्शन, टेलीफोन कनेक्शन लेने के लिए या तो किसी सांसद से मांगो अथवा दो-चार महीने इंतजार करो। इंडिया अन्बौंड्स नामक किताब के लेखक गुरुचरणदास ने इस किताब में लिखा कि किसी कंपनी को ज्यादा मंजन बनाने की आवश्यकता होती थी तो भारत सरकार से स्वीकृति लेनी पड़ती थी ज्ञात हो इस किताब के लेखक 60 और 70 के दशक में P&G के सीईओ हैं। देश के उद्योगपति भी परेशान थे इंस्पेक्टर नीति के कारण भ्रष्टाचार का बोलबाला था। तय सीमा से अधिक उत्पादन करने पर उद्योगपतियों की सरकार से स्वीकृति लेनी पड़ती थी पहले कोई महामारी देश में फैलती थी तो हम लोग विदेश से आयातित वैक्सीन पर निर्भर रहते थे वर्षो इंतजार करने के बाद भारत को वैक्सीन मिल पाती थी परंतु अब कोविड-19 जैसी महामारी काल में भारत ने सबसे पहले स्वयं वैक्सीन बनाई और 100 से अधिक देशों को भी भारत में बनी वैक्सीन निर्यात की अब भारत में विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं आज एम्स की संख्या बढ़कर 23 हो गई है आयुष्मान योजना से अंतर्गत 40.71 करोड़ स्वास्थ्य बीमा कार्ड जारी किए गए सभी राज्यों में 11000 से अधिक शहरीय स्वास्थ्य और वैलनेस सेंटर खुलवाए गए हैं। स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढंाचे पर 64180 करोड रुपए का निवेश किया जा रहा है सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव ला रही है 8 नए आईआईएम 7 नए आईआईटी 490 नए विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना, विश्व स्तरीय काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल परियोजना और अयोध्या में भव्य प्रभु श्री राम मंदिर अब सपना नहीं बल्कि हकीकत बन चुका है, नारी शक्ति बंधन अधिनियम से लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला है तीन तलाक जैसे कानून समाप्त किए गए हैं।

योगी सरकार की हर योजना के केंद्र में जनकल्याण और आम नागरिक के जीवन को आसान करने के साथ साथ देश को वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भावना रही है सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर जैसे कई ऑपरेशन चला कर आतंकी ठिकानों और उनके एयरबेस को तबाह करके यह दिखा दिया कि अब मोदी का यह नया भारत शांति वार्ता नहीं अभी घर में घुसकर आतंक का सफाया करने की शक्ति भी रखता है। राष्ट्र को परम वैभव दिलाने के लिए संकल्पित मोदी सरकार ने रक्षा निर्यात में भी 34 गुना वृद्धि की है हमारा संसदीय क्षेत्र फर्रुखाबाद भी बहुत पिछड़ा क्षेत्र हुआ करता था परंतु विगत 11 वर्षो में एक राष्ट्रीय राजमार्ग 730 सी मिलने से फर्रुखाबाद भी नेशनल हाईवे से जुड़ गया सभी प्रमुख मार्गो का चौड़ीकरण होकर 7 मीटर और 10 मीटर चौड़ी सड़के बन गई हैं। 99 प्रतिशत गांव को सड़क मार्ग से जोड़ दिया गया है। शत-प्रतिशत गांव में विद्युतीकरण हो गया है। गंगा व रामगंगा पर नए पुलों का निर्माण हुआ एवं जनपद दो आरोबी बन चुके हैं। गंगा को स्वच्छ रखने के लिए अत्याधुनिक स्नान घाटों का निर्माण हो रहा है। एसटीपी प्लांट बनकर तैयार हो गया है फर्रुखाबाद की रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण पूर्ण हो गया है रेलवे स्टेशन का भव्य निर्माण चल रहा है दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद आदि प्रमुख शहरों के लिए फर्रुखाबाद से सीधी रेल सेवा उपलब्ध है कालिंदी ट्रेन पहले 15 कोच की हुआ करती थी अब 22 कोच की हो गई है, फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस वे की स्वीकृति होकर कार्य चालू हो गया है, खिमसेपुर में उद्योगों की स्थापना का हब बन गया है जल्द ही फर्रुखाबाद विकास प्राधिकरण भी बनने वाला है विगत 11 वर्षो में मोदी सरकार ने सेवा को संकल्प बनाया है सुशासन को संस्कृति और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है यही है नया भारत यही है विश्व का विश्वास, मोदी सरकार विकसित भारत के लिए दृढ़ संकल्पित है।

**लेखक फर्रूखाबाद से सांसद हैं।**

## हमले से पस्त ईरान

सुनियोजित व ठोस खुफिया जानकारियों के साथ इस्राइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों व शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर बड़े सधे हमले किए हैं। ईरान के नतान्ज स्थित मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र को भी निशान बनाया गया। शुक्रवार की सुबह इस्राइल ने 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के जरिये वायु रक्षा प्रणाली व मिसाइलों को ध्वस्त करते हुए ईरान के हवाई क्षेत्र में सैकड़ों लड़ाकू जहाजों के जरिये भारी तबाही मचायी। इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद की बड़ी भूमिका वाले इस ऑपरेशन के जरिये न केवल ईरान की मिसाइल क्षमता को कमजोर किया बल्कि हवाई रक्षा प्रणाली को भी बेअसर किया। जिसके बाद इस्राइली एयरफोर्स ने ताबड़तोड़ हमलों से ईरानी वायुक्षमता को बेदम कर दिया।

लंबी खुफिया तैयारी के साथ इस्राइल ने ईरान के भीतर विस्फोटक ड्रोन बेस स्थापित किए और शुक्रवार तड़के इन ड्रोन ने ईरान के सैन्य ठिकानों में तबाही मचा दी। जिससे ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस्राइल ने ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों, सैन्य अधिकारियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े वैज्ञानिकों व प्रमुख लोगों पर लंबी तैयारी के बाद सटीक हमले किए। कई बड़े अधिकारियों को उनके घरों में ही मार दिया गया। दरअसल, इस्राइल का मानना था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के करीब है। यहां तक कि परमाणु कार्यक्रम की निगरानी करने वाली संस्था आईएईए ने स्पष्ट शब्दों में ईरान पर परमाणु अप्रसार समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। हमले में सेना प्रमुख के अलावा ईरानी सेना की सबसे ताकतवर शाखा रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर हौसेन सलामी को भी मार डाला गया। हमले में न केवल यूरेनियम संवर्धन प्रतिष्ठान पर हमला किया गया, बल्कि कई परमाणु वैज्ञानिकों को भी मार दिया गया। ईरान ने इस्राइल पर नागरिक ठिकानों पर हमला करने के आरोप लगाए।

उत्तर पूर्वी ईरान के अलावा नतांज परमाणु केंद्र पर भी धमाके सुने गए। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को चेताया है कि जब तक ईरान की ओर से खतरे की आशंका खत्म नहीं हो जाती, ये हमले आगे भी जारी रहेंगे। दरअसल, इस्राइल का मानना रहा है कि ईरान संवर्धित यूरेनियम से परमाणु हथियार बनाने के करीब है, जो उसके अस्तित्व के लिये चुनौती है। इस्राइल ने ईरान पर उसके क्षेत्र में सैकड़ों ड्रोन दागने के भी आरोप लगाये हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अमेरिका व इस्राइल को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। दूसरी ओर ईरान के सरकारी मीडिया ने इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कोर के कमांडर इन चीफहौसैन सलामी सहित पांच शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत की बात स्वीकारी है। साथ ही दो महत्वपूर्ण परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। दरअसल, ईरान अमेरिका व इस्राइल के दावों को खारिज करते हुए कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये है। जबकि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की दलील है कि ईरान की बातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता। वह संवर्धित यूरेनियम से जुड़े प्रश्नों के तार्किक जवाब नहीं दे पाया है। कहा जा रहा है कि ईरान के गुप्त परमाणु ठिकानों का पता चलने के बाद उसके परमाणु कार्यक्रम की मंशा संदिग्ध बन गई है। उसने संवर्धित यूरेनियम भंडार के बारे में सटीक जानकारी भी नहीं दी। आईएईए की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि ईरान इतना यूरेनियम संवर्धित कर चुका है कि वह नौ परमाणु बना सकता है। हालांकि, अमेरिकी विदेश मंत्री इस हमले में अमेरिका की सीधी भूमिका होने से इनकार कर रहे हैं।

**विचार**

# गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से खत्म करना होगा!

**तारकेश्वर मिश्र**

सतत विकास लक्ष्य-1 के तहत 2030 तक दुनियाभर से गरीबी का उन्मूलन करना है लेकिन इससे आठ साल पहले दुनिया गरीबी के विरुद्ध छेड़े गए युद्ध में हताशा भरी स्थिति में पहुंच गई है।इसके अलावा यह भी निश्चित नहीं है कि दुनिया कब तक कुल आबादी के मुकाबले चरम गरीबी में रह रहे लोगों की संख्या को तीन प्रतिशत की निर्धारित सीमा तक रख पाएगी। इसके विपरीत विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी को दर्शाती है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय उपलब्धि कही जा सकती है।


निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है। गरीबी को एक ऐसी स्थिति के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसमें किसी व्यक्ति या परिवार के पास जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वित्तीय संसाधनों की कमी होती है। गरीबी को गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या से मापा जा सकता है। गरीबी की ÷गहराई÷ इंगित करती है कि गरीब गरीबी रेखा से कितने नीचे हैं। अब तक, छह आधिकारिक समितियों ने भारत में गरीबी का अनुमान लगाया है- 1962 का कार्य समूह, 1971 में वीएन दांडेकर और एन रथ आदि। क्योंकि सरकार ने रंगराजन समिति की रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं की, इसलिए तेंदुलकर गरीबी रेखा का उपयोग करके गरीबी को मापा जाता है। इसके अनुसार, 21.9 प्रतिशत भारतीय गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं।

इसमें दो राय नहीं कि वैश्वीकरण और उदारीकरण की नीतियों से देश में आर्थिक असमानता को बढ़ावा मिला है। वहीं तकनीकी प्रेरित सेवाओं में उछाल के चलते, वर्ष 2000 के बाद विकास मॉडल ने एक छोटे वर्ग को असंगत रूप से लाभान्वित किया है। निश्चित रूप से नई आर्थिक नीतियों की विसंगतियों से उपजे असमान परिदृश्य में लाखों लोग गरीबी की रेखा से ऊपर तो उठ गए,लेकिन वे बीमारी, नौकरी छूटने या जलवायु परिवर्तन से उपजी आपदाओं जैसे संकटों के प्रति संवेदनशील बने हुए हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार गरीबी कम करने वाले उपायों में कई तत्व शामिल हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में तेज और सतत आर्थिक विकास के लिए नीतियों और कार्यक्रमों का विकास और क्रियान्वयन करना, जिससे गरीबों को विकास में भाग लेने और योगदान देने का अवसर मिले। अध्ययनों के अनुसार, किसी देश की औसत आय में 10 फीसदी की वृद्धि से गरीबी 20-30 फीसदी कम हो जाती है। जल और अन्य प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में सरकार सुधार करें। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अधिकांश गरीब लोग जीवनयापन के लिए कृषि या अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। नतीजतन, उन्हें अपने संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करने के लिए उन संसाधनों तक अधिक न्यायसंगत पहुंच की आवश्यकता होती है।

अगर देश में गरीबी उन्मूलन अभियान को सार्थक बनाना है, तो जनता को सिर्फ साक्षर नहीं शिक्षित करना होगा। ऐसी गुणवत्ता वाली शिक्षा दी जानी चाहिए, जिससे वे समर्थ बनें और अपना जीवन निर्वाह कर लें। जितने अधिक रोजगार निर्मित होंगे, उतनी ही गरीबी दूर होगी। शासन को चाहिए की वे समझें कि सिर्फ अनाज व रुपए देकर गरीबी दूर नहीं की जा सकती। ऐसी योजनाएं ज्यादा काम न करने की प्रवृत्ति जगाती हैं। हालांकि ये सरकार की जिम्मेदारी है कि कोई भी व्यक्ति आहार से वंचित न रहे। इसके लिए आवश्यक है कि सिर्फ असहाय बुजुर्ग व दिव्यांगों को ही मुफ्त अनाज की सुविधा दी जाए। बाकी लोगों के लिए मनरेगा की तर्ज पर अनाज के लिए 5 से 10 दिन का काम अनिवार्य कर देना चाहिए। इससे लोगों में काम करने की प्रवृत्ति जागेगी और निश्चित ही गरीबी कम होगी। सरकारी नीतियां ऐसी हों, जो गरीबी, अज्ञानता, बीमारी एवं अवसरों के अभाव का शिकार हैं, उनके आंसू पौंछ सकें। समाज में व्याप्त असमानताओं को दूर करने और ग्रामीण विकास के लिए आवंटित धन की बंदरबांट रोकने की जरूरत है। विभिन्न लघु उद्योगों में प्रशिक्षण कर युवा वर्ग को स्वावलंबी बनाने पर ध्यान देना चाहिए। निर्विवाद रूप से सामाजिक न्याय के लिये गरीबी कम करने के साथ, कमजोर तबकों के लिये सम्मान,समानता और नीतियों में लचीलापन जरूरी है। वास्तव में गरीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं। आर्थिक कल्याणकारी नीतियों का मकसद मुफ्त की रेवड़ियां बांटना न होकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होना चाहिए। निर्धन आबादी के लिये जनकल्याण की योजनाएं जरूर चलायी जानी चाहिए, लेकिन एक वक्त के बाद सरकारी सहायता पर उनकी निर्भरता को कम करना भी उतना ही जरूरी है। शिक्षा के प्रसार से इस वर्ग की उत्पादकता बढ़ने की भी कोशिश की जानी चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से कम किया जा सकता है।

**राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार**



# राशिफल

**मेषः-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

**वृषभः-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**मिथुनः-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्कः-** शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे।

**सिंहः-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें।

**कन्याः-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे।

**तुलाः-** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

**वृश्चिकः-** आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**धनु :-** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी।

**मकरः-** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी।

**कुंभः-** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीनः-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी।

# चीन की नीतियों से तिब्बती संस्कृति संकट में

**ओम प्रकाश सिंह**

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की तिब्बत में लागू की जा रही सांस्कृतिक और राजनीतिक नीतियों को लेकर एक नई अमेरिकी रिपोर्ट में गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग के शासनकाल में तिब्बती बच्चों को जबरन चीन की संस्कृति और भाषा में ढालने की कोशिश हो रही है, जिससे उनकी पारंपरिक पहचान और धार्मिक स्वतंत्रता को गहरा आघात पहुंच रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक चीन सरकार ने तिब्बती बच्चों को कम उम्र में ही उनके परिवारों और समुदायों से अलग करके आवासीय बोर्डिंग स्कूलों में भेजना शुरू कर दिया है, जहां उन्हें सिर्फ मंदारिन भाषा सिखाई जा रही है और तिब्बती भाषा, संस्कृति और बौद्ध परंपराओं से दूर रखा जा रहा है। लगभग दस लाख तिब्बती बच्चे अब इन सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं, जहां उनका संपर्क पारंपरिक तिब्बती शिक्षा और धार्मिक वातावरण से कट जाता है। रिपोर्ट कहती है कि यह सिर्फ भाषा की शिक्षा नहीं है, बल्कि यह तिब्बती पहचान को मिटाने की एक संगठित कोशिश है। रिपोर्ट के अनुसार, धार्मिक मामलों पर निगरानी रखने वाले अधिकारियों द्वारा बौद्ध भिक्षुओं और ननों पर कड़ा नियंत्रण रखा जा रहा है। उन्हें सरकार की अनुमति के बिना धार्मिक शिक्षा देने की मनाही है। यहां तक कि बच्चों को मठों में प्रवेश करने या धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने से भी रोका जा रहा है। कई मठों पर निगरानी कैमरे लगाए गए हैं, और भिक्षुओं को अपनी धार्मिक निष्ठा के बजाय चीन के प्रति देशभक्ति दिखाने के लिए मजबूर किया जाता है। शी जिनपिंग द्वारा बार-बार राष्ट्रीय एकता और चीनी राष्ट्र की एकता की बात की जाती है, लेकिन आलोचकों का कहना है कि इसके नाम पर सांस्कृतिक विविधता को खत्म किया जा रहा है। तिब्बत, शिनजियांग और इनर मंगोलिया जैसे क्षेत्रों में स्थानीय भाषाओं और परंपराओं को दबाकर चीनी पहचान को थोपने का प्रयास किया जा रहा है। ? तिब्बती के साथ-साथ उइगर मुसलमानों और मंगोलियन सभ्यता और संस्कृति के लोगों को भी इसी तरह से थोपी गई नीतियों से दबाया जा रहा है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि 2014 से अब तक शी जिनपिंग ने बार-बार यह दोहराया है कि ÷सभी जातीय समूहों को एक साझा राष्ट्रीय पहचान के तहत आना चाहिए।÷ इस विचारधारा के तहत स्थानीय पहचान और विविधता को कम किया जा रहा है।

भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती सरकार (सेंट्रल तिब्बती एडमिनिस्ट्रेशन) ने इस अमेरिकी रिपोर्ट का समर्थन करते हुए कहा है कि तिब्बती बच्चों को जबरन मंदारिन सिखाकर और उनकी मातृभाषा को हटाकर चीन उनकी सांस्कृतिक जड़ों को नष्ट करना चाहता है। भारत के धर्मशाला स्थित प्रशासन ने यह भी कहा कि तिब्बती बच्चों को जो शिक्षा दी जा रही है, वह न केवल उनकी भाषाई पहचान मिटा रही है, बल्कि उनके धार्मिक और नैतिक मूल्यों को भी तोड़ रही है। यूएन ह्यूमन राइट्स कमीशन और एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसे संगठनों ने चीन के इस रवैये की पहले भी आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, तिब्बत में धार्मिक स्वतंत्रता पर गंभीर प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं और सरकार द्वारा नियंत्रित शिक्षा प्रणाली में बच्चों को 'देशभक्त नागरिक' के रूप में ढाला जा रहा है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र और उसके बाहर रहने वाले तिब्बती बच्चों के लिए हजारों आवासीय स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। इन स्कूलों का मकसद बताया जाता है कि यह आधुनिक शिक्षा और जीवन कौशल प्रदान करते हैं, लेकिन आलोचक कहते हैं कि ये स्कूल एक तरह से री-एजुकेशन कैंप हैं, जहां बच्चों को चीनी संस्कृति में ढालने का प्रयास होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्कूलों में न केवल मंदारिन को मुख्य भाषा बनाया गया है, बल्कि पाठ्यक्रम भी इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि उसमें तिब्बती इतिहास, धर्म या संस्कृति के लिए कोई स्थान नहीं है। तिब्बत में धार्मिक गतिविधियों, साहित्य, सोशल मीडिया और यहां तक कि पारिवारिक समारोहों तक पर सरकार की सख्त निगरानी है। किसी भी असहमति को अलगाववाद या राष्ट्रविरोधी गतिविधि मानकर दंडित किया जा सकता है। कई मामलों में भिक्षुओं और धार्मिक नेताओं को हिरासत में लिया गया है या उन्हें जबरन देशभक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए मजबूर किया गया है। ? यह प्रशिक्षण उन्हें उनकी संस्कृति से काटने का एक जरिया है।

अमेरिकी रिपोर्ट में बताया गया है कि तिब्बत में शिक्षकों को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है कि वे बच्चों को राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का पाठ पढ़ाएं। शिक्षकों पर दबाव डाला जाता है कि वे बच्चों की वैचारिक सोच को चीन के अनुसार ढालें। इस प्रक्रिया में बच्चों को न केवल उनके धार्मिक विश्वासों से अलग किया जाता है, बल्कि पारिवारिक और सांस्कृतिक मूल्यों से भी दूर किया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह प्रक्रिया जारी रही तो अगली पीढ़ी के तिब्बती युवा अपनी भाषा, धर्म और संस्कृति से पूरी तरह कट जाएंगे। इससे न केवल उनकी पहचान पर संकट मंडराएगा, बल्कि तिब्बती समुदाय की सामाजिक संरचना और आत्मसम्मान पर भी गंभीर प्रभाव पड़ेगा। एक तिब्बती मानवाधिकार कार्यकर्ता के शब्दों में, हमारी संस्कृति को मिटाने की यह प्रक्रिया गुप्त नहीं, बल्कि खुलेआम हो रही है-स्कूलों, मठों, और हर सार्वजनिक स्थान पर। हालांकि अमेरिका और कुछ यूरोपीय देश तिब्बती मुद्दों पर चीन से सवाल करते रहे हैं, लेकिन चीन की आर्थिक और राजनीतिक ताकत के कारण कोई भी देश निर्णायक हस्तक्षेप नहीं कर पा रहा है। तिब्बती नेताओं और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे केवल बयानबाजी न करें, बल्कि चीन पर दबाव बनाने के लिए ठोस कदम उठाएं। दरअसल राष्ट्रपति शी जिनपिंग की 'राष्ट्रीय एकता' की नीति ने तिब्बत की सांस्कृतिक स्वतंत्रता पर गहरा असर डाला है। बच्चों को जबरन मंदारिन सिखाने से लेकर धार्मिक स्थलों पर निगरानी तक, हर कदम तिब्बती पहचान को कमजोर करने की दिशा में उठाया जा रहा है। यदि यह स्थिति यूं ही बनी रही, तो आने वाले वर्षों में तिब्बती भाषा, धर्म और संस्कृति को संरक्षित रखना बेहद कठिन हो जाएगा। वहां रहने वाले उइगर मुसलमानों, मंगोलियन और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सभ्यता संस्कृति की भी यही दुर्दशा होनी है। यह केवल एक सांस्कृतिक संकट नहीं, बल्कि एक पूरे समुदाय के अस्तित्व से जुड़ा सवाल बन चुका है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय ( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेंसी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 9451244788, 9554964672**

### पहले दिन शुरू हुए यमुना पुल के मरम्मतीकरण में दुरुस्त की गई 14 नंबर कोठी

# पुल के मरम्मतीकरण के चलते वाहनों का आवागमन बंद

- दिन भर लोग रहे परेशान
- सोमवार को भी होगा काम, बंद रहेगा पूरी तरह से वाहनों का आवागमन



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

जांच में कमी पाए जाने पर यमुना पुल के मरम्मतीकरण का कार्य किया जा रहा है। जो दो दिनों तक चलेगा। जिसके चलते शनिवार को पुल की कोठियों की जांच की गई। इस दौरान वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रहा। जिससे आस पास के लोग मुख्यालय आने के लिए पैदल ही पुल पार करते नजर आए।

शनिवार की सुबह छह बजे से ही पीएनसी की टीम यमुना पुल को दुरुस्त करने में जुट गई। हाइड्रा की मदद से पुल से सौ मीटर दूर ही भारी पत्थर लगाकर बेरिकेड्स कर दी गई। जिसके बाद पूरी तरह से आवागमन बंद हो गया। वहीं कानपुर तरफ दुर्गा मोड़ के पासबेरिकेड्स की गई। ताकि कोई वाहन न आ सके।

आसपास गांवों के लोगों को आने जाने में कोई असुविधा न हो। इसके लिए लोगों को पैदल चलने की सहूलियत दे दी गई और लोग कड़ी धूप में पांच किलोमीटर का सफर तय कर इस पार से उस पार और उस पार से इस पार पहुंचे। पीएनसी के प्रोजेक्ट मैनेजर एमपी वर्मा ने बताया कि इस काम में दो इंजीनियर लगाए गए हैं इसके अलावा तीन लोग निगरानी में लगे हैं। कुल 15 सदस्यीय टीम पुल को दुरुस्त करने में लगाई गई है। शनिवार को हमीरपुर साइड का काम किया गया। कानपुर से हमीरपुर की तरफ पड़ने वाले 14 नंबर कोठी का काम किया गया। जिसमें प्रेशर जैक लगाकर उसे उठाया गया और उसकी खराब दो बेयरिंग बदलकर उसके स्थान पर नई बेयरिंग लगाई गईं। रविवार को कानपुर साइड की बेयरिंग को बदलने का काम किया जाएगा।

इस संबंध में प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि पुल के मरम्मतीकरण का काम दो पार्ट में किया जा रहा है। शनिवार को पहले दिन हमीरपुर साइड की बेयरिंग बदली गई और रविवार को कानपुर की साइड की बेयरिंग बदली जाएगी। सोमवार को सुबह छह बजे से पुल लोगों के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। हालांकि आज लोगदिन भर परेशान रहे उधर नौ रोडवेज की नौ वसे बाहर चली गयी थी जिससे बसो का भी टोटा रहा।

### पचहत्तर साल बाद भी नहीं हुई चकबंदी

#### सरकार से उम्मीद लगाए बैठे हैं सुमेरपुर के किसान

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** स्वतंत्रता के 75 वर्षों बाद भी हमीरपुर जनपद के औद्योगिक नगर सुमेरपुर में चकबंदी की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि वर्षों से दबंगों और बाहुबलियों के हस्तक्षेप के कारण चकबंदी की प्रक्रिया बार.बार बाधित होती रही है। स्थानीय किसान संजय त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करते हुए कहा है कि जब भाजपा सरकार सत्ता में आई थीए तब क्षेत्रवासियों को उम्मीद जगी थी कि अब सुमेरपुर में चकबंदी अवश्य होगी और किसानों को उनकी जमीन का समुचित अधिकार मिलेगा। किसानों का कहना है कि चकबंदी न होने से भूमि विवाद असमान खेती और सरकारी योजनाओं का लाभ न मिल पाने जैसी समस्याएं लगातार बनी हुई हैं। किसानों की मांग है कि मुख्यमंत्री स्वयं इस मामले में हस्तक्षेप करें और सुमेरपुर में शीघ्र चकबंदी प्रक्रिया शुरू कराएं जिससे क्षेत्र में खेती व्यवस्थित हो सके और किसान राहत की सांस ले सकें। बताया जाताहै कि टाउन का नक्शा न मिल पाने के कारण चकबंदी प्रक्रिया नही शुरु हो पा रही है।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला व एक मासूम की मौत, महिला झुलसी

- सदर विधायक ने मौके पर जाकर दी लोगों को सांत्वना

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



सुमेरपुर क्षेत्र में शनिवार को अलग अलग क्षेत्रों में आकाशीय विजली गिरने से मासूम व एक महिला की मौत हो गयी। सदर विधायक ने घटना स्थल पर जाकर लोगो को ढाढस बंधाया है।

पुलिस के मुताबिक शनिवार की शाम लगभग 5 बजे अचानक मौसम ने करवट ली। आसमान में बादल छा गए और तेज गर्जना के साथ हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई जिससे गर्मी से कुछ राहत मिली। इसी बीच ग्राम दरियापुर और महमूद पुर के बीच आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला एक मासूम व एक भैंस की मौत हो गई। शनिवार को अचानक काले बादल घिर आने के बाद वारिश शुरु हो गयी इसी बीच थाना सुमेरपुर क्षेत्र के दरियापुर गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया।

खेतों में पशुओं को चराने गई सुरेंद्र कुमार प्रजापति की पत्नी राधा(35) एक पेड़ के नीचे खड़ी थी तभी आकाशीय बिजली गिर गई जिससे उसकी मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इसी तरह थाना ललपुरा क्षेत्र के ग्राम पौथिया के मजरा महमूदपुर में आकाशीय बिजली गिरने से 7 वर्षीय बालक अनुभव की मौत हो गई जबकि उसकी चाची अनीता झुलस गई आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक भैंस की भी मौत की मौत हो गईए घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक राधा और मासूम की सांसें थम चुकी थीं। इस हृदयविदारक हादसे से परिवार में कोहराम मच गया है। घटना की खबर पाकर सदर विधायक मनोज प्रजापति घटना स्थल पर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना प्रदान की ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा व सहायता प्रदान करने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### भीषण गर्मी के बीच समाजसेवियों ने राहगीरों को पिलाया शरबत

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** मूसानगर रोड, सरकारी अस्पताल के सामने कई समाजसेवियों द्वारा राहगीरों को ठंडे पेयजल एवं दूध के शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभासद रोहित सिंह, एंडी के अलावा तनवीर आलम न्यू टेक गाइडेंस कोचिंग, एडवोकेट राकेश बाबू, जगदीश प्रसाद , अशोक कुमार बीज भंडार, हरिओम सविता, रिशू तिवारी, अंकित सचान, आर्यन ठाकुर, आशीष, शिवम दीक्षित, सलमान, अमन, विवेक प्रजापति ,पुनीत दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

### रेल यात्रियों को शरबत व बिस्किट का किया वितरण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पूरे भारत में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। भीषण गर्मी को देखते हुए प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त एवं प्रयागराज महानिरीक्षक रेणु पी. छिब्बर तथा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त झाँसी विवेकानंद नारायण के निर्देशन में रेल से यात्रा करने वाले यात्रियों को ठंडा मीठा पानी मुहैया करवाने के प्रयास व प्रबंध करवाया जाए द्य उक्त निर्देशन के अनुपालन में आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक रजिन्द्र कुमार द्वारा अपने सहयोगियों उप. निरी. शिवम दुबे, सह. उप. निरी. नरोत्तम मीणा व समस्त आरपीएफ स्टाफ द्वारा जनमानस एवं यात्रियों को तपती गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए रेलवे प्लेटफार्म पर तथा स्टेशन से आने जाने वाली ट्रेनों में जाकर मीठे पानी की छबील एवं बिस्किट का वितरण किया गया द्य इस उक्त नेक कार्य में जीआरपी प्रभारी अखिलेश सिंह भदौरिया अपने समस्त स्टाफ के साथ एवं मोहम्मद रहीश सभासद वार्ड नंबर 9 द्वारा भी अपने साथियो एवं यथासंभव सहयोग सामग्री के साथ सेवा उपलब्ध करवाई गई द्य भीषण गर्मी में इस प्रकार ठंडा मीठा शराबत एवं बिस्किट पाकर यात्रियों, रेलवे कर्मचारियों, ऑटो रिक्शा चालकों, रेलवे में कार्यरत श्रमिकों एवं अन्य नगरवासियों द्वारा यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ आरपीएफ के निस्वार्थ सेवा भाव से इस सामाजिक नेक कार्य की खुले दिल से प्रशंसा की गई।

### नशीला पदार्थ खिलाकर की अश्लील हरकत वीडियो वायरल करने की दी धमकी

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** महिला ने युवक पर नशीला पदार्थ खिलाकर छेड़छाड़ करने व अश्लील फोटो वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।जनपद महोबा के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसका मायका चिकासी थाने के एक गांव में है। वह राठ कस्बे में बीएससी कर रही थी। तभी राठ के बुधौलियाना मोहल्ला निवासी एक एक युवक से मुलाकात हुई। आरोप लगाया कि युवक ने धोखे से उसे नशीला पदार्थ खिलाकर अपने घर ले गया। युवक बेहोशी हालत में उसकी अश्लील फोटो व वीडियो बना ली। आरोप लगाया कि युवक उसके साथ छेड़छाड़ करता रहा। कुछ दिन बाद युवक ने धमकी दी कि तुम्हारी अश्लील फोटो वीडियो हमारे पास है। अगर तुम साथ नहीं रहोगी तो वह फोटो वीडियो वायरल कर देगा। साथ ही तुम्हारे पति को भी भेज दूंगा। आरोप लगाया कि सात जून को युवक का फोन आया कि तुम्हारे पति की हत्या कर दूंगा। तुम्हें अपनी पत्नी बनाकर रखूंगा। बताया कि ऐसा न करने पर युवक अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। महिला ने बताया कि वह युवक से मानसिक रूप से परेशान हैं। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### प्रधानपति ने युवक के साथ मारपीट कर छीनी बाइक, पुलिस में शिकायत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** महिला ने प्रधानपति पर पुत्र के साथ मारपीट कर बाइक व रुपए छीनने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। मझगवां थाने के गुगरवारा गांव निवासी मिथलेश पत्नी मानिकचंद्र ने बताया कि उसका पूरा परिवार दिल्ली में मजदूरी कर परिवार का भरण.पोषण करता है। 15 दिन पहले ही वह सभी लोग दिल्ली से गांव आए हैं। बताया कि गांव की प्रधान व प्रधानपति ने कहा कि हमने मनरेगा के काम रुपए डाला है। जिसे निकाल कर दें दो। उसकी बहू प्रियंका ने सात हजार रुपए निकाल कर प्रधानपति को दे दिए। प्रधानपति एक युवक को लेकर आया और डिवाइस में अंगूठा लगाकर रुपए निकाल कर लें गया। बताया कि शुक्रवार को उसका पुत्र प्रमोद बाइक से राठ आ रहा था। प्रधानपति ने उसके पुत्र को रास्ते में रोका और कहने लगा कि अपनी मां से जो पैसे मनरेगा मजदूरी के खाते में डाले हैंए उनको निकाल कर दे दो। जब उसके पुत्र ने कहा कि घर से पैसे निकलवा लेना। इसी बात पर प्रधानपति नाराज हो गया। आरोप लगाया कि पुत्र के साथ मारपीट करके बाइक व पांच हजार रुपए छीन लिए। कहा कि प्रधान को कई बार मना किया कि हमारे खातों में पैसा नहीं डालो। लेकिन पैसा खाता में डालता हैं और जबरजस्ती मारपीट कर खाता से पैसा निकलवा लेता हैं। प्रार्थिया गरीब महिला हैं। मझगवां थानाध्यक्ष शिव सहाय सरोज ने बताया कि मौके पर दरोगा को जांच के लिए भेजा है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में तेरह शिकायतों में निस्तारण शून्य



**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

महीने के दूसरे शनिवार के अवसर पर कस्बे की कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस मे कुल तेरह शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से एक का भी निस्तारण नहीं हो सका।

कस्बे की कोतवाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सयुंक्त रूप से क्षेत्राधिकारी विनीता पहल और तहसीलदार शिखर मिश्रा ने की। इस दौरान कुल तेरह शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से अधिकांश शिकायतें जमीनी विवाद से जुड़ी रही।सभी शिकायतों को समय रहते गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण के लिए जिम्मेवारों को निर्देश दिए गए हैं।

# महोबा डिपो को मिली नई बस, सदर विधायक ने दिखाई हरी झंडी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



महिला सशक्तिकरण अभियान को बढ़ावा देते हुए महोबा परिवहन निगम को आज एक नई बस और पाँच प्रशिक्षित महिला परिचालकों की सौगात मिली है।

उत्तर प्रदेश सरकार के महिला सशक्तिकरण अभियान को बढ़ावा देते हुए महोबा परिवहन निगम को आज एक नई बस और पाँच प्रशिक्षित महिला परिचालकों की सौगात मिली है । सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने बलिया के लिए नई बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और साथ ही पाँच महिला परिचालकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

शासन के निर्देश पर चयनित 31 महिला परिचालको को महोबा डिपो मे नियुक्त की जाएंगी। इनमें से प्रथम चरण में पाँच महिलाओं ने प्रशिक्षण पूरा कर लिया है और आज उन्हें विधिवत रूप से परिचालक की जिम्मेदारी सौंपी गई। शेष 26 महिलाओं की ट्रेनिंग प्रक्रिया जारी है, जो पूर्ण होते ही बसों में परिचालक के रूप में नजर आएंगी। इस अवसर पर विधायक राकेश गोस्वामी ने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा है कि पारदर्शिता और योग्यता के आधार पर युवाओं को रोजगार मिले।

नियुक्तियां इसी प्रक्रिया का परिणाम हैं। पूर्ववर्ती सरकारों में सिफारिश और भ्रष्टाचार के बिना नौकरी मिलना मुश्किल था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। सदर विधायक ने केंद्र सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को रोजगार में प्राथमिकता दी जा रही है और महोबा में महिला परिचालकों की यह पहल इसका उदाहरण है। विधायक के हाथों नियुक्ति प्रमाण पत्र पाकर महिला परिचालक बेहद खुश थी काली पहाड़ी गांव निवासी शोभना ने बताया कि हमें महिला संविदा परिचालक के रूप में नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ है अब हम भी अन्य लोगों की भांति घर से निकलकर काम कर सकते हैं। शुभ नाम ने बताया कि जो महिलाएं सोचती है कि वह कुछ नहीं कर सकती वह घर से निकाल कर बाहर आए मेहनत करें निश्चित तौर पर वह सफलता हासिल करेगी। मिरतला गांव की रहने वाली साधना राजपूत ने बताया कि हमें एक मौका मिला है जैसे हम बेहतर करके दिखाएंगे। साधना ने कहा कि हमें बिना पैसे और सिफारिश के यह नौकरी मिली है हम सरकार को धन्यवाद देते हैंयह पहल न केवल क्षेत्र के सार्वजनिक परिवहन को मजबूती देगी, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम भी साबित होगी। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की है।

# आग से जलकर वृद्धा की मौत की बात नहीं उतर रही किसी के गले

- मच्छर भगाने के लिये आग जलाने की साजिश, आनन फानन कर दिया अंतिम संस्कार

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रीवन निवासी रामानंद साहू की पत्नी शकुंतला (65) ने गुरूवार रात पति से झगड़ा कर आग लगा आत्महत्या का प्रयास किया था जिसे गम्भीर हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया था जिसे पुलिस ने पहले तो पोस्टमार्टम के लिए हमीरपुर भेज दिया अब पुलिस पर क्या दबाव आया कि शव को सुमेरपुर पहुँचने से पहले लौटा लिया गया और आनन फानन में उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया अंतिम संस्कार के बाद गाँव में चर्चा का बिषय गर्म हुआ की जिसके तीन बेटे प्रोफेसर है वह मच्छर भगाने के लिए धुँआ क्यों करेगी।

मिलीं जानकारी के अनुसार रामानंद साहू के चार बेटे है जिसमे तीन बेटे प्रोफेसर है जो दो बेटे शीतल साहू और हरिनारायण साहू दिल्ली यूनिवर्सिटी और तीसरा बेटा रवींद्र साहू पटना यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर है। चौथा बेटा शिवशंकर गांव में रहकर पिता के साथ खेती-किसानी में हाथ बंटाता है वही रामानंद का भाई प्रेमानंद भी गाँव में रहता है किसी बात को लेकर शकुंतला व प्रेमानंद में झगड़ा हो गया और प्रेमानंद ने शकुंतला की बेज्जती कर दी जिससे शकुंतला उससे खपा रहने लगी और उसके यहाँ आना जाना बन्द हो गया गुरूवार को प्रेमानंद के घर में नाती होने पर कुआं पूजन कार्यक्रम था जिसमे रामानंद और उसका बेटा शिवशंकर उसके कार्यक्रम में चले गए और शकुंतला को भी जाने को कहा इसी बात को लेकर पति पत्नी में झगड़ा हो गया जब परिजन कार्यक्रम में शामिल होने चले गए तो शकुंतला को प्रेमानंद द्वारा की गई बेज्जती याद आई और उसने सूने घर में अपने आपको आग के हवाले कर दिया स आग लगाकर वह चिल्लाने लगी तो बगल के घर में हो रहे कार्यक्रम से पति और बेटे सहित मुहल्ले के लोग आये स गम्भीर हालत में सरकारी अस्पातल में भर्ती कराया जहां चिकित्स्कों ने मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद परिजनों ने मनगड़त कहानी रची कि मच्छर भगाने के लिए जलाई गई आग से जल कर मरी है वही मृत महिला का पीएम न कराने के संबंध में पुलिस से जानना चाहा तो हल्का इंचार्च एस आई सूर्यबली ने बताया कि वहां मौजूद पति व बेटे ने पीएम कराने से मना किया तब प्रोफेसर बेटो से बात हुई तो उन्होंने भी व्हाट्सअप पर लिखित में भेजा कि हमे अपनी माँ का पीएम नहीं कराना है। शनिवार को कुछ समाजसेवी रीवन गाँव में रामानंद के घर जाकर सांत्वना दी और फोटो खींचने लगे तो उसके प्रोफेसर पुत्र सीतल साहू और हरिनारायण ने फोटो खींचने से मना कर दिया स जिसने फोटो खींची थीं उसके मोबाइल से फोटो भी डिलीट कराई।

# भीषण गर्मी बनी मौत की वजह 24 घंटे में चार की गई जान

- प्रशासन बेखबर दैवीय आपदा में एक भी मौत नहीं हुई दर्ज

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। पिछले 24 घंटे में हीटवेव के चलते चार लोगों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार को पत्योरा और पंधरी गांव में दो बुजुर्गों की मौत के बाद शनिवार को बिरखेरा और फैक्ट्री एरिया में दो और मौतों की पुष्टि हुई है।

शनिवार को बिरखेरा निवासी भाई बच्चा ने बताया कि उनका 65 वर्षीय रिश्तेदार चिरंगीलाल यादव सुबह खेत गया था। दोपहर करीब 11 बजे लौटने के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थेए लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक अविवाहित था। दूसरी घटना फैक्ट्री एरिया की है। चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि आजमगढ़ के थाना कप्तानगंज के ग्राम बिलारी निवासी 60 वर्षीय ट्रक चालक दयाराम यादव एक फैक्ट्री में माल खाली करने आया था। रात में फैक्ट्री के बाहर उसकी लाश पाई गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। आशंका है कि चालक हीटवेव का शिकार हो गया। लगातार बढ़ती गर्मी से न सिर्फ इंसान बल्कि पशु.पक्षी भी जान गंवा रहे हैं। फिर भी प्रशासनिक स्तर पर कोई राहत या जागरूकता अभियान नहीं चलाया जा रहा है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल चिकित्सा सहायता और हीटवेव से बचाव के उपाय लागू करने की मांग की है। इधर दैवीय आपदा विभाग का मानना है कि जब मृतक का पोस्टमार्टम हो और रिपोर्ट में लू लगने की मौत की पुष्टि हो तभी उसे शासन की तरफ से आर्थिक लाभ मिल सकता है मगर न कोई मृतक के परिवारीजन पोस्टमार्टम नही कराते न ही इस मामले में कोई ध्यान देता है जिससे लोग लाभ से वंचित हो जाते है।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, एक अन्य घायल

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



भीषण गर्मी के बाद अचानक तेज हवाओं एवं बारिश के बीच अचानक बिजली गिरने से एक चरवाहा की मौत हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। एसडीएम चरखारी ने घायल के स्वास्थ्य के बारे में चकित्सक से चर्चा करते हुए परिजनों से बात करते हुए समुचित सहयोग का आश्वासन दिया है। बिजली गिरने की घटना समय करीब 3.45 की बताई जा रही है जहां बालकिशन पुत्र कढ़ोरा उम्र 53 वर्ष व धीरेन्द्र पाल सिंह पुत्र हल्के दाऊ उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम पंचमपुरा थाना चरखारी जंगल में जानवर चरा रहे थे और अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश होने पर पास में पेड़ के पास खड़े हो गए तभी तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशी बिजली गिरी ओर दोनों ही उसकी चपेट में आ गए। घटना में बालकिशन की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि धीरेन्द्र पाल गंभीर रूप से अचेत हो गया जिसका इलाज सीएचसी में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम चरखारी डॉ. प्रदीप कुमार, तहसीलदार आर.एन. मिश्रा, नायब तहसीलदार आलोक मिश्रा, थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार, लेखपाल लक्ष्मण सिंह, दीपांशु अस्पताल पहुंचे तथा घटना के संबंध में परजिनों से बात करते हुए समुचित सहयोग दिलाए जाने का आश्वसा दिया है। बालकिशन की मौत से गांव में गम का माहौल है तथा परिवार में कोहमराम मचा हुआ है।

# मानक के अनुरुप रोड नहीं बनवा रहा ग्राम प्रधान, एसडीएम से की शिकायत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार व सीओ राजीव प्रताप सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया।

समाधान दिवस आईं पांच शिकायतों में तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। क्षेत्र के स्यावरी गांव निवासी गोरेलाल पूरनलाल कलावती ठाकुरदास मन्नू ज्वाला प्रसाद ऊदल आदि ने बताया कि मनरेगा योजना से ग्राम प्रधान द्वारा गांव में सीसी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें रास्ता को सामान रूप से रोक दिया गया है। सड़क को आठ फुट बीच में तीन फुट इसके बाद छह फुट इस तरह से बनवाई जा रही है। बताया कि गांव के कुछ लोग सड़क को नहीं बनने दे रहे हैं। आस पास बहुत जगह पड़ी है। बताया कि सड़क बनने पर उक्त लोग झगड़ा करने लगते हैं। ग्रामीणों ने थाना दिवस में शिकायती पत्र दिया है। इस दौरान थाना दिवस में अवैध कब्जा की शिकायतें छाईं रही। इस मौके पर कोतवाल राम आसरे सरोजए क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश पांडेय सहित लेखपाल मौजूद रहे।

# एक दिन मरघट जाना होगा साथ में नहीं खजाना होगा

- कवि गोष्ठी का किया गया आयोजन, कवियों ने पढ़ी सुंदर कविताएं

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



सर्वोदय साहित्य सेवा संस्थान के तत्वाधान में अंबेडकर पार्क हमीरपुर में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया।संस्था द्वारा सर्वप्रथम अहमदाबाद में हुए दर्दनाक प्लेन क्रैश में मारे गए यात्रियों को याद कर अश्रुपूरित भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डाला गया और रक्तदान करने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया।इस मौके पर कवि दिनेश चंद्र आर्य ने पढ़ा कि हँस हँस कर आज हमको रुलाने लगे हैं लोग।

फूलों में नागफ़नियाँ चुभाने लगे हैं लोग। बाल कवयित्री अपूर्वा चक्रवर्ती ने रचना को बढ़े सुंदर ढंग से पढ़ा .वर्षो तक वन में घूम घूम बाधा विघ्नों को चूम चूम सह धूप पानी पत्थर। प्रेमपाल द्विवेदी ने पढ़ा .एक दिन मरघट जाना होगा साथ में नहीं खजाना होगा।अरे प्यार से रह ले बंदे फिर कभी नहीं मिल पाना होगा। रणविजय चक्रवर्ती ने पढ़ा . एक चेहरे के पीछे अनेक चेहरे रखता है आदमी। और नकाब हटाने से बहुत डरता है आदमी। पंकज अनुराग ने पढ़ा बनी आज धरणी एक जलता सदन है महक आए विष की जो बहती पवन है।सुमेरपुर से पधारे वीरेंद्र पाल ने पढ़ा मीठा है इतना आम हमारे गाँव का लेती है दुनियाँ नाम हमारे गाँव का।निवादा से पधारे कवि जगदीश चंद्र जोशी ने पढ़ा रोजगाह तो मिले मगर संतुष्टि होना चाहिए।भले कम हो पगार पर स्थाई होना चाहिए। देवनारायण सोनी ने पढ़ा. तेल बाती दीप से दीपक बना लिया मंच का संचालन कर रहे संस्था के प्रबंधक कमल किशोर कमल ने पढ़ा .तप रहा वसुधा का आँचल तप रहा हर जीव प्राणी छोड़ दे हठ मेघ अपनी कह रही हर झील झाड़ी इस मौके पर विजय पाल आत्मप्रकाश सुरेश कुमार अरविंद यादव देवीदास अनुरागी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगदीश चंद्र जोशी ने की।

# सीएटीसी-216 कैंप के 9वें दिन हुआ भव्य सांस्कृतिक आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




26 यूपी एनसीसी बटालियन द्वारा आयोजित सीएटीसी-216 कैंप के नवें दिन इंडियन एकेडमी, पलिया कला में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कैडेट्स के उत्साहवर्धन और प्रतिभा प्रदर्शन के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कैंप कमांडेंट कर्नल चित्र सेन ने की। इस अवसर पर पीआई स्टाफ, एएनओ, जीसीआई अधिकारीगण सहित लगभग 446 कैडेट्स मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बेस्ट कैडेट की घोषणा रही, जिसमें बीबीएलसी इंटर कॉलेज, खमरिया के अनुराग और पब्लिक इंटर कॉलेज, सम्पूर्णानगर की पूजा यादव को क्रमशः सीनियर डिवीजन और सीनियर विंग का बेस्ट कैडेट चुना गया। ग्रुप सॉन्ग, ग्रुप डांस, नाटक और एकल प्रस्तुतियाँ प्रतियोगिता के रूप में हुईं, जिनमें कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन किया। चार्ली कम्पनी को ओवरऑल चैम्पियन घोषित किया गया, जिसमें कई विद्यालयों के कैडेट्स सम्मिलित थे। कैंप संचालन में लेफ्टिनेंट सुरविंद कुमार, अवनिंद्र वर्मा, विशाल परासर, मुनीश दीक्षित और तृतीय अधिकारी ललिता देवी ने कम्पनी कमाण्डर की भूमिका निभाई। विजेता टीमों को कैंप कमांडेंट द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत हम सब भारतीय हैं के साथ हुआ, जिसने वातावरण को राष्ट्रभक्ति से भर दिया। यह सांस्कृतिक संध्या कैडेट्स के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव रही।

# छप्पर में चल रही थी अवैध शराब की भट्ठी, 20 लीटर कच्ची शराब बरामद

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम लखरावा में पुलिस ने एक घर के छप्पर में अवैध कच्ची शराब बनाते हुए एक व्यक्ति को रंगेहाथों गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से करीब 20 लीटर अवैध कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए। चौकी मूड़ा सवरान पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव के पसियाना मोहल्ले में एक व्यक्ति अपने छप्पर में अवैध शराब बना रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हिकमतअमली से दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान संदीप कुमार पुत्र मेडई लाल, निवासी लखरावा, थाना गौला, जनपद खीरी के रूप में हुई है। छप्पर के अंदर शराब बनाने का पूरा तंत्र बना हुआ था, जिसमें ईंट का चूल्हा, एल्यूमिनियम के पतीले, मिट्टी की कूड़ी, प्लास्टिक पाइप और कांच की बोतल आदि शामिल थे। पुलिस ने मौके पर ही उपकरण नष्ट कर दिए और शराब की पिपिया को सील कर जब्त किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शराब बनाकर बेचता है जिससे उसका परिवार चलता है। उसके पास कोई वैध लाइसेंस नहीं था। आरोपी को धारा 60(2) आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सेवा-सुशासन के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सभा आयोजित

**▸ सतीश चंद्र शर्मा ने मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों को बताया ऐतिहासिक**

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को ब्लॉक बनीकोडर सहित दरियाबाद और नियामतगंज बाजार में 'विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन किया गया। दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर हुए कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा व पूर्व सांसद लल्लू सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बनीकोडर सभागार और दरियाबाद ब्लॉक में पूर्व सांसद ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और विकास कार्यों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 11 वर्षों में हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा, मोदी जी का कार्यकाल भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव साबित हुआ है। इन वर्षों में भारत ने गरीबी, भ्रष्टाचार, जातिवाद और परिवारवाद जैसी समस्याओं पर प्रभावी प्रहार किया है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं ने आम नागरिक के जीवन को बदल दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल योजना, जनधन योजना, महिलाओं के प्रति कई योजनाएं, स्वच्छ भारत मिशन और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि आज देश का गरीब और सामान्य नागरिक आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। नियामत गंज में मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और निवेश के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार हुए हैं। उन्होंने कहा कि यूपी आज देश में विकास का मॉडल बनकर उभर रहा है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह ने 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए संकल्प लिया और देशहित में जनभागीदारी निभाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह रिंकू, मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, आकाश पांडेय, प्रदीप सिंह, दुर्गा प्रसाद पांडेय, लज्जा चतुर्वेदी, दीपक वर्मा,ज्ञानेंद्र तिवारी, दीपक कसौधन, विवेक तिवारी, ओम प्रकाश तिवारी,जवाहरलाल वर्मा, सहित काफी सख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन गेमिंग से ठगी के रुपये पुलिस ने कराया वापस

**बाराबंकी।** ऑनलाइन गेमिंग एप के माध्यम से टास्क पूरा करने के नाम पर फ्रॉड किए जाने के सम्बन्ध में साइबर क्राइम थाना, बाराबंकी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 69,508/- रूपये की धनराशि को आवेदक के खाते में वापस कराया गया है। साइबर सेल जनपद बाराबंकी को ऑनलाइन 1930 के माध्यम से प्राप्त सूचना जिसमें आवेदक अभिषेक गुप्ता पुत्र संजय गुप्ता निवासी सूरतगंज थाना मोहम्मदपुर खाला बाराबंकी ने अपने साथ ऑनलाइन गेमिंग एप के माध्यम से टास्क पूरा करने के नाम पर हुए फ्रॉड के सम्बन्ध में उल्लेख किया गया। संदर्भित प्रकरण में एसपी बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम सेल/थाना द्वारा तत्काल बैंक/मर्चेंट से पत्राचार कर खाता होल्ड कराकर 69,508/- रूपये की धनराशि आवेदक के खाते में वापस कराया गया।

## पिकप से भिड़े बाइक सवार भाई-बहन घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



सुबेहा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत छोटी चौकी के पास शनिवार की सुबह लगभग 9 बजे मोटरसाइकल सवार की पिकप से पीछे से भिड़ंत हो गई। इस हादसे के दौरान मोटरसाइकल चालक घायल हो गया। पीछे बैठे भाई बहन को भी चोट आई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने परिजनों को सूचित किया मौके पर पहुंचे परिजन घायल को इलाज हेतु अस्पताल लेकर चले गए। जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे ललक मजरे कमेला गांव निवासी तुषार पुत्र रामप्यारे अपनी छोटी बहन व चचेरे भाई को बाइक से बैठाकर सुबेहा की ओर से गांव की तरफ जा रहा था कि तभी दूध लादकर जा रही पिकप की गाड़ी के आगे चल रहे मारुति चालक ने अचानक ब्रेक मार दी। जिसको देखते हुए पिकप चालक ने भी ब्रेक मार दी। तभी बाइक सवार की पीछे से भिड़ंत हो गई। गनीमत यह रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। बाइक चला रहे तुषार को काफी चोट आई है। बहन ,चारु, चचेरा भाई नमन को मामूली चोट आई।

# गैंगेस्टर के वांछित सहित चार गिरफ्तार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



संदिग्ध व्यक्तियों/ वांछित अभियुक्तों/ वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में बाराबंकी पुलिस द्वारा 02 वारण्टी व 04 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 51 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी। थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 14.06.2025 को मु.अ.सं.-272/2025 धारा 3(1) यू.पी. गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त मुन्ने उर्फ सिराजुल हसन पुत्र पीर गुलाम निवासी मैलारायगंज थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 14.06.2025 को मु.अ.सं. 261/2025 धारा 3/5(1) यूपी विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम-2021 से सम्बन्धित अभियुक्त रवि नट पुत्र बजरंग निवासी ग्राम बांकेपुर मजरे दुर्जनपुर पट्टी थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को सफदरगंज-दरियाबाद तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 14.06.2025 को मु.अ.सं.-294/2025 धारा 69/89/131/352/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त उमेश कुमार पुत्र जगजीवन निवासी ग्राम खिदरापुर मजरे सैदनपुर थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 14.06.2025 को मु.अ.सं.-338/2025 धारा 65(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त जावेद पुत्र अब्बास निवासी ग्राम दशवन्तपुर थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

# गोल्ड लोन में गड़बड़झाला, बैंक मैनेजर सहित चार पर मुकदमा दर्ज

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बदोसराय थाना क्षेत्र के मरकामऊ गांव स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में गोल्ड लोन घोटाला सामने आया है। मरकामऊ के नसरुद्दीन नाम के ग्राहक ने बैंक मैनेजर समेत चार लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। नसरुद्दीन ने बताया कि दो साल पहले वह बृजेश कुमार के साथ बैंक गए थे।

बैंक के बाहर बरौलिया गांव के गोविंद मिले, जिन्होंने खुद को बैंक कर्मचारी बताया। गोल्ड लोन के लिए फॉर्म भरवाकर सोने का एक हार और चार कंगन लेकर एक लाख रुपए दिए गए।11 महीने बाद जब नसरुद्दीन लोन की जानकारी लेने बैंक पहुंचे, तो मैनेजर वैभव यादव ने बताया कि उनका लोन 1.45 लाख रुपए है। अतिरिक्त 45 हजार रुपए के बारे में पूछने पर बृजेश ने भुगतान का आश्वासन दिया, लेकिन टालता रहा।6 महीने बाद लोन की राशि बढ़कर 1.62 लाख रुपए हो गई। नसरुद्दीन ने चेक से पूरी राशि जमा कर दी, लेकिन उन्हें गहने वापस नहीं मिले। 15 मई की शाम को जब वह गहने मांगने बैंक पहुंचे, तो आरोपियों ने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बैंक मैनेजर वैभव यादव, बृजेश तिवारी, गोविंद वर्मा, सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

# कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



पूर्व कोटेदार के घर सरकारी राशन रखने को लेकर विवाद लगाते हुए वर्तमान और पूर्व कोटेदार पर मिलीभगत का आरोप गांव के लोगों ने लगाया है। ग्रामीणों ने नाराज जताते हुए जमकर विरोध किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को संभाला। जानकारी के अनुसार विकास खंड हरख के गोठिया ग्राम पंचायत में राशन वितरण को लेकर विवाद हो गया। मौजूदा कोटेदार मोहम्मद सादिक द्वारा सरकारी राशन को पूर्व कोटेदार अकबर अली के घर पर रखने की कोशिश से ग्रामीणों में रोष फैल गया।ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व कोटेदार अकबर अली राशन में घटतौली करने के साथ साथ सरकारी राशन में घर का खराब राशन मिलाकर वितरण करता था। कई शिकायतों के बाद कोटा मोहम्मद सादिक के नाम किया गया था।मौजूदा और पूर्व कोटेदार की मिलीभगत की आशंका से नाराज सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। इनमें महिलाएं,पुरुष और बुजुर्ग भी शामिल थे। विवाद के दौरान पूर्व कोटेदार ने एक महिला से हाथापाई भी की। जिसकी शिकायत जैदपुर पुलिस से की गयी। सूचना मिलते ही जैदपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। और सरकारी राशन को पंचायत भवन में रखवा दिया गया।पीड़ित महिला ने पूर्व कोटेदार के खिलाफ पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल जारी है।

इस संबंध में हरख क्षेत्र के पूर्ति निरीक्षक अनुभव कुमार से वार्ता में बताया गया कि राशन को दूसरी जगह पर रखने को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई थी। जबकि राशन को गोठिया पंचायत भवन में रखा दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### समाधान दिवस में नायब तहसीलदार ने सुनी फ़रियादें

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कोतवाली बदोसरांय में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय ने की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बदोसरांय सन्तोष कुमार संयोजक रहे। समाधान दिवस में कुल 12 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। नायब तहसीलदार और प्रभारी निरीक्षक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने राजस्व और पुलिस कर्मियों को शेष शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।प्राप्त शिकायतों में मरकामऊ निवासी इलियास और आलम ने सड़क पर पानी भरने की समस्या बताई। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं नयापुरवा के देशराज ने अपने पड़ोसी द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक प्रेमचंद, अजय रावत, शुभेन्द्र अवस्थी, उपनिरीक्षक सालिक राय, उपनिरीक्षक हिमांशू पान्डेय, कांस्टेबल रवि सरोज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### पेड़ से लटकता मिला व्यक्ति का शव



**मसौली बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम धरौली में शनिवार की सुबह एक 45 वर्षीय का शव सागौन की बाग़ मे पेड़ से लटकता मिला मृतक की शिनाख्त ग्राम बांसा निवासी सुरज रावत पुत्र रामनरेश के रूप मे हुई है। पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चले कि थाना क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी 45 वर्षीय सुरजलाल पुत्र रामनरेश रावत रंजीत रावत पुत्र रामसिंह, मुकेश रावत पुत्र अयोध्या व मुन्ना पुत्र इशहाक के साझे मे भूलीगंज निवासी हरिनाम वर्मा की आम की बाग़ की फ़सल खरीदी है शुक्रवार की देर शाम सुरज रावत घर से खाना खाने के बाद बाग की रखवाली करने वाले रामसरन पुत्र तोता राम के लिए खाना लेकर गया और शनिवार की सुबह आम की बाग़ से करीब 3 सौ मीटर की दूरी पर स्थित बड़ागांव निवासी अवधेश मौर्य की सागौन की बाग़ मे फ़ासी से लटकता मिला। धरौली के प्रधान प्रतिनिधि उमाकांत राव ने मसौली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा दिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट होगा।

### छोटे भाई की मौत की खबर सुनकर बड़े भाई ने भी सदमे में तोड़ा दम

**कोंच,जालौन।** छोटा भाई शौचक्रिया के लिए खेतों की ओर गया गया था तभी किसी अज्ञात बाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई और जब यह खबर बड़े भाई को मिली तो सदमे से उसकी भी मौत हो गयी। मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम व्योना रियासत का है जहां पर दिन शुक्रवार की रात्रि राम चरण प्रजापति उम्र करीब 77 वर्ष शौचक्रिया के लिए खेतों की ओर गया हुआ था तभी किसी अज्ञात बाहन ने रामचरण को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी जब सुबह रामचरण की नातिनों को सड़क किनारे खेतों में लगे तारों पर उक्त का शव लटकता हुआ देखा तो इसकी सूचना नातिनों ने घर मे दी और यह खबर पूरे ग्राम में आग की तरह फैल गयी वहीं रामचरण की मौत की खबर उनके बड़े भाई तुलाराम को हुई तो वह भी छोटे भाई को देखने के लिए चल दिये तभी रास्ते में परिवारीजनों ने उन्हें वहां जाने से रोकते हुए घर जाने को कहा और तुलाराम घर लौट आया चारपाई पर लेट गया जहां पर छोटे भाई की मौत के सदमें को बर्दास्त नहीं कर सका और उसकी भी मौत हो गयी इस दुखद घटना से पूरे ग्राम में मातम का माहौल है और मृतकों के घरों में कोहराम मचा हुआ है वहीं सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद कोतवाल विजय कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए और राम चरण के शव को कब्जे में लेकर पोष्ट मार्टम के लिए भेज दिया और पुलिस विधिक कार्यवाही में जुट गई।

# गेमिंग जोन का सांसद तनुज ने किया उद्घाटन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



देवा रोड सिविल लाइन्स, रिलायंस स्मार्ट पॉइंट के निकट अनवाउड गेमर्ज (गेमिंग जोन) व प्रकाश इंटरप्राइजेज (सोलर सलूशन) का भव्य उद्घाटन सांसद बाराबंकी तनुज पुनिया के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। जानकार के अनुसार अनवाउड गेमर्ज (गेमिंग जोन) व प्रकाश इंटरप्राइजेज (सोलर सलूशन) का उद्घाटन सासंद बाराबंकी तनुज पुनिया द्वारा देवा रोड सिविल लाइन्स भारत गैस एजेन्सी के निकट फीटा काट कर किया गया।इस अवसर पर सांसद तनुज पुनिया ने कहाकि शहर मे यह पहला गेमिंग सेन्टर खुला है।

जिससे युवाओ और बच्चो को तमाम तरह के गेम खेलने का मौका एक ही छत के नीचे मिलेगा। वही सोलर पैनल के लिए प्रकाश इंटरप्राइजेज की सेवा लोगो के लिए बेहतर साबित होगी ऐसी आशा करता हूं। उन्होने कहाकि लोग अब सोलर पैनल का इस्तेमाल कर न सिर्फ पैसे की बचत कर रहे है बल्कि खुद भी बिजली उत्पादन मे योगदान दे रहे है। इस शुभ अवसर पर प्रकाश इंटरप्राइजेज व अनवाउड गेमर्ज के प्रोपराइटर अमित शुक्ल जी व वैष्णवी वर्मा, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे कोतवाल राम किशुन राणा,राम प्रकाश शुक्ल,सूर्य प्रकाश शुक्ल,वरिष्ठ पत्रकार अज़मी रिज़वी ,विजय सेन शुक्ला,विवेक शुक्ल, शुभम शुक्ल,अभिषेक मिश्र, विवेक पांडेय,अतरेश पांडेय, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव सिकंदर अब्बास,शेरू पाल,कामिल आब्दी,शुभेंदु मिश्र,अली रिज़वी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे।

## युवक ने मारपीट की, दी जान से मारने की धमकी

**कोंच,जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मनोहरी निवासी रामदास पुत्र गणेश प्रसाद ने दिन शनिवार को कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि घटना दिनांक 9 जून 2025 को सुबह करीब 9 बजे की है जब वह सरकारी हैंडपंप के पास नहा रहे थे तभी गांव मनोहारी निवासी अमन कुशवाहा पुत्र पुनीत कुशवाहा आया और मेरे साथ अकारण ही गाली गलौच करने लगा जिसका मैने विरोध किया तो उक्त तैश खा गया और मेरे साथ मारपीट करने लगा मेरे चिल्लाने पर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए और उक्त को ललकारा तो उक्त जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया। रामदास ने पुलिस से उक्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

# भैंस नहलाते समय युवक नदी में डूबा, शव बरामद

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सिरौली गौसपुर क्षेत्र में सरयू नदी से शनिवार को एक युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान रानीपुरवा मजरे मुड़िया डीह निवासी बलराम (22) के रूप में हुई है। भैंस नहलाते समय डूबा था युवक बलराम 9 जून को अपने गांव के कुछ लोगों के साथ मनीराम पुरवा घाट पर भैंस नहला रहा था। इसी दौरान वह नदी में डूब गया। स्थानीय गोताखोरों ने करीब 4 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। लेकिन युवक का पता नहीं चल सका। एसडीएम ने मौके पर भेजी टीम एसडीएम प्रीति सिंह ने एक टीम मौके पर भेजी। टीम में तहसीलदार शरद सिंह, नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडेय और राजस्व निरीक्षक प्रेमचंद शामिल थे। कोतवाली बदोसरांय के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार भी पुलिस बल के साथ रेस्क्यू में जुटे। घटनास्थल से डेढ़ किलोमीटर दूर मिला शव अगले दिन एसडीआरएफ की टीम ने घटना स्थल से सनांवा घाट तक खोजबीन की. लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे युवक का शव घटनास्थल से डेढ़ किलोमीटर दूर मिला। पानी में लंबे समय तक रहने के कारण शव कंकाल में तब्दील हो चुका था।

# आरडीसेंट परिवार ने पुलिस परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को किया सम्मानित



**जालौन, समृद्धि न्यूज।**

उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा 2025 में 24 परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की। आर डीसेंट कोचिंग संस्थान के चयनित अभ्यार्थियों को सम्मानित किया गया। संस्थान के संरक्षक रोहित ने बताया कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पिएगा वह उतना ही दहाड़ेगा। बताया कि आप सभी लोग जिस मुकाम पर पहुंचे हो उसमें आपकी लगन और मेहनत और और आर डीसेंट परिवार की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर पुलिस परीक्षा में चयनित विपिन, योगेश अनुज, उत्कर्ष, सचिन, निहाल सिंह, शिवानी, शिखा आशीष, रोहित, मोहित महंत, राहुल, ललित विक्रम, दीपेंद्र शेंगर, शिवम बादल, दीपक, रश्मि, कोमल, रामप्रताप, राधान, प्रथम सिंह, अनुज सिंह, विकास समेत 25 अभ्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# जंगल में महिला का शव मिलने से मचा हड़कंप

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



रामसनेहीघाट क्षेत्र के ठठेरहा गांव के बाहर जंगल में शनिवार को एक 35 वर्षीय महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव की पहचान कुंवरपुर निवासी शांति देवी के रूप में हुई है, जो गुरुवार को दवा लेने के बहाने घर से निकली थी और फिर लौटकर नहीं आई। चरवाहों ने देखा शव, पुलिस को दी सूचना सुबह करीब 11 बजे मवेशी चराने निकले चरवाहों की नजर एक पेड़ के नीचे पड़ी महिला की लाश पर पड़ी।

उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी ग्रामीणों और पुलिस को दी। खबर लगते ही आस पास के लोगो की भीड़ लग गई पति बाहर, महिला मायके में रहती थी मृतका के ससुर भुल्लर प्रसाद ने शव की पहचान करते हुए बताया कि शांति के पति सतीश बाहर नौकरी करते हैं और वह अपनर मायके कुंवरपुर में ही अधिकतर समय रहती थी। गुरुवार को वह ÷दवा लेने÷ की बात कहकर घर से निकली थी। किन्तु आज उसका शव अस्पताल से काफी दूर जंगल मे मिलने से कई सवाल उठ रहे है कि आखिर वह वहां कैसे और किसके साथ गई ।

**दवा लेने निकली थी... फिर जंगल कैसे पहुंची ?** ग्रामीणों ने सवाल खड़े किए हैं कि यदि महिला दवा लेने निकली थी तो सीएचसी से दो किलोमीटर दूर जंगल तक कैसे पहुंची? न तो मौके पर खून के निशान थे, न ही संघर्ष या जबरदस्ती के स्पष्ट संकेत। आशंका है कि किसी परिचित ने ही महिला को बुलाकर वारदात को अंजाम दिया। यह घटना संदिग्ध लगती हुई लग रही है जिस पर पुलिस जांच के बाद पर्दा उठा सकती है। फॉरेंसिक टीम और अफसर मौके पर कोतवाली प्रभारी अंकित त्रिपाठी और पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्रा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। डीएसपी ने बताया कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ होगा।

पुलिस सभी संभावनाओं पर जांच करेगी और हर हाल में इसकी गुथी जरूर सुलझ जाएगी।

## जिलाधिकारी ने दिलीप श्रीवास्तव को किया सम्मानित



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल के स्थित ब्लड बैंक में आयोजित एक समारोह में समाजसेवी/ पत्रकार दिलीप कुमार श्रीवास्तव को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा 22 बार स्वैच्छिक रक्तदान करने एवं रक्तदान शिवरों में सहयोग करने के लिए सम्मानित किया। इस मौके पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने रक्तदाताओं एवं रक्तदान शिविर आयोजित करने वाली संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी का कार्य अत्यधिक सराहनीय है ,आप लोगों के रक्तदान से सैकड़ो लोगों को जीवन मिलता है। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी आप इसी प्रकार सभी निस्वार्थ सेवा एवं सहयोग करते रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमन यादव, अपर जिला जज श्री कृष्ण चंद्र, अपर मुख्य अधिकारी डॉ डीके श्रीवास्तव, चिकित्सा अधीक्षक राजेश कुशवाहा, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ गौरव ,डॉ अर्चना वर्मा, पंकज वर्मा ,अमित श्रीवास्तव, हरजीत कौर, अंकिता मिश्रा, आरती यादव, रामदयाल, शशि त्रिपाठी सहित ब्लड बैंक का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न




**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

पानकुँवर इंटरनेशनल स्कूल, मानिकपुर मोड़, ग्वालियर बायपास, इटावा में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और आने वाली पीढ़ी को मानवीय मूल्यों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही कि डॉ. मुकेश यादव, सह जिला विद्यालय निरीक्षक, इटावा ने स्वयं विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वेच्छा से रक्तदान करने और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान महादान है, जो न केवल जीवन बचाता है बल्कि सामाजिक सेवा का सबसे पवित्र कार्य भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद नियमित रक्तदान का संकल्प लें। इस अवसर पर डॉ. कैलाश चंद्र यादव, निदेशक एवं सीबीएसई डीटीसी, इटावा, अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है और जब वह सामाजिक उत्तरदायित्वों को समझते हुए आगे बढ़ेगी, तभी सशक्त भारत का निर्माण संभव हो पाएगा। विद्यालय परिवार द्वारा इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विशेष योगदान दिया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शपथ के माध्यम से समाज के लिए अपने उत्तरदायित्व को समझने का संकल्प लिया।

# डीएम-एसपी ने सुनीं शिकायतें, अवैध कब्जेदारों पर कार्रवाई के निर्देश

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



**▸ अभियान चलाकर सरकारी भूमि से हटाया जाए कब्जा : जिलाधिकारी**

सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली उरई में किया गया, जिसमें जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने आम जनमानस से प्राप्त शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के दौरान विशेष रूप से भूमि विवादों, अवैध कब्जों, तथा राजस्व संबंधी शिकायतों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद तहसीलदार एवं लेखपालों को निर्देश दिए कि सरकारी भूमि पर यदि किसी प्रकार का अवैध अतिक्रमण पाया जाता है, तो तत्काल दंडात्मक कार्रवाई करते हुए बेदखली सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा होता है, तो संबंधित लेखपाल की भूमिका की भी जांच कर उसके विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कानून व्यवस्था एवं प्रशासनिक पारदर्शिता बनाए रखने पर बल देते हुए कहा कि आम जनता की शिकायतों का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी थानों में प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि थाना समाधान दिवस केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह जनता से सीधा संवाद व विश्वास स्थापित करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SWALIYA QURAISHI W/O RAJ BABU था। जो कि आज दिनांक 25/05/2025 को मैने अपना नाम बदलकर SHWALIYA W/O RAJ BABU रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाएगा। निवासी मोहला बड़ीहाट थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच उत्तर प्रदेश।

# सौ शैय्या अस्पताल में व्यवस्थाएं बदहाल, मरीज और तीमारदार परेशान

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



कन्नौज जिले के छिबरामऊ स्थित सौ शैय्या अस्पताल की व्यवस्थाएं बदहाल स्थिति में हैं, जिसके चलते मरीजों और उनके तीमारदारों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी और उमस के इस मौसम में अस्पताल के वार्डों में लगे कूलर केवल गर्म हवा फेंक रहे हैं, जिससे मरीजों का हाल बेहाल है। इसके अलावा, तीमारदारों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था न होना, कर्मचारियों की ड्यूटी में असंतुलन और अनदेखी जैसे मुद्दे अस्पताल की स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं।

**कूलर बने गर्म हवा के झोंके, मरीज परेशान:** दिलू नगला में स्थित इस अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए वार्डों में कूलर तो लगाए गए हैं, लेकिन इनकी देखरेख के अभाव में ये अपनी उपयोगिता खो चुके हैं। कूलरों में नियमित रूप से पानी नहीं डाला जा रहा, जिसके कारण ये गर्म हवा उगल रहे हैं। इमरजेंसी और गायनी वार्ड में भर्ती मरीज इस चिलचिलाती गर्मी में तड़प रहे हैं। तीमारदारों का कहना है कि उमस और गर्मी के कारण मरीजों की हालत और खराब हो रही है। अस्पताल प्रशासन ने खानापूर्ति के लिए कूलर तो लगा दिए, लेकिन इनके रखरखाव की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

**तीमारदारों के लिए बैठने की जगह तक नहीं:** अस्पताल में मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों के लिए बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। वार्डों में स्टूल या कुर्सियों का अभाव होने के कारण तीमारदार मजबूरी में मरीजों के बेड पर ही बैठने या लेटने को विवश हैं। इससे न केवल असुविधा हो रही है, बल्कि तीमारदारों को भी संक्रमण का खतरा बना रहता है। मरीजों के परिजनों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ रही हैं।

**कर्मचारियों की ड्यूटी में असंतुलन:** अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार की कमी का एक प्रमुख कारण कर्मचारियों की ड्यूटी में असंतुलन भी है। कुछ कर्मचारियों को महीनों से इमरजेंसी ड्यूटी नहीं दी गई, जिसके कारण वे केवल ओपीडी में ही काम कर रहे हैं। स्वास्थ्यकर्मियों का कहना है कि इससे इमरजेंसी सेवाओं की जानकारी का अभाव हो रहा है। यदि किसी दिन बड़ा हादसा होता है, तो ओपीडी कर्मचारियों को आपात स्थिति में सामान ढूंढने में ही समय लगेगा। इसके अलावा, हाल ही में इमरजेंसी ड्यूटी में कुछ कर्मचारियों का फेरबदल किया गया, लेकिन मैटर्न की जिम्मेदारी में कोई बदलाव नहीं हुआ, जिसे लेकर कर्मचारियों में चर्चा का माहौल है।

**अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव:** अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था में भी बदलाव होने जा रहा है। पहले एसडी इंटरप्राइजेज, लखनऊ की ओर से 13 सिक्योरिटी गार्ड तैनात थे, जिनका ठेका 13 जून 2025 तक था। अब 14 जून 2025 से अस्पताल की सुरक्षा का जिम्मा पूर्व सैनिकों को सौंपा जाएगा। इस संबंध में कंपनी के सुपरवाइजर ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) से मुलाकात कर जानकारी दी।

**सीएमएस का बयान:** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कूलरों में पानी डालने की जिम्मेदारी सफाई कर्मचारियों को दी गई है और सुबह-शाम पानी डाला जा रहा है। तीमारदारों के लिए स्टूल की व्यवस्था जल्द कराई जाएगी। साथ ही, 14 जून से अस्पताल की सुरक्षा पूर्व सैनिकों के हवाले होगी।

कैसे हो सकता है समाधान?

अस्पताल की बदहाल स्थिति को सुधारने के लिए कुछ ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है। सबसे पहले, कूलरों के रखरखाव के लिए एक समर्पित कर्मचारी नियुक्त किया जाए, जो नियमित रूप से पानी डालने और उनकी मरम्मत का ध्यान रखे। तीमारदारों के लिए वार्डों में पर्याप्त स्टूल और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कर्मचारियों की ड्यूटी में रोटेशन लागू कर ओपीडी और इमरजेंसी सेवाओं के बीच संतुलन बनाया जाए, ताकि सभी कर्मचारी आपात स्थिति के लिए तैयार रहें। इसके अलावा, अस्पताल प्रशासन को नियमित रूप से निरीक्षण कर कमियों को दूर करने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए।



## विमान हादसे के मृतकों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वालों को दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस विचार मंच के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा, यह हादसा मात्र एक समाचार नहीं, बल्कि अनगिनत परिवारों पर टूटा दुख का पहाड़ है। इस विमान में सवार लोग अपने-अपने सपनों और जिम्मेदारियों के साथ यात्रा कर रहे थे। कोई माँ थी, कोई बेटा, कोई नौकरी के लिए निकला था, तो कोई छुट्टियाँ मनाकर लौट रहा था। लेकिन किसी को नहीं पता था कि यह उनकी अंतिम यात्रा होगी। उन्होंने आगे कहा, हम उन सभी परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति और शोक संतप्त परिवारों को धैर्य प्रदान करें। इस दौरान भारत सिंह प्रजापति, भारत सिंह वर्मा, बालिस्टर सिंह यादव, देवकीनंदन दुबे, आसाराम यादव, अजय दुबे सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# अंशुमान तिवारी ने नीट में सफलता पाकर कन्नौज का नाम किया रोशन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



नगर के इंदिरा नगर निवासी अंशुमान तिवारी ने नीट 2025 में शानदार प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है।

कमल बाबू तिवारी और रंजन तिवारी के पुत्र अंशुमान ने पहले ही प्रयास में ऑल इंडिया रैंक 3624 हासिल कर एमबीबीएस की नीट परीक्षा उत्तीर्ण की।

उनके माता-पिता, दोनों परिषदीय शिक्षक, उनकी इस उपलब्धि पर गौरवान्वित हैं। अंशुमान ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और कठिन परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा, ÷मेरा सपना डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना है।÷ इस उपलब्धि पर सभासद हिमांक त्रिपाठी, दिवाकर त्रिपाठी, राजीव शुक्ला, अखिलेश शुक्ला, संजीव शुक्ला, बीपी पांडे, रवि अग्निहोत्री, रामेंद्र शर्मा सहित अनेक लोगों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंशुमान की इस सफलता ने क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनाया है।

# टूटी पुलिया की लापरवाही ने फिर छीनी राहगीर की सुरक्षा

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



नगर पालिका की लापरवाही के चलते हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज के खेल मैदान के सामने टूटी पड़ी पुलिया एक बार फिर हादसे का कारण बनी।

शनिवार को एक बाइक सवार युवक इस नाले में जा गिरा। गनीमत रही कि उसे गंभीर चोटें नहीं आईं। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक और उसकी बाइक को नाले से बाहर निकाला। इस पुलिया की दक्षिणी दीवार मार्च में एक वाहन की टक्कर से टूट गई थी, जिसकी मरम्मत के लिए नगर पालिका ने कोई कदम नहीं उठाया। चार माह पहले इस खतरे को उजागर करते हुए खबर प्रकाशित की गई थी, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के कारण स्थिति जस की तस बनी हुई है। पिछले वर्षों में भी इस पुलिया में गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है और कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बनवारी नगर को कैरदा रोड से जोड़ने वाली इस संकरी पुलिया से भारी वाहनों का आवागमन भी एक बड़ा कारण है।

स्थानीय निवासियों और एसबीवीएस संस्था के प्रमुख गौरव अमर त्रिपाठी ने नगर पालिका चेयरमैन मनोज दुबे से शीघ्र मरम्मत की मांग की है। त्रिपाठी ने बताया कि पहले भी इस मुद्दे पर धरना देना पड़ा था।

उन्होंने सुझाव दिया कि नगर पालिका को ओवरलोडेड वाहनों और उनके स्वामियों से हर्जाना वसूलना चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगे। मोहल्ले वालों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करेंगे।

# प्रेमिका पर चाकू से हमलाकर प्रेमी ने खुद को मारी गोली

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

**कन्नौज से कानपुर देहात के रनिया गांव बाइक से पहुँचा था शादीशुदा प्रेमी प्रेमिका के घर**



मृतक कुंदन का फ़ाइल फ़ोटो

प्रेम प्रसंग में शादीशुदा प्रेमी ने प्रेमिका पर चाकू से हमला कर खुद को गोली मार ली। जिससे प्रेमी कि मौके पर मौत हो गई। और प्रेमिका का अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के भवानीपुर गांव निवासी कुंदन गोस्वामी (26) पुत्र मनीराम गोस्वामी बाइक से प्रेमिका के घर कानपुर देहात के रनिया पहुँचा। वहां किसी विवाद को लेकर उसने प्रेमिका पर चाकू से हमला कर दिया और खुद को गोली मार कर जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक कुंदन गोस्वामी की लगभग 4 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। एक साल की पुत्री भी है। और परिवार में छ- भाइयों में सबसे छोटा भाई था। बताया जा रहा है, कि दोनों एक भजन- कीर्तन मंडली में काम करते थे। दोनों में पिछले दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

# हर घर नल से जल योजना के लंबित कार्यों को शीघ्र करें पूराः डीएम



कलेक्ट्रेट में बैठक करते जिलाधिकारी

कन्नौज, स्मृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने विगत बैठक में वीएसए इन्फा एवं जीवीपीआर द्वारा निर्धारित समय में ओएचटी स्थापित न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य दिए गए समय के अंदर हो जाना चाहिए, कार्य को समय से न किए जाने पर लापरवाही मानते कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि पाइप लाइन बिछाने के उपरांत जिस रोड के मरम्मत का कार्य नहीं हुआ है। ग्रामवार सूची बनाकर संबंधित को उपलब्ध कराएं, जिससे चिन्हित रोड/सड़क के मरम्मत का कार्य समय से हो सके। साथ ही कार्यदाई संस्था को यह भी निर्देश दिए कि जहां पाइपलाइन बिछाया जाना अभी अवशेष है, उसे भी शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के लक्ष्यों की पूर्ति समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाए। कार्यदायी संस्थाएं निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। गुणवत्ता नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी रहे।



## थाना समाधान दिवस में पहुंची चार शिकायतें

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** कोतवाली में हुए थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे नायब तहसीलदार रामप्रकाश व कोतवाल विष्णु कांत तिवारी के पास कुल चार शिकायतें पहुंची, जिसमें 3 का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया। शनिवार को कोतवाली में हुए थाना समाधान दिवस में राजस्व की 3 तथा पुलिस की 1 शिकायत पहुंची। उनके निस्तारण के लिए पुलिस के साथ लेखपालों की टीम को मौके पर भेजा गया, जिसमें राजस्व की 2 तथा पुलिस की एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। वहीं शेष बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए।

# धमकियों के बीच भाकियू औनू की मांग शत्रु संपत्ति घोषित हो सम्पूर्ण भूमि

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



**हलीमा बीवी प्रकरण**

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) औनू ने हलीमा बीवी प्रकरण को लेकर प्रेस वार्ता की, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों को मिल रही जान से मारने की धमकियों का खुलासा हुआ।

जिलाध्यक्ष संजीव ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित इस वार्ता में बताया गया कि देश के बंटवारे के समय पाकिस्तान चली गईं हलीमा बीवी की कन्नौज में कई एकड़ भूमि नगर और देहात क्षेत्रों में फैली है। प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि 14 मई को संगठन ने जिलाधिकारी को इसकी विस्तृत जानकारी सौंपकर जांच की मांग की थी। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई शुरू की, जिससे भूमाफिया बौखला गए और संगठन को धमकियां मिलने लगीं।

दुबे ने स्पष्ट किया कि संगठन न डरेगा, न रुकेगा और इस मामले को अंतिम नतीजे तक पहुंचाएगा। युवा मंडल अध्यक्ष अनुज दुबे ने मांग की कि इस भूमि को शत्रु संपत्ति घोषित किया जाए। संगठन ने शासन-प्रशासन से इस गंभीर मामले पर ध्यान देने और जिलाध्यक्ष संजीव ठाकुर को सुरक्षा प्रदान करने की अपील की। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रेस वार्ता में सतीश चंद्र दुबे, अनुज दुबे, सुबोध शुक्ला, सागर प्रांशु, अभिषेक कुमार और पवन यादव मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### आज लगेगा फ़ातहे बिलग्राम मिशन की फ्री मेडिकल कैम्प

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला बिरतिया नई बस्ती स्थित बारात घर पानी की टंकी के पास आज रविवार को फ़ातेह बिलग्राम मिशन की तरफ से फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 11 बजे से शाम 5 तक किया जाएगा। हुज़ूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कमेटी ने बताया कि इस फ़ातेह बिलग्राम मिशन फ्री मेडिकल कैम्प में कानपुर से डॉक्टर वसीम खान एमबीबीएस पेट व छाती (क्षय रोग) चरम रोग रक्तचाप विशेषज्ञ, डॉक्टर स्टाफ मोहम्मद सैफी व कौशल प्रताप के द्वारा मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां दी जाएगी। हजरत ने सभी नगर वासियों से कैंम्प में अधिक से अधिक मरीजों को लाने की गुजारिश की है। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों का फ्री इलाज हो सके।

### नवविवाहिता की मौत पर मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

**मायके वालो ने कई घंटे काटा हंगामा**

**सौरिख,कन्नौज समृद्धि न्यूज़।** संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने हंगामा काटते हुए हत्या का आरोप लगाया। पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। कस्बा के तिर्वा रोड निवासी पंकज यादव पुत्र विनोद यादव की पत्नी आरती देवी उम्र 23बर्ष की बीमारी के चलते शनिवार सुबह मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मृतिका के पिता रामबाबू निवासी कसाह थाना दिबियापुर जनपद औरैया अपने परिवार के लोगों के साथ आए और हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा काटने लगे मृतिका के पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया इन लोगों ने मेरी पुत्री की हत्या कर दी है। आज सुबह से ही फोन पर मुझे गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने बताया मैंने अपनी पुत्री की शादी 18 अप्रैल 2024 को बहुत ही धूमधाम से की थी। लेकिन पुत्री के ससुराल जन उसी समय से आए दिन उसे प्रताड़ित करते चले जा रहे थे। समाचार लिखे जाने तक पोस्टमार्टम की प्रक्रिया अमल में नहीं लाई जा चुकी हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय गढ़गुंवा के निर्माण को मिली मंजूरी

**उरई,जालौन।** जनपद जालौन के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गरगुंवा गांव में मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय की स्थापना हेतु शासन द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह विद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विद्यालय के प्रस्तावित स्थल गढ़गुंवा गांव का निरीक्षण कर भूमि का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद द्वारा कराया जाएगा। इसके साथ ही, जिलाधिकारी ने गरगुंवा से नगरी तक सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाने हेतु लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को आवश्यक निर्देश दिए। इस सड़क के निर्माण से विद्यालय तक आवागमन सुगम होगा तथा ग्रामीणों को भी बेहतर संपर्क सुविधा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय की स्थापना से न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

# विश्व रक्तदान दिवस पर बुजुर्ग महिला की बची जान

**एमसीएमआर ग्रुप करेगा अनुज तिवारी को रक्तवीर की उपाधि से सम्मानित**

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



विश्व रक्तदान दिवस (14 जून) की पूर्व संध्या पर नगर के संजीवनी हॉस्पिटल में भर्ती बुजुर्ग महिला विट्टन देवी, पत्नी रामौतार, की जान रक्तदान के माध्यम से बचाई गई।

गंभीर बीमारी से पीड़ित विट्टन देवी को एक यूनिट रक्त की आवश्यकता थी। इसकी जानकारी मिलने पर आचार्य डॉ. रजनीश दुवे, जो रक्त सिपाही के नाम से जाने जाते हैं और अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष व भगवान परशुराम सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हैं, ने तत्काल ब्लड उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ली।इस पुनीत कार्य में नगर के प्रतिष्ठित होटल व्यवसायी और अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के नगर अध्यक्ष अनुज तिवारी ने रक्तदान किया। उनकी इस मानवीय पहल ने विट्टन देवी के जीवन को नया अवसर प्रदान किया। एमसीएमआर ग्रुप के सहयोग से यह प्रयास संभव हुआ। जल्द ही अनुज तिवारी को एमसीएमआर ग्रुप द्वारा रक्तवीर की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। यह घटना रक्तदान के महत्व को रेखांकित करती है और समाज में मानवता की मिसाल प्रस्तुत करती है।

# लेनदेन के मामले में दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष, आरोपी गिरफ्तार

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

ग्राम मेदेपुर में लेनदेन के मामले को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाकर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।कसावा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मेदेपुर में शुक्रवार की देर शाम लेनदेन के मामले में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों तरफ से लाठी-डंडे चलने लगे। इस खूनी संघर्ष में दो लोग घायल हो गए। कुछ लोगों का कहना है कि इस दौरान फायरिंग भी की गई। हालांकि पुलिस फायरिंग की घटना को नकार रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान अजीत पुत्र हुकुम सिंह की हालत गंभीर देख उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि लेनदेन के विवाद को लेकर मां नगला गांव के कुछ लोगों ने मेदेपुर गांव के लोगों के साथ मारपीट कर दी। दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे चले, जिसमें दो लोग घायल हुए हैं। घटना की तहरीर मिलने पर नगला मान निवासी गोलू चौहान तथा पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। वहीं दूसरे पक्ष से मिली तहरीर की आधार पर ग्राम मेदेपुर निवासी संदीप, लाला उर्फ सुधीर व अमर सिंह तथा पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## हाईटेंशन लाइन टूटकर गिरने से घरों के बिजली उपकरण जले

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कस्बा के मोहल्ला सीमांत नगर में घरों के ऊपर से निकली हाई टेंशन लाइन शुक्रवार की रात करीब 11:30 बजे टूट कर गिर गई जिससे दो घरों के बिजली के उपकरण जलकर राख हो गए। तेज धमाके के साथ टूटे तार की वजह से लोगों में दहशत फैल गई। कई घंटे तक लोगों ने टूटे तार को जोड़ने नहीं दिया बाद में पहुंची पुलिस ने लोगों को समझकर तार को जुड़वाया। कस्बा के मोहल्ला सीमांत नगर में कई घरों के ऊपर से हाई टेंशन लाइन निकली हुई है। जो अक्सर टूट कर गिर जाती है जिससे हादसा हो जाता है। पिछले वर्ष 18 सितंबर को हाई टेंशन लाइन टूट कर गिरने से करीब 40 लोग झुलस गए थे। कई दिन तक चल घमासान के बाद बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने 6 महीने में तार हटाने का आश्वासन देकर लोगों को शांत किया था।

# प्रचार-प्रसार कर सीएम युवा उद्यमी योजना का पहुंचाएं लाभ

**जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री (सीएम) युवा उद्यमी योजना एवं लखपति दीदी योजना के संबंध में की बैठक**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।





अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री (सीएम) युवा उद्यमी योजना एवं लखपति दीदी योजना के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सीएम युवा उद्यमी योजना के क्रियान्वयन, लाभार्थियों की चयन प्रक्रिया और लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2025- 26 में 2200 लक्ष्य के सापेक्ष बैंकों द्वारा 252 की स्वीकृत एवं 184 लाभार्थियों को लोन वितरण कर लाभांवित किया गया है।

इस योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र युवाओं तक पहुंचाया जाए। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। उन्होंने 648 लंबित प्रकरण पाए जाने पर निर्देश दिए कि साप्ताहिक समीक्षा कर लंबित प्रकरणों का शीघ्रातिशीघ्र निस्तारण किया जाए। जिन आवेदकों के दस्तावेज अधूरे हैं। उन्हें स्पष्ट रूप से सूचित किया जाए ताकि वे समय पर सुधार कर सकें। आवेदन की जांच प्रक्रिया को पारदर्शी एवं त्वरित बनाया जाए। ताकि युवाओं को समय पर ऋण एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त हो सकें।

बैंकों के सहयोग से ऋण स्वीकृति प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि लखपति दीदी योजना के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों को सशक्त करने के लिए सीसीएल (कैश क्रेडिट लिमिट) पर विशेष ध्यान दिया जाए। सीसीएल के प्रकरणों की त्वरित स्वीकृति के लिए बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया जाए तथा लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए। साथ ही अगरबत्ती, धूपबत्ती, हवन सामग्री जैसी आवश्यकता वाली चीजों के ट्रेनिंग पर भी फोकस किया जाए।

# पुलिस ने चोरी की छह बकरियों के साथ ईको कार को पकड़ा

सौरिख, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।

बीती रात ईको कार सवार चोरों गांव से आधा दर्जन बकरियों को चोरी कर गाड़ी में डाल लिया और भागने लगे तभी ग्रामीणों ने इसकी सूचना चौकी पुलिस को दी चौकी पुलिस ने सौरिख पुलिस सकराबा पुलिस को सूचना दी घेराबंदी कर सकरावा के पास ईको कार को रोक लिया मौका देखते ही चोर मौके से फरार हो गए वहीं पुलिस ने बकरियां सहित ईको कार को हिरासत में लिया।

चौकी खंडनी क्षेत्र के गांव नगला मुड़ियन में बीती रात इको कर सवार अज्ञात चोरों ने गांव के किनारे हरनामपल पुत्र देशराज की चार बकरी राकेश पाल पुत्र जगन्नाथ की दो बकरी घर के बाहर बदी थी।

चोरों ने बकरियों को चोरी कर गाड़ी में डाल दिया और मौके से भागने लगे उसी समय ग्रामीणों ने ईको कार को बकरियां लाद कर भागते देख सूचना पुलिस को दी चौकी पुलिस ने सौरिख शकराबा थाना पुलिस को दी पुलिस ने इको कार का पीछा किया तब तक सामने से सकराबा पुलिस को आता देख ईको सवार बकरियां सहित गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गए पुलिस ने कार को खोलकर देखा तो उसमें लगभग आधा दर्जन बकरियां थी। पुलिस ने ईको को हिरासत में लिया और जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी।

# सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने छोटे सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि, हुए भावुक

- बोले, नेता जी के थे करीबी, पार्टी के लिए किया त्याग
- प्लेन दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए की जांच की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को पार्टी के कर्मठ व जुझारू मुलायम सिंह यादव के साथी रहे पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। अखिलेश यादव ने उनके आवास पर पहुंचकर दुखी परिवार को ढांढस बंधाया और पार्टी का झण्डा उन्हें उढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल में निधन हो गया था। छोटे सिंह यादव पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। बीमारी के दौरान पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने अस्पताल में भी पहुंचकर उनका हाल चाल लिया था।

शनिवार की दोपहर पल्ला स्थित छोटे सिंह के आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि देने के बाद पत्रकारों से रुबरु होते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि छोटे सिंह यादव हमारे पुराने नेता थे। उन्होंने नेताजी के साथ पार्टी में दिन रात मेहनत की। वह पार्टी के संस्थापक सदस्य थे। उन्होंने मुश्किल घड़ी में पार्टी का साथ निभाया। हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि छोटे सिंह यादव ने जो सिद्धांत दिया है उस विचार धारा को आगे बढ़ाये। उन्होंने कोआपरेटिव को समझा और मजबूत किया। छोटे सिंह यादव ने राजनीतिक परीक्षेत्र में सेवायें दी। हमें भरोसा है कि परिवार के लोग इस विरासत को आगे बढ़ायेंगे। वह नेताजी के साथी रहे थे और हर संघर्ष में साथ दिया। छोटे सिंह यादव एक ऐसे नेता थे जिन्होंने त्याग के साथ-साथ पार्टी को आगे बढ़ाया। साथ ही उन्होंने अहमदाबाद प्लेन दुर्घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह बहुत बड़ी घटना है इसकी जांच होनी चाहिए। लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर सिंह शाक्य ने कहा कि छोटे सिंह यादव के निधन से पार्टी को बहुत बड़ी क्षति हुई है। सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने भी शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, नदीम अहमद फारुकी, राघव दत्त मिश्रा, विश्वास गुप्ता, बंटी यादव, रामसनेही यादव मुन्ना, विवेक यादव, डॉ. हरिनंदन यादव, इलियास मंसूरी, अनुराग यादव व्यापारी नेता संजय गर्ग आदि लोगों ने छोटे सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी और उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए।


छोटे सिंह यादव को श्रद्धांजलि देते सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव व मौजूद सपा नेता

## अंतिम यात्रा में कई दलों के नेता हुए शामिल

**फर्रुखाबाद।** कन्नौज से कई बार सांसद रहे व छिबरामऊ के पूर्व विधायक छोटे सिंह यादव के निधन से समाजवादी पार्टी को काफी बड़ा धक्का लगा है। शनिवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री ने उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। उनका पार्थिव शरीर पांचाल घाट पहुंचा। जहां उनके पुत्र ने मुखाग्नि दी। उनकी अंतिम यात्रा में पार्टी के अलावा समर्थक, शुभचिंतक, पूर्व सांसद चन्द्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू, पूर्व एमलएसी मनोज अग्रवाल, भाजपा नेता कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन कुलदीप गंगवार, आलू विपणन संघ के सभापति विमल कटियार, डॉ. नवल किशोर शाक्य, जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, इलियास मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

## ससुर के उत्पीड़न से त्रस्त महिला पहुंची थाने

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ससुर के उत्पीड़न से त्रस्त पीड़िता पिता के साथ थाने पहुंची और ससुर के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव डबऊआ निवासी बसुधा देवी पत्नी दुर्गेश कुमार अपने पिता महेंद्र पाल निवासी ग्राम अहमलापुर थाना मोहम्मदाबाद के साथ थाने पहुंची और थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी शादी लगभग चार वर्ष पूर्व गांव डबऊआ निवासी दुर्गेश कुमार पुत्र शिवानंद के साथ हुई थी। तब से आए दिन ससुर सेवानंद पीड़िता के साथ गाली-गलौज तथा मारपीट करते हैं। आज सुबह ससुर शिवानंद ने पीड़िता को गाली-गलौज कर घर से निकाल दिया। तब पीड़िता ने सूचना अपने पिता को दी। पिता अपनी पुत्री के पास आए और पुत्री को साथ लेकर थाने आए। थाना पुलिस को ससुर के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल बदमाश गिरफ्तार

- चार साथी मौके का फायदा उठाकर हुए फरार, पुलिस कर रही तलाश
- घायल बदमाश पर दर्ज हैं आधा दर्जन मुकदमे, तमंचा व कारतूस बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसओजी व सर्विलांस टीम एवं कम्पिल थाना पुलिस ने मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश को पकड़ लिया। बदमाश के पैर में गोली लगी है, जबकि उसके चार साथी फरार हो गये। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। घायल बदमाश को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के ऊपर आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

जानकारी के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह ने बताया कि ग्राम भैंसरी के पास एसओजी व सर्विलांस टीम, कम्पिल थाना पुलिस के साथ चेकिंग कर रही थी, तभी पांच बदमाश आते हुए दिखे और उन्हें रोकने की कोशिश की। तब बदमाशों द्वारा पुलिस के ऊपर फायरिंग कर दी गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश रॉकी निवासी ग्राम ममापुर कोतवाली कायमगंज के पैर में गोली लग गई।

चार बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। एएसपी ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। एएसपी ने बताया कि घायल बदमाश के ऊपर लूटपाट, चोरी और मारपीट के आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। घायल बदमाश रॉकी के पास से एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर और दो खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए हैं।



लोहिया अस्पताल में भर्ती घायल बदमाश

## पति गया बाहर, पत्नी नाबालिग बच्चों को लेकर फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के एक गांव निवासी युवक 1 जून को किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था। इसी बात का फायदा उठाकर युवक की पत्नी दिन में किसी समय बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई। जाते-जाते महिला अपने साथ दो नाबालिक पुत्रों को भी ले गई। शाम को जब युवक घर पर वापस आया, तो घर पर उसकी पत्नी व बच्चे नहीं मिले। जिससे परेशान युवक ने अपनी पत्नी को गांव व आस पड़ोस व रिश्तेदारी में काफी तलाश किया, लेकिन महिला का कुछ भी पता नहीं चल सका।
निराश, हताश और परेशान युवक ने 9 दिन बाद मंगलवार दोपहर नवाबगंज थाने पहुंचकर पुलिस को अपनी पत्नी व बच्चों की गुमशुदगी दर्ज करने की तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# मजाक बना थाना दिवस, फरियादी तो आये, नहीं आये राजस्वकर्मी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना समाधान दिवस में राजस्वकर्मियों के न पहुंचने पर फरियादी मायूस होकर वापस लौट गये। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण में थाना अध्यक्ष द्वारा शासनादेश के अनुसार आयोजित किए गए थाना समाधान दिवस में फरियादी तो पहुंचे, लेकिन राजस्वकर्मियों के न पहुंचने से फरियादी बगैर न्याय पाने बैरंग लौट गये। बताते चलें कि शासनादेश के अनुसार आयोजित किए गए थाना समाधान दिवस पर थाना पुलिस तो तत्परता के साथ मामलों को सुलझाने के लिए बैठ गई, लेकिन जब सबसे अधिक प्रार्थना पत्र जमीनी शिकायत को लेकर आए, तो कई क्षेत्रीय लेखपाल नहीं आए।

जिससे पुलिस अपंग दिखायी दी। इतना बड़ा क्षेत्र होने के कारण एक दो राजस्व कर्मी के अलावा कोई राजस्व कर्मी थाना समाधान दिवस में नहीं पहुंचा। जिसको देखकर वहां आए कई फरियादी मायूस लौट गए। वहीं थाना पुलिस के मुताबिक तीन प्रार्थना पत्र जमीन विवाद से संबंधित आए थे, जो राजस्व कर्मी ना होने के कारण किसी का निस्तारण नहीं हो सका। इस मौके पर थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी, दरोगा हेमंत कुमार, दरोगा अभिलाख सिंह, कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र, थाने के एसएसआई राम सिंह मौजूद रहे।


थाना दिवस के दौरान बैठे फरियादी

# चेयरमैन के भेदभावपूर्ण रवैये से जलभराव से जूझ रहे मुस्लिम बस्ती के लोग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

चेयरमैन के भेदभावपूर्ण रवैये से मुस्लिम बस्ती के ग्राम में घुसते ही मैन रोड पर जलभराव की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। जिससे लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 के मोहल्ला किदवई नगर के ग्राम जाफर नगर में मुस्लिम बस्ती होने के कारण नगर पंचायत अध्यक्ष तथा अधिशासी अधिकारी भेदभावपूर्ण रवैया अपना रहे हैं। कई बार उनसे शिकायत करने के बाद भी गांव में घुसते ही मेन रोड पर जलभराव की स्थिति हो गई है। जिसकी कई बार नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत से शिकायत की गई है, लेकिन वह तथा उनके अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। मेन गांव के तिराहे पर दो मस्जिदों के लिए भी जाने का रास्ता गुजरता है। जिससे नमाजियों को निकालने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं घरों के सामने जलभराव व गंदगी से लोग अजीज आ रहे हैं, लेकिन जल निकासी न होने के कारण लोगों को खासी परेशानी का काम सामना करना पड़ रहा है। बीते एक वर्ष पूर्व इसी 300 मीटर की गली में बीचोबीच 20 मीटर गली में इंटरलॉकिंग करवा दी गई थी। जिससे दोनों तरफ से पानी का रास्ता अवरुद्ध हो गया। जिससे जलभराव के कारण लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।


मुस्लिम बस्ती में हुए जलभराव का दृश्य

## गोद दिये गये बच्चे को लेकर फरार हुआ पिता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव करनपुर निवासी राजू सिंह ने लगभग 12 वर्ष पूर्व गांव के ही निवासी अपने एक रिश्तेदार को बेऔलाद होने के कारण अपना नवजात शिशु दिया था और घर बनाने को अपने हिस्से की जमीन में से एक जमीन का टुकड़ा भी दिया था। रिश्तेदार ने उस जमीन पर मकान बनाकर तीन दिन पूर्व उसे बेंचकर अपने पैतृक गांव थाना कादरीगेट के गांव गिरधर नगला चला गया। राजू को जब इस बात की जानकारी हुई, तो वह शनिवार को रिश्तेदार के घर पुत्र की जानकारी करने पहुंचा, तो रिश्तेदार ने राजू को पुत्र की जानकारी न होने की बात कहकर उसको मिलने नहीं दिया। राजू ने पुत्र के बारे में जानकारी करनी चाही, तो रिश्तेदार युवक व उसके साथी राजू को जान से मारने की धमकी देने लगे। थाने पहुंचकर राजू सिंह ने रिश्तेदार युवक व उसके साथियों के खिलाफ नामदर्ज तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# डीएम को लोहिया अस्पताल में मिलीं खामियां, डॉक्टरों को फटकार

- रक्तदान करने वालों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राम मनोहर लोहिया अस्पताल का जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में ब्लड बैंक में कई खामियां मिलीं। जिस पर जिलाधिकारी चिकित्सकों को फटकार लगाते नजर आये तथा शीघ्र खामियां दुरुस्त करने के निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी आशतोष कुमार द्विवेदी ने शनिवार को लोहिया अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्हें कई खामियां मिलीं। जिस पर उन्होंने सीएमएस अशोक प्रियदर्शी को शीघ्र खामियां दूर करने के निर्देश दिये। इसके बाद जिलाधिकारी ब्लड बैंक पहुंचे। वहां पर भी उन्हें व्यवस्थायें मिलीं। जिस पर डॉ0 नवनीत तथा मनोज पाण्डेय को जमकर फटकार लगायी और व्यवस्थायें दुरुस्त करने के निर्देश दिये। वहीं दूसरी तरफ 14 जून विश्व रक्तदान दिवस पर काफी संख्या में लोग ब्लड डोनेट करने पहुंचे। जिलाधिकारी ने ब्लड डोनेट करने आये सभी का हौसलाआफजाई की। साथ ही कहा कि आपका ब्लड किसी की जिंदगी बचा सकता है। इसलिए हर किसी को ब्लड डोनेट करना चाहिए। डीएम के स्टेनो आशुतोष, एनसीसी की दो युवतियों ने भी ब्लड डोनेट किया। तकरीबन 30 लोगों ने ब्लड डोनेट किया है। इन सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान लोहिया पुरुष अस्पताल के सीएमएस अशोक प्रियदर्शी व महिला लोहिया अस्पताल के सीएमएस प्रमोद कुमार मौजूद रहे।


निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों को दिशा निर्देश देते जिलाधिकारी



रक्तदान करते जिलाधिकारी के स्टेनो

# आम की फसल रखा रहे वृद्ध की हत्या, इलाके में दहशत

- एएसपी ने पहुंचकर की जांच, फॉरेंसिक टीम ने एकत्र किये नमूने

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर थाना क्षेत्र के गूजरपुर गहलवार गांव में शुक्रवार रात 70 वर्षीय वृद्ध कप्तान पुत्र झम्मनलाल की बाग की रखवाली के दौरान बेरहमी से हत्या कर दी गई। एक माह के भीतर थाना क्षेत्र में यह दूसरी हत्या है। जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश व्याप्त है। पहले थाना क्षेत्र के गांव करनपुर दत्त में एक नाबालिक बेटी की हत्या की गई थी। जिसके हत्यारे जेल में है और अब वृद्ध कप्तान की हत्या कर दी गई। आखिर कब तक हत्यारे इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे। मृतक के चेहरे और सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किए गए थे। जिससे चेहरा पूरी तरह विक्षत हो गया। ग्रामीण इस हत्या को पुरानी रंजिश का नतीजा मान रहे हैं। शनिवार तड़के गांव के ही हरिसिंह की पत्नी और अन्य दो महिलाएं जब शौच के लिए खेतों की ओर गई, तो उन्होंने कप्तान को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। आवाज देने पर कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर वे घबरा गई और तुरंत उनकी पत्नी ओमवती को सूचना दी।

ओमवती खेत पहुंचीं तो पति को मृत अवस्था में देखकर रोने बिलखने लगीं। उनकी चीख पुकार सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची थाना अध्यक्ष मोनू शाक्य ने जांच पड़ताल की। उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। घटना की सूचना पाते ही एएसपी डॉ. संजय कुमार, क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल को चारों तरफ से घेराबंदी कर गहनता से जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर नमूने एकत्र किये। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस को घटनास्थल से एक ब्लूटूथ डिवाइस भी बरामद हुई है। जिसकी जांच की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कई संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। बहुत जल्द हम आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजेंगे।


जांच पड़ताल करते एएसपी व फॉरेंसिक टीम

## कोई संतान न होने पर साढू की बेटी को रखा था साथ

मृतक कप्तान के कोई संतान नहीं थी। उन्होंने अपने साढू की बेटी वैजयंती को अपने पास रखा था। जिसकी लगभग पांच वर्ष पूर्व शादी हो चुकी थी। वैजयंती का चार वर्षीय पुत्र भी कप्तान के साथ ही रहता था। वैजयंती इन दिनों पति के साथ महाराष्ट्र में रहकर मजदूरी आदि का कार्य करती है। बताया जाता है कि कप्तान दो दिन से अपने खेत में खड़े आम के पेड़ों की फसल की निगरानी कर रहे थे। शुक्रवार रात करीब 9 बजे वे भोजन करने के बाद बाग की रखवाली के लिए चले गए थे।

# अली कायम बने भाकियू (लोक शक्ति) के जिलाध्यक्ष

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) का नया जिला अध्यक्ष अली कायम को नियुक्त किया गया है। कायमगंज भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के अल्प संख्यक जिला अध्यक्ष अली कायम ने संगठन के लिए रात दिन मेहनत कर किसानों की समस्यों को सुनकर अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाकर उनकी समस्या का समाधान करवाया। साथ ही सगठन को और मजबूत करने के लिए पार्टी में लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ा। जिसको लेकर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग गुप्ता द्वारा अली कायम को अब बड़ी जिम्मेदारी सौंपते समय उन्हें संगठन का जिला अध्यक्ष बनाया है। जहाँ उन्होंने मीडिया को बताया की प्रदेश अध्यक्ष ने हमें जो जिले की जिम्मेदारी सौंपी है उसको बखूबी तरीके से निभाऊंगा। उन्होंने कहा संगठन का जिला अध्यक्ष हम नहीं हमारा हर सदस्य कार्यकर्ता पदाधिकारी है। अगर संगठन के किसी भी व्यक्ति को कोई भी दिक्कत हो उसके लिए मैं 24 घन्टे उसके साथ हूँ और हमेशा रहूंगा।


नवागंतुक जिलाध्यक्ष अली कायम

## 28 घंटे बाद बहाल हुई बाधित बिजली

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** तेज आंधी बारिश के कारण 28 घंटे बाधित रही एक सैकड़ा गांवों की विद्युत व्यवस्था से लोग तिलमिला उठे हैं। कस्बा नवाबगंज स्थित 3311 केवी विद्युत उप संस्थान से संबद्ध लगभग ढाई सौ गांवों की बिजली व्यवस्था पोल टूटने तथा तार टूटने से चरमरा गई थी। जिसको विद्युतकर्मियों ने एसडीओ मनीष वर्मा के निर्देशन में जूनियर इंजीनियर नईम अख्तर तथा उनके लाइन मैनों की टीम ने कड़ी मशक्कत कर 28 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति को बहाल कर पाया, लेकिन अभी भी सिरमौर फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित चल रही है। जब इस बाबत जूनियर इंजीनियर नईम अख्तर से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया की एक-दो घंटे में सभी फीडरों पर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करा दी जाएगी। 28 घंटे लगातार विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से गर्मी में लोग तिलमला उठे तथा वहीं मोबाइल चार्जिंग के लिए भी लोग तरसते रहे।


लोहिया अस्पताल में मौजूद परिजन व अन्य

## वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्ध की हालत बिगड़ी, मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्ध की हालत बिगड़ गयी। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार शिवचरण पुत्र रामलाल निवासी पलरिया थाना कायमगंज को कई वर्षों पूर्व परिजनों ने घर से निकाल दिया था। जिस पर वह कादरीगेट स्थित वृद्धा आश्रम में रह रहे थे। रोडवेज बस स्टैण्ड के निकट वृद्ध की अचानक हालत बिगड़ गयी। जिस पर चौकी पुलिस द्वारा वृद्ध को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। जिसका बस स्टैंड चौकी प्रभारी कपिल कुशवाहा ने पंचायतनाम भरकर पोस्टमार्टम के कराया।

# भीषण गर्मी एवं उमस से जन जीवन प्रभावित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी एवं उमस ने जन जीवन को प्रभावित कर दिया। लोग पूरे दिन पसीना-पसीना रहे। वहीं कूलर व पंखे गर्म हवा दे रहे हैं।

शनिवार को बीते दिन हुई बरसात से उमस और बढ़ गयी। जिससे पसीना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। दोपहर में तापमान 39 डिग्री के करीब पहुंच गया। सुबह से ही तेज धूप एवं गर्म हवा की तीव्रता के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर हुए। दोपहर 12 बजे के बाद सड़कों पर यातायात कम हो गया।

बाजारों और आसपास के तिराहे, चौराहों पर सन्नाटा छा गया। लोग आवश्यक कार्यों से गमछा एवं टोपी आदि लेकर ही घरों से बाहर निकले। गर्मी से बचाव के लिए लस्सी, जूस और शीतल पेय की दुकानों पर काफी भीड़ देखी गई। गर्मी के तेवर तल्ख होने के साथ ही इलेक्ट्रानिक दुकानों पर एसी, कूलर, फ्रीज और पंखों की मांग बढ़ गयी है। वहीं वर्फ की बिक्री भी बढ़ गयी है। बर्फ के दामों में इजाफा हो गया है।

लोग बाजार हाट के लिए सुबह शाम को निकले। वहीं मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि गर्मी अभी कुछ दिन और सतायेगी।


भीषण गर्मी के बेहाल युवतियां

## विद्युत करंट की चपेट में आकर महिला झुलसी

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गाँव पितौरा निवासी तबस्सुम उम्र 25 वर्षीय पत्नी इमरान भीषण गर्मी में राहत पाने के लिए पंखे का तार बोर्ड में लगाकर पंखा चालू कर रही थी। उसी समय अचानक विद्युत करन्ट की चपेट में आकर अचेत हो गई। आनन-फानन में परिजन तबस्सुम को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उपचार जारी है।


घायल का उपचार करते फार्मासिस्ट

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गॉव भोगपुर निवासी मोहित कुमार उम्र 17 वर्षीय पुत्र चन्द्रपाल अपने गॉव के साथी प्रायन्शू उम्र 18 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार को साथ लेकर बाइक द्वारा खाद की बोरी लेने के लिए कुँवरपुर गाँव जा रहा था। जैसे ही वह सिकन्दर मराढा के पास पहुँचा, तभी अज्ञात वाहन चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से घायल मोहित व प्रयान्शू को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर मोहित को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# लोहिया अस्पताल में मनाया गया विश्व क्लब फुट दिवस

▸ 116 विकृत बच्चों का चल रहा इलाज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

स्वास्थ्य विभाग ने अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से डॉ. राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में शनिवार को विश्व क्लब फुट दिवस मनाया गया। जन्मजात विकृतियों के बारे में बताया गया और चिकित्सकीय प्रबंधन की भी जानकारी दी गई। मुख्यचिकित्सा अधीक्षक डॉ. अशोक प्रियदर्शी, आर्थो सर्जन डॉ. नीरज वर्मा, अनुष्का फाउंडेशन से प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव आलोक वाजपई उपस्थित रहे।


बच्चों के साथ मौजूद मातायें

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दलवीर सिंह ने बताया कि जन्मजात दोष जन्म के समय मौजूद संरचनात्मक परिवर्तन हैं जो हृदय, मस्तिष्क, पैर जैसे शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकते हैं। वह शरीर के दिखने वाले अंग, काम करने के तरीके या दोनों को प्रभावित कर सकते हैं। इसी तरह क्लब फुट एक जन्मजात विकृति है, जिससे कि हर 800 नवजात में से एक बच्चा प्रभावित होता है। देश में हर साल 33 हजार बच्चे इस विकृति के साथ पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर क्लब फुट से ग्रसित बच्चे को समय से इलाज मिल जाए तो वह अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है और सामान्य बच्चों की तरह अपना जीवन व्यतीत कर सकता है।

आर्थो सर्जन डॉ. नीरज वर्मा ने कहा कि क्लब फुट एक जन्मजात बीमारी जरूर है, लेकिन इसका उपचार संभव है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से डीईआईसी मैनेजर अमित ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत क्लब फुट जैसी 42 जन्मजात बीमारियों एवं दोषों की स्क्रीनिंग की जाती है, ताकि जल्द से जल्द उचित उपचार मुहैया कराया जा सके। स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लब फुट पिछले पांच साल से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ काम कर रही है।

क्लबफुट जन्म के नौ दोषों में से एक है, जिसे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा प्राथमिकता दी गई है। अनुष्का फाउंडेशन से प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव आलोक वाजपई ने बताया कि वर्तमान में क्लबफुट से पीड़ित 116 से भी अधिक बच्चों का इलाज संस्था करवा रही है।

उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से इसका उपचार मुहैया कराया जाता है, जिसका कोई शुल्क नहीं लगता है। अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से हर शनिवार को डॉ. राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में क्लब फुट से पीड़ित बच्चों का इलाज किया जाता है।

# विश्व रक्तदान दिवस पर डीएम ने शिविर का किया शुभारम्भ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विश्व रक्तदान दिवस पर जिलाधिकारी ने आवास विकास स्थित एक अस्पताल में रक्तदान शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन कर किया। जिलाधिकारी ने बताया कि शनिवार का दिन बहुत विशेष है। इसे विश्व स्तर पर मनाया जाता है। रक्त देकर साथ मिलकर के हम जीवन बचाते हैं। इस सूत्र के भाव के साथ पूरे विश्व में आज का यह कार्यक्रम आयोजित होता है। रक्त ही ऐसा है जिसका कोई विकल्प नहीं है। इसे कृत्रिम रूप से नहीं बनाया जा सकता है। इसीलिए जो भी स्वस्थ व्यक्ति हैं उन्हें समाज के हित में बढ़-चढ़कर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। अंजुम दुबे ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक के


रक्तदान शिविर का शुभारम्भ करते डीएम

प्रभारी वीरेंद्र सिंह, मनीष शुक्ला, मोहम्मद आरिफ खान, संजय कटियार, मीना कुमारी, योगी दवे, पूनम राजपूत, रविनमाला, दीपिका राजपूत, रिंकी, प्राची पटेल, शेखर आदि की उपस्थिति रही।


गेहूं का तुलादान करते डीएम

# डीएम ने गौरक्षिणी गौशाला टोकाघाट में पूजनकर किया गेहूं का तुलादान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने गौरक्षिणी सभा गौशाला टोकाघाट माधौपुर में पहुंच कर गायों को हरा चारा खिलाया व गौपूजन किया। हनुमान जी और शंकर जी मंदिर में पूजा अर्चना की। अपने वजन के बराबर गेहूं से तुलादान किया। उन्होंने गौशाला का भ्रमण किया और व्यवस्थाओं से पूर्ण रुप से संतुष्ट हुए। गौशाला के समस्त सेवकों की बहुत तारीफकी। गायों के संरक्षण की बहुत अच्छी व्यवस्था लगी। इस अवसर पर समाजसेवी संरक्षक सुरेन्द्र सफ्फड़, प्रबंधक गौरव अग्रवाल, डॉ. मनोज मेहरोत्रा, अंजुम दुबे, रोहित गोयल, अशोक रस्तोगी, संदीप अग्रवाल, विजय मेहरोत्रा, अश्वनी कुमार गुप्ता, कन्हैया लाल जैन, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, डॉ. श्याम वर्मा, सुरेश चर्तुवेदी आदि मौजूद रहें।

# कथक के रंग, संस्कृति के संग: प्रशिक्षिका अंजलि चौहान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली कथक को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बिरजू महाराज कथक संस्थान, लखनऊ के तत्वावधान में एक ग्रीष्मकालीन कथक नृत्य कार्यशाला का शनिवार को उद्घाटन आवास विकास स्थित एक स्कूल में हुआ। सात दिवसीय कार्यशाला का संचालन कथक प्रशिक्षिका अंजलि चौहान के द्वारा किया जाएगा।

जो कथक में विशिष्ट अनुभव रखती हैं एवं हाल ही में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के द्वारा बच्चों को सफलतापूर्वक कथक नृत्य कार्यशाला का प्रशिक्षण दिया है। कार्यशाला 14 जून से 20 जून तक आयोजित होगी। जिसमें विद्यार्थियों को कथक की परंपरागत तकनीकों, ताल, भाव, मुद्रा एवं प्रस्तुति की बारीकियां


बच्चों को कथक सिखाती अंजलि चौहान

सिखाई जाएंगी। उन विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, जो प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। कार्यशाला के प्रारम्भ सत्र का उद्घाटन करते हुए डॉ0 रजनी सरीन ने कहा कि अपने सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ने के लिए संगीत और नृत्य अत्यंत सशक्त माध्यम है। कथक उत्तर प्रदेश का प्रमुख नृत्य है। भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद में प्रतिभाओं की कमी नही है, अब उन्हें निखारने का सशक्त माध्यम मिल रहा है। इस अवसर पर अनिल प्रताप सिंह, कृष्ण सिंह चौहान, विमल राठौर, जसवीर राठौर, रश्मि सिंह, निखिल कुदेशिया, शाश्वत सोमवंशी, शान्तनु कटियार आदि उपस्थित रहे।

# अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल इंजीनियरिंग ने मणि गुप्ता को किया कान्फ्रेंस में आमंत्रित


मणि गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल इंजीनियरिंग न्यूयार्क अमेरिका के आमंत्रण पर इंटरनेशनल मोटाबालिक इंजीनियरिंग समिति के तत्वाधान में कोपेनटेन डेनमार्क में होने वाले कान्फ्रेंस में भारत सरकार की तरफ से राजेपुर गंगापार निवासी शिक्षक संतोष गुप्ता के पुत्र मणि गुप्ता 15 जून से 19 जून तक प्रतिभाग करेंगे। मणि गुप्ता वर्तमान में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस ऐजुकेशन एण्ड रिसर्च कोलकाता में सीनियर रिसर्च फेलो में पीएचडी स्कॉलर है। मणि गुप्ता अपनी प्रतिभा के दम पर इससे पूर्व पेरिस में आयोजित वैज्ञानिक प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर वहां से सम्मान प्राप्त करने के साथ गत वर्ष न्यूयार्क स्थित न्यूटी में 15 दिवसीय कार्यशाला में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर चुके है। मणि गुप्ता ने प्रारंभिक शिक्षा राजेपुर में हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की जेएनवी रोड स्थित विद्या मंदिर से की है। स्नातक व परास्नातक कानपुर विश्व विद्यालय से किया है। एमएससी टॉपर होने के बाद जेआरए परीक्षा उत्तीर्ण कर कोलकाता से पीएचडी स्कॉलर कर रहे है। यह उनकी तीसरी अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस है। उनके पिता शिक्षक संतोष गुप्ता ने बताया कि वह अपनी दो यात्रायें पेरिस व न्यूयार्क में जाकर कर चुके है। भारत सरकार द्वारा उन्हें नामित किये जाने पर बधाई दी है।

# भाजपा के 11 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

विकसित भारत का अमृतकाल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल कार्यक्रम में नगर पूर्वी मंडल बैठक आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष भूदेव सिंह राजपूत का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। मुख्य वक्ता अश्लील दिवाकर ने सरकार की उपलब्धियां व जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर अभिषेक त्रिवेदी, राजकुमार वर्मा, अभिषेक बाजपेई, नरेंद्र आर्य, अरुण दुबे, अंकित गुप्ता, अतुल शंकर दुबे, लव कन्नौजिया, अमन कटियार, ओमु दुबे, ज्ञानेंद्र कश्यप, विश्राम सिंह, सागर गुप्ता, वैभव अवस्थी, राजीव सोनी आदि मौजूद रहे।


कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते अश्नील दिवाकर



कार्यक्रम को सम्बोधित करते गुरुचरन आजाद

**वहीं कमालगंज मंडल** में भाजपा की 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम मे मुख्य अथित जिलाध्यक्ष फतेहचन्द राजपूत का फूल माला से जिला मंत्री गुरुचरन आजाद ने स्वागत कर उन्हें फोटो फ्रेम भेंटकर सम्मानित किया। जिला मंत्री गुरुचरण आजाद ने सरकार की 11 साल की उपलब्धियों का वर्णन किया। इस अवसर पर कुलदीप कुशवाह, योगेश प्रताप सिंह, अब्दुल जब्बार, गोपाल पालीवाल, राजेश मिश्रा, आशीष, विमल प्रताप, बबलू चौहान, शिवकुमार, गोयल, देवदत्त राजपूत, अशोक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# संगठन सृजन अभियान के तहत संविधान बचाओ कार्यक्रम सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत अमृतपुर विधानसभा के ब्लॉक मोहमदाबाद के ग्राम रूपनगर तिलीहानी में संविधान बचाओ रैली संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने आयोजन किया। मुख्य अतिथि जिला संयोजक एवं प्रदेश महा सचिव प्रकाश प्रधान रहे।

प्रकाश प्रधान ने कहा कि संगठन को ग्राम स्तर तक मजबूत कर आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के ज्यादा से ज्यादा विधायक जिताकर विधानसभा भेजना है।

जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने कहा कि हमें बूथ स्तर तक संगठन को


कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेसी

मजबूत करना है। जहां-जहां पदाधिकारी नहीं है वहां पदाधिकारी बनाकर संगठन को मजबूत करना है। पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा ने बैठक को सम्बोधित किया। इस अवसर पर संजू अग्निहोत्री, मनोज कुमार, नारायण दास कठेरिया, अनुराग कठेरिया, राजेश कठेरिया, अशोक कठेरिया, विनय कठेरिया आदि ने आदि मौजूद रहे।

# 12-15 साल पुराने प्लेन से हवाई यात्रा करवा रहीं कंपनियां: विकास राजपूत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

एयर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी के कारण विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर गहरा दुख जताते हुए भाजपा नेता विकास राजपूत ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए नागर विमानन महानिदेशालय डीजीसी और देश की प्रमुख एयरलाइन कंपनियों की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल उठाया है।

राजपूत ने कहा डीजीसीए की ढिलाई और लचर नियमों के चलते देश के आम नागरिकों की जान खतरे में है। टेक्नोलॉजी बदल चुकी है, लेकिन हमारे देश में अभी भी 15-17 साल पुराने बोइंग 777/787, एयरबस ए320, ए323 जैसे विमान उड़ान भर रहे हैं। यह न केवल गैरजिम्मेदाराना है बल्कि पूर्णतः अवैध और बेहद खतरनाक है।

उन्होंने कहा कि इस हादसे में जिस विमान का उपयोग हुआ, वह पुराने विमानों की श्रेणी में आता है। संभव है कि तकनीकी खराबी उसकी उम्रदराज मशीनरी और ओवरएज सिस्टम के कारण उत्पन्न हुई हो। उन्होंने सरकार और डीजीसीए को

▸ डीजीसीए की अनुमति पर भाजपा नेता ने उठाये सवाल

▸ टेक्नोलॉजी बदल गई, लेकिन विमान वही पुराने डीजीसी नियमों में तुरंत बदलाव करना चाहिए

लेकर कई तीखे सवाल उठाए और दिए कुछ ठोस सुझाव-10 वर्ष से अधिक पुराने विमानों को तत्काल प्रभाव से उड़ान की अनुमति रद्द की


विकास राजपूत

जाए। 7 वर्ष से अधिक पुराने विमानों की दोहरी सुरक्षा जांच अनिवार्य की जाए, जिसमें डीजीसीए के साथ-साथ एक स्वतंत्र निजी एजेंसी की रिपोर्ट भी जरूरी हो। डीजीसीए की निरीक्षण टीम के प्रमुख और संबंधित इंजीनियर को निलंबित किया जाए, जब तक जवाबदेही तय न हो।

उन्होंने केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वयं इस मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए। जब देश डिजिटल इंडिया और विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, तो यह स्वीकार्य नहीं कि आम नागरिकों को उन पुराने विमानों में बैठाया जाए जो अब माल ढोने लायक भी नहीं बचे हैं। यह अत्यंत दुखद और निंदनीय है।

**एयरलाइंस पर भी साधा निशाना**

उन्होंने कहा कि आए दिन देश की प्रमुख एयरलाइंस के विमान कभी ऑक्सीजन की कमी, कभी इंजन फेल, एयरकंडीशनर (ऐसी) फेल तो कभी अन्य तकनीकी खामियों के चलते यात्रियों द्वारा बनाई गई वीडियो को देखा जाता हैं।

जबकि यात्रियों से मनमाना किराया वसूला जाता है, उन्हें वह सुविधा नहीं मिल रही जिसकी उन्हें जरूरत है। एयर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट हो या अन्य निजी एयरलाइंसए वे किराया तो वसूल रही हैं, लेकिन यात्रियों को सुरक्षा नहीं दे पा रही हैं। करोड़ों रुपये के इन पुराने विमानों को बंद करने से कंपनियों को घाटा होगा, इसीलिए डीजीसीए में नियमों को बदलने की इच्छाशक्ति नहीं दिखाई दे रही है। उन्होंने आगे कहा आज अगर सड़क पर चलने वाली गाड़ी को भी बीमा कंपनियां 5 साल बाद जीरो डेप कवर देना बंद कर देती हैं, तो ऐसे में एक विमान जो हजारों फीट ऊपर उड़ता है और हजारों नागरिकों की जान लिए होता है, उसके लिए कोई आयु सीमा तय न करना सरासर सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है।

उन्होंने ने कहा हम आर्थिक क्रांति की ओर बढ़ रहे हैं लेकिन विमानन क्षेत्र में सुरक्षा क्रांति की बेहद आवश्यकता है। जब तक डीजीसीए के नियमों में कठोर बदलाव नहीं होंगे, तब तक हवाई यात्रा आम नागरिकों के लिए एक डरावना सपना बनी रहेगी। मैं सरकार से अपील करता हूं कि जल्द से जल्द नए सुरक्षा नियम लागू कर पुराने विमानों को सेवा से बाहर किया जाए।

# सपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ ने स्व. छोटे सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि


शोक संवेदना व्यक्त करते पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय छोटे सिंह यादव के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्होंने स्व. छोटे सिंह यादव के योगदान को स्मरण किया। वहीं सपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ ने भी पहुंचकर श्रद्धांजलि देकर शोक संवेदना व्यक्त की। शनिवार को पल्ला स्थित छोटे सिंह के आवास पर पहुंचकर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि छोटे सिंह यादव हमारे पुराने नेता थे।

उन्होंने नेताजी के साथ पार्टी में दिन रात मेहनत की। वह पार्टी के संस्थापक सदस्य थे। वहीं पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव ने भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर स्व. छोटे सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बृजेश सिंह यादव, राजेन्द्र यादव, सुनील कुमार, कैलाश चन्द्र गुप्ता, नेत्रपाल, मदनपाल, इख्तियार हुसैन, विवेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी का समर्थकों ने किया स्वागत


स्वागत के दौरान मौजूद ताहिर हुसैन सिद्दीकी

▸ शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

शादी समारोह में शामिल होने जा रहे गुरसहायगंज निवासी पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी का लोगों ने रास्ते में स्वागत किया। कस्बा नवाबगंज के मोहल्ला नया गनीपुर निवासी बंजारा बस्ती वाली मोहम्मद उर्फ कल्लू जो की अपने मोहल्ले के सदर हैं। शनिवार को उनकी दो पुत्री की शादी में शामिल होने गुरसहायगंज निवासी पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी जा रहे थे। रास्ते ग्राम सिरमौर बांगर में सपा अल्पसंख्यक के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने अपने आवास पर ताहिर हुसैन सिद्दीकी का स्वागत किया। ताहिर हुसैन सिद्दीकी लोगों से मिलकर उनके हालचाल लिए। इस मौके पर अमित यादव, अरविंद यादव, प्रधान विजेंद्र सिंह यादव, नवरंग सिंह यादव, अमन सूर्यवंशी, फारूक अली आदि मौजूद रहे।

**कार्यालयः जिला बाल संरक्षण अधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी, फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः 144 /प्रो0का0/डी0सी0पी0यू0/नवजात सू0/2025-26 दिनांक 13/06/2025

**सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह अज्ञात बालक उम्र लगभग 05 माह थाना-राजेपुर, जिला-फर्रुखाबाद के क्षेत्र में प्राप्त हुआ था, जिसे चाइल्ड हेल्पलाइन टीम-1098 के माध्यम से बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया। उक्त बालक को प्राथमिक उपचार के पश्चात बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार दिनांक 20.05.2025 को राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण इकाई, फर्रुखाबाद में आवासित कराया गया है। यदि किसी को बालक के जैविक माता-पिता/वैध संरक्षक के बारे में कोई जानकारी हो तो वह जिला बाल संरक्षण इकाई/बाल कल्याण समिति, फर्रुखाबाद में 02 माह के अन्दर मय साक्ष्य के उपस्थित हो सकता है अथवा सूचना दे सकता है, अन्यथा की स्थिति में उक्त अज्ञात बालक को कानूनी रूप से दत्तक ग्रहण हेतु स्वतन्त्र घोषित कर दिया जायेगा।

(सचिन सिंह)
संरक्षण अधिकारी,
जिला बाल संरक्षण इकाई
फर्रुखाबाद

(अनिल चन्द्र)
जिला बाल संरक्षण अधिकारी
जिला प्रोबेशन अधिकारी
फर्रुखाबाद

# पहली बारिश भी नहीं झेल सका सिंचाई विभाग द्वारा नवनिर्मित कूप

- ग्रामीणों ने लगाया ठेकेदार पर भ्रष्टाचार का आरोप



जब इस सम्बंध में सम्बंधित विभागीय अधिकारी जेई पारस नाथ भारती से जानकारी चाही गयी तो उन्होंने बताया कि धराशायी कुआं हमारे जानकारी में हैं उसे ठेकेदार द्वारा ठीक करवाया जाएगा कार्य निर्माणाधीन है।

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में के विभागों में भ्रष्टाचार में आगे निकलने की होड़ सी लगी हुई है। कुछ ऐसा ही मामला सदर विकास खण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत रुदौली का है। जहां वर्ष 2024 में लघु सिंचाई जल कूप योजना के तहत बना नव निर्मित कुआं पहली बरसात में ही ढह गया।

इस योजना के तहत कुल 5 लाभार्थियों को लाभ दिया गया था, जिसमें से 4 कुआं ग्राम प्रधान रुदौली के कुशल नेतृत्व में बनाया गया था, लेकिन एक कुआ विभागीय अधिकारियों द्वारा ठेकेदार के द्वारा निर्माण कराया गया जो कि हल्की बारिश में ही बैठ गया। जानकारी के अनुसार लाभार्थी सूरज लाल गौड़ पुत्र रामप्रसाद गौड़ का कुआ धराशाही हो गया है। जिसमें ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्रियों का उपयोग कर निर्माण कार्य कराया गया। जिससे पहली बारिश में ही वह ढ़ह गया । ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार और सम्बंधित विभागीय अधिकारियों की बंदर बाट के चलते घटिया सामग्री लगाने के साथ डबल बोल्डर जोड़ाई की जगह सिंगल बोल्डर की ही जोड़ाई की गयी थी जिससे नव निर्मित कुआं पहली वर्षा में ही धराशायी हो गया। इस बारे में ग्रामीणजन राम विलास, मंगरू, पन्नालाल, रामनाथ व शिव मूरत ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कुएं का स्थलीय निरीक्षण कराकर कर उचित कार्रवाई कि मांग कि गयी है।

# थाना समाधान दिवस में चार शिकायतें प्राप्त, एक का हुआ मौके पर निस्तारण



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार राहुल मिश्रा व क्षेत्राधिकारी लालगंज अशोक कुमार सिंह के देखरेख में सम्पन्न हुआ। थाना समाधान दिवस पर राजस्व से संबंधित कुल चार मामले आए मौके पर एक मामले का निस्तारण किया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस कि संयुक्त टीम को रवाना किया गया है। थाना समाधान दिवस को सम्बोधित करते हुए नायब तहसीलदार राहुल मिश्रा ने कहा कि थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलों को गंभीरता से लेते हुए प्रार्थना पत्र का निस्तारण करने के लिए कहा मामले के निस्तारण में किसी भी प्रकार कि लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई कि चेतावनी दी है। सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह ने कहा की थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलों के निस्तारण में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस कर्मी सहयोग करे इसमें लापरवाही मिलने पर कार्रवाई किया जायेगा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक अशोक दूबे, शिव कुमार चौबे, चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय, एसआई अच्छे लाल यादव, महेंद्र प्रताप यादव लेखपाल पंकज सिंह, अमिताभ यादव, राहुल यादव, पंकज पटेल, शिव बाबू, मधुकर आदि मौजूद रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में दो घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग बसुहरा स्थित सुसुआड़ पुल पर शनिवार कि दोपहर दो बाइको की भिड़ंत होने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। सड़क पर भीड़ को देखकर एम्बुलेंस सेवा वाहन 102 ईएमटी संतोष भारतीय ने द्रयादिली दिखाते हुए दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है। मौके पर पहुँचे एसआई अच्छे लाल यादव ने दोनों की बाइको को लाकर थाना परिसर में खड़ा कराया है और मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गए है।

घटना की सूचना दोनों युवकों के परिजनों को दे दिया है। थाना क्षेत्र के फुलियारी गांव निवासी 35 वर्षीय बऊ कोल बाइक से अपने घर जा रहे थे की है जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग बसुहरा स्थित सुसुआड़ पुल पर पहुंचा की सामने से आ रहे बाइक सवार ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के चंद्रगढ़ मुडेल गांव निवासी 25 वर्षीय विजय शंकर की बाइक से भिड़ंत होने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

सड़क पर भीड़ जुट गई किसी केस की सूचना मिलने पर जा रहे एम्बुलेंस सेवा वाहन 102 के ईएमटी संतोष भारतीय ने एम्बुलेंस सेवा को रोककर दरियादिली दिखाते हुए दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। मौके पर पहुँचे एसआई अच्छे लाल यादव ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल करने के बाद दोनों बाइको को थाना परिसर में खड़ा कराया है। घटना की सूचना पर दोनों घायलों के परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर दोनों घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन से ट्रामा सेंटर लेकर चले गए है। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया की दो बाइको की भिड़ंत होने से दो युवक घायल होकर एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए आए थे। प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है।

## खबरें एक नजर में

### बाइक व साइकिल की टक्टर में दो घायल

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लालगंज में बाइक व साइकिल के मध्य हुई टक्कर में साईकिल सवार पिता पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। गहिरी गांव निवासी राममनोहन 65 वर्ष व उसकी पुत्री कंचन 35 वर्ष साइकिल द्वारा लालगंज से अपने गांव गहिरी जा रहे थे। शाहपुर मोड़ के निकट बाईक सवार युवक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते उठ दोनो लोगों समेत बाइक चालक जुनेदखान पुत्र इमाम निवासी गजपति खेड़ा थाना सरेनी घायल हो गए। वही ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस लालगंज को दी,108 एम्बुलेंस द्वारा तीनों घायलों को उपचार के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया गया जहाँ पर प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने कंचन व रामनोहर को गंभीर दशा में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं जुनेद का इलाज लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में चल रहा है।

### अनियंत्रित होकर पलटा ई-रिक्शा, दो घायल

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित महोगढ़ी गांव में शुक्रवार को अनियंत्रित होकर ई रिक्शा पलट गया। ईरिक्शा पर सवार महिला सहित चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र के गलरा गांव निवासी 58 वर्षीय दूधवंती पत्नी अमृतलाल ई रिक्शा पर बैठकर बरौंधा जा रही थी। जैसे ही ई रिक्शा महुगढ़ी गांव स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचा तो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में ई रिक्शा चालक घनश्याम कुमार व दूधवंती निवासी गलरा घायल हो गए। रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को निजी साधन से उपचार हेतु न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज पहुंचाया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर बालकृष्ण मिश्र ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद ई रिक्शा चालक घनश्याम कुमार के हाथ में आई गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### अनियंत्रित स्कॉर्पियो पलटी, दो जख्मी

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के हिनौता गांव के प्रावीन हनुमान मंदिर के पास शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे अनियंत्रित स्कॉर्पियो पलटने से उसमें सवार दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों घायल सोनभद्र चले गए। सोनभद्र जनपद के मराची गांव निवासी 48 वर्षीय गंगा सिंह और जमगाई सोनभद्र निवासी 52 वर्षीय ओम प्रकाश यादव स्कॉर्पियो से शुक्रवार की रात चुनार की तरफ जा रहे थे। तभी राजगढ़ चुनार मार्ग के मोड पर प्राचीन हनुमान मंदिर हिनौता गांव के पास स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। स्कॉर्पियो में सवार दोनों लोग घायल हो गए। जबकि स्कार्पियो चालक 38 वर्षीय राजूपाल बाल बाल बच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों सोनभद्र चले गए।

### बाइक से गिरकर सास-दामाद व नाती घायल, एक रेफर

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय गरेरी गांव में एक बाइक दुर्घटना में 45 वर्षीय सीता देवी, उनके 3 वर्षीय नाती और दामाद घायल हो गए। सीता और उनका नाती गंभीर रूप से झुलस गए थे। बाइक अनियंत्रित होने से गिर गया। हादसे में महिला उसका नाती व दामाद घायल हो गए। तीनों घायलों को सीएचसी राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां महिला की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया। गरेरी गांव की 45 वर्षीय सीता देवी का नाती 3 वर्षीय लल्ला झुलस गया था। नाती को साथ लेकर इलाज कराने के लिए सीता अपने दामाद सरौली गांव निवासी 40 वर्षीय सतीश के साथ बाइक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ जा रही थी। बाइक सवार जैसे ही बघौडा गांव के पास पहुंचे। तभी सामने से आ रही ट्रक के हेड लाइट की रोशनी बाइक सवार के आँखों पर पड़ा, जिससे सामने दिखाई नहीं दिया। बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में तीनों लोग घायल हो गए। तीनों घायलों को पीआरबी पुलिस द्वारा सीएचसी राजगढ़ पहुंचाया गया। जहां तीनों का उपचार कर, महिला को गंभीर चोट होने पर उसे ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया।

### कार-ट्रक की टक्कर में चार घायल

**कछवां (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** मिर्जामुराद थाना अंतर्गत कछवा रोड स्थित हाइवे के पुल के उपर कार और ट्रक के टक्कर में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को दो को हाइवे की आपातकालीन सेवा 1033 एंबुलेंस कछवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने दोनों की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफ़र किया गया। शनिवार सुबह लगभग 10 बजे कछवां रोड हाइवे के ओवर ब्रिज पर प्रयागराज से वाराणसी जाते समय सामने से आ रही ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें कार चालक सहित चार 25 वर्षीय विनय यादव, 23 वर्षीय अमन यादव पुत्र विजय शंकर यादव, निवासी झूंसी प्रयागराज तथा चालक 26 वर्षीय फैजल, 26 वर्षीय अरबाज पुत्र मोहम्मद असलम निवासी हंण्डिया प्रयागराज गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों में विनय यादव और अमन को 1033 एंबुलेंस कछवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया आई जहां से गंभीर रुप से घायलों को ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। फैजल और अमन को 108 नंबर एंबुलेंस स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है।

### रहवासियों पर मंडरा रहा मौत का साया



- ऊर्जांचल विस्थापित कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष ने पत्र भेजकर की शिकायत

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** शक्तिनगर क्षेत्र में स्थित नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) खड़िया परियोजना का ओवर बर्डन (ओबी) एनटीपीसी पूर्वांचल गांव चिल्काडीह के 12 हजार निवासरत लोगों पर मौत का साया बनकर मंडरा रहा है। चिल्काडाड को एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना द्वारा 1976-77 में विस्थापित कर बसाया गया था, तब एनसीएल खड़िया परियोजना और रेलवे स्टेशन कहीं भी अस्तित्व में नहीं था। 1980-81 में एनसीएल खड़िया परियोजना के अस्तित्व में आने के बाद ओपन कास्ट कोल माइंस का विस्तार होने से चिल्काडीह गांव से सटे 200-300 मीटर की दूरी पर 300 मीटर ऊंचा रेतीला कृत्रिम पहाड़ बनाकर एनसीएल द्वारा ओबी डंप किया जा रहा है। अब यह ओबी उपरोक्त क्षेत्र के लोगों लिए जान पर आफत बन गया है। यह बातें ऊर्जांचल विस्थापित कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने कही। मामले को लेकर इन्होंने प्रमुख सचिव सहित कई विभागों को पत्र भेज कर शिकायत किया है। उन्होंने कहा कि ओबी डंप से क्षेत्र चौबीस घंटे धूल के गुब्बार से ढका है। बारिश के दिनों में ओबी मलबा का पानी और मलवा बाढ़ के रुप में लोगों के घरों में घुसेगा। कहा कि पूर्व में मानसून सीजन में कई हादसे हो चुके है। 2008 से लेकर 2021 तक दर्जनों हादसे हो चुके है, जिसमें कई लोगों अपनी जान गंवा चुके है। बावजूद इसके जिला प्रशासन कोई सकारात्मक कदम नहीं उठा रहा है। प्रतिदिन दोपहर में होने वाले मानक से विपरीत हैवी ब्लास्टिंग से घरों के दरवाजा, खिड़की, बर्तन खन-खना जाते है।

# फरेन्दा में जिला जागृति यूनिट का गठन

- जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में बनी समिति, डॉ. मनीष चौबे भी सदस्य

**फरेन्दा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जिले में कानूनी ज्ञान और कानूनी साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में जिला जागृति यूनिट का गठन किया है।

इस यूनिट में कई प्रमुख अधिकारियों को सदस्य बनाया गया है। इनमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ मनीष कुमार चौबे को भी सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

डॉ.मनीष चौबे विधि क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्तित्व हैं। उनकी लिखी पुस्तकें विधि के विद्यार्थियों और अधिवक्ताओं में विशेष लोकप्रियता रखती हैं। उनकी इस नियुक्ति पर रेवेन्यू बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बधाई दी है। इनमें अध्यक्ष अष्टभुजा वर्मा, सचिव परमात्मा सिंह, रामसेवक सिंह, अनिरुद्ध प्रसाद श्रीवास्तव, सिविल कोर्ट के पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंह व पूर्व सचिव सुरेंद्र पांडे, राघवेंद्र उपाध्यक्ष, सरोज मिश्र और ओम प्रकाश शुक्ला प्रमुख हैं।

# सूखे कुएं में गिरने से बकरी पालक की मौत

**लहगंपुर (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत उत्तर देवरी गांव निवासी 40 वर्षीय मल्लु की सूखे कुएं में गिरने से शुक्रवार की आधी रात में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शनिवार को सुबह पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देवरी उत्तर गांव निवासी 40 वर्षीय मल्लुपुत्र स्व. डंगर अपनी बकरियों के पास सोये थे। रात में लघुशंका के लिए उठे। घर के पास में स्थित सूखे कुएं में गिर गए। परिजनों को जानकारी होने पर सूखे कुएं से युवक को निकाला, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। मौत होने की जानकारी मिलते ही परिजन रोने बिलखने लगे। परिजनों की सूचना पर पहुंचे लहंगपुर पुलिस चौकी प्रभारी विजय कुमार राय ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चार पुत्र व तीन पुत्री हैं। जिसमें तीन पुत्र और तीनों पुत्रीयों की शादी हो गई है।

# ट्रक के धक्के से किशोर की मौत, साथी घायल

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के नदीहार बाजार में शनिवार की सुबह लगभग 7.30 बजे डेरी से दूध लेकर पैदल घर जा रहे किशोर को ट्रक ने कुचल दिया। जिससे मौके पर ही किशोर की मौत हो गई और साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराने के बाद शव को अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। नदीहार गांव निवासी राकेश श्रीवास्तव कलकत्ता में रहकर कपड़े की फेरी कर दो पुत्र और दो पुत्रीयों समेत परिवार का पालन पोषण करते हैं। शनिवार की सुबह बड़ा पुत्र 15 वर्षीय रूपेश धनसीरिया मील के पास स्थित डेरी से दूध लेकर अपने साथी 16 वर्षीय मोनू के साथ पैदल अपने घर नदीहार जा रहा था। जैसे ही किसान इंटर कॉलेज के पास पहुंचा। तभी सोनभद्र की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक पीछे से रूपेश को कुचल दिया। जिससे मौके पर ही रूपेश की मौत हो गई। जबकि साथी मोनू गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराने के बाद सड़क पर बिखरे मृतक के शरीर के चीथड़ों को इकट्ठा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना के बाद भाग रही ट्रक को लूसा गांव के पास से पकड़कर पुलिस थाने ले आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। मृतक दो भाई व दो बहनों में सबसे बड़ा था। इस संबंध में राजगढ़ थानाध्यक्ष महेंद्र पटेल ने बताया कि ट्रक के धक्के से एक किशोर की मौत हो गई है। उसका साथी जख्मी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा ट्रक को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जमीन विवाद में वकील को मिली धमकी, तीन पर मुकदमा दर्ज



**फरेन्दा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जिले के फरेंदा क्षेत्र के सिधवारी में पेट्रोल पंप की जमीन को लेकर चल रहा विवाद और गंभीर हो गया है। अधिवक्ता अरविंद उपाध्याय को विपक्षी पक्षकारों ने धमकी दी है। एडीएम महराजगंज ने 12 जून को विवादित जमीन का निरीक्षण किया। सुरेंद्र के वकील अरविंद उपाध्याय कागजात लेकर मौके पर आए थे। अधिकारी के जाने के बाद केशवदेव, सतीश और सहर्ष ने बाइक से लौट रहे वकील को रोका। तीनों ने उन्हें मामले में वकालत से दूर रहने की धमकी दी। अधिवक्ता की शिकायत पर 13 जून को तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। इससे पहले 10 जून को सुरेंद्र ने उपजिलाधिकारी कोर्ट के सामने आत्मदाह का प्रयास किया था। अर्दली और सुरक्षा गार्डों ने उन्हें रोक लिया। अर्दली की शिकायत पर सुरेंद्र और उनके समर्थकों पर मुकदमा दर्ज किया गया। गांव के प्रधान प्रतिनिधि और सपा पदाधिकारी गंगा यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। सपा नेताओं ने इस कार्रवाई के विरोध में थाने में धरना दिया। पुलिस ने शांतिभंग में उनका चालान किया। अब तक दोनों पक्षों पर कुल चार फौजदारी मामले दर्ज हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। थानाध्यक्ष प्रशान्त पाठक ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्यवाई की जाएगी।

# विद्युत विभाग की घोर लापरवाही | बिना बेरकेंटिंग के खुले मे ट्रांसफार्मर होने से जान को खतरा

- बड़ा हादसा घटित होने की बनी प्रबल संभावना
- प्रशासन व संबंधित विभाग मौन, नहीं ले रहा है संज्ञान

**गुरमा सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत चुर्क - गुरमा के वार्ड नंबर 2 गुरमा कॉलोनी रामलीला मैदान के पास स्थिति विद्युत विभाग की घोर लापरवाही खुलकर सामने आयी है। यहां 100 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के खुले में छोड़ दिया गया है।

इस लापरवाही ने स्थानीय नागरिकों के बीच भय का माहौल पैदा कर दिया है। इलाके के रहवासी इरशाद खान, रवि शर्मा उर्फ बवाली, पूर्व सभासद नेत्रपाल, शिबू का कहना है कि इस खुले ट्रांसफार्मर से बच्चों पशुओं और आमजन की जान को गंभीर खतरा बना हुआ है।

गुरमा कॉलोनी के लोगों ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के पास एक सरकारी हैंड पंप भी लगा है, जहां पर पास में ही एक निजी स्कूल के नन्हे-मुन्ने छोटे-छोटे बच्चों के साथ ही आम आवाम इस भीषण प्रचंड गर्मी में पानी पीने व पानी भरनेआते हैं। इतना ही नहीं छुट्टा जानवर गाय, बकरी, कुत्ते, बंदर भी कई बार इस ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर काल के गाल में समा चुके हैं तथा ट्रांसफार्मर अक्सर स्पार्क करता रहता है जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। वार्ड नंबर 2 गुरमा कालोनी के नागरिकों ने बताया कि उन्होंने कई बार इस गंभीर समस्या की सूचना विद्युत विभाग को दी है लेकिन अब तक इस संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर कोई अनहोनी होती है तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या विभाग की बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। स्थानीय रहवासियों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर के चारों सुरक्षा घेरा (बेरिकेटिंग) लगाया जाएं ताकि बच्चे, बुजुर्ग और जानवर सुरक्षित रह सके तथा इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएं।

प्रश्न अब यह उठता है कि खुले ट्रांसफार्मर को सुरक्षित करने में विद्युत विभाग क्यों असफल हैं? जब पहले से ही कई जानवरों की मौत हो चुकी है तो विभाग ने क्यों नहीं चेता? क्या स्थानीय प्रशासन भी इस खतरे से आंखें मूंदे हुए हैं? क्या किसी मासूम की जान जाने तथा बहुत बड़ा हादसा हो जाने के बाद ही हरकत में आएगा विभाग? जहां सरकार सुरक्षित भारत की बात करती है वही जमीनी हकीकत में इस तरह की लापरवाहियां लोगों की जान पर भारी पड़ सकती है। चुर्क -गुरमा के लोग आज भी डर के साए में जी रहे हैं और अब उन्हें उम्मीद है कि मीडिया और प्रशासन की निगाहें ही इस गंभीर समस्या की ओर जाएगी और जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकलेगा। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे में बदल सकती है।

# संविधान देश की आत्मा है : वीरेंद्र चौधरी



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर हर जिले में विधानसभावार संविधान बचाओ सम्मेलन आयोजित किए जाने के क्रम में सदर विधानसभा की पुरैना बाजार में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद द्वारा संविधान बचाओ सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि फरेंदा के विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा संविधान देश की आत्मा है, संविधान लोकतंत्र को बचाने वाला नयाब हथियार है। आज वर्तमान भाजपा सरकार संविधान को बदलकर तानाशाही राज लाना चाहती है जिसका कांग्रेस जन पुरजोर विरोध करते हुए देश की जनता के आकांक्षा के अनुरूप भाजपा को हटाकर कांग्रेस को लाने की पहल करेंगे। सम्मेलन के आयोजक पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार केवल मुखौटा है, इसकी आड़ में आरएसएस द्वारा दलित पिछड़ो किसानों के हक को छीनकर पूंजी पतियों और नौकरसाहो को सत्ता की बागडोर देना चाहती है। जिसका भरपूर विरोध किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय सिंह ने किया और संचालन आनंद नगर के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश लाल ने किया। जिला अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा देश में भाजपा की जनविरोधी नीतियों से आमजन दुखी है और निश्चित रूप से परिवर्तन की ओर बढ़ना चाह रहे हैं, आज कांग्रेस जन को दलितों पिछड़ों, युवकों की आवाज बनकर संविधान की हिफाजत के लिए एक बार फिर कुर्बानी के लिए तैयार होना पड़ेगा। पूर्व जिला अध्यक्षशरद कुमार सिंह ने उपस्थित जनसमूह का आवाहन करते हुए राहुल गांधी के नेतृत्व में संविधान की हिफाजत के लिए संघर्ष करने की अपील किया। कार्यक्रम के अंत में अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश के मामले में कैंडल मार्च निकालकर दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोपाल शाही, चंद्रजीत भारती, पूर्णमासी यादव, घनश्याम मिश्रा राम नारायण चौरसिया, विधि नारायण वर्मा कपिल देव शुक्ला, चंद्रशेखर पांडे चंदन तिवारी तेज बहादुर पांडे दिगविजयनाथ, गब्बर, राधे चौधरी चंदन तिवारी राधेश्याम

# महिलाओं में वाहन चालक लाइसेंस बनवाने का बढ़ा क्रेज

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

- तीन साल में 1552 महिलाओं ने बनवाया ड्राइविंग लाइसेंस, कुल संख्या 4191 तक पहुंची




जिले में महिलाएं यातायात के क्षेत्र में नई पहचान बना रही हैं। जिले में अब तक 4,191 महिलाएं ड्राइविंग लाइसेंस धारक बन चुकी हैं। परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में 449, 2024 में 468 और 2025 में अब तक 635 महिलाओं ने ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त किया है। जिले में कुल 4.40 लाख पुरुष लाइसेंस धारक हैं। हालांकि महिलाओं की संख्या कम है, लेकिन पिछले तीन वर्षों में इसमें लगातार वृद्धि देखी जा रही है। प्रभारी एआरटीओ सुरेश कुमार के अनुसार, बढ़ती जागरुकता के कारण महिलाएं ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आगे आ रही हैं। महिलाएं अब स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने, कार्यालय जाने और बाजार से खरीदारी जैसे कार्यों के लिए खुद वाहन चला रही हैं। यह बदलाव दर्शाता है कि महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। पहले जहां उन्हें आने-जाने के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब वे स्वयं वाहन चला रही हैं।



## आमदनी बढ़ाने को करें वैज्ञानिक खेती

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** शासन की प्राथमिकता में सम्मिलित किसान उत्पादक संगठन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विकास खण्ड घोरावल के ग्राम सिद्धि में कृषक एवं वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम का जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इस कृषक गोष्ठी में अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान के क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी के कृषि वैज्ञानिको के साथ ही फार्ड फाउंडेशन के वैज्ञानिको के साथ साथ जिला कृषि अधिकारी एवं ड्ड नाबार्ड द्वारा प्रतिभाग कर कृषि से संबंधित अपने विचार व्यक्त किए गए। जिलाधिकारी ने कृषकों को जनपद में पानी की कमी को दृष्टिगत रखते हुए श्री अन्न, मिलेट की खेती को प्रोत्साहित करने की अपील किया। कृषि वैज्ञानिकों ने धान, तिलहन एवं दलहन की वैज्ञानिक खेती के गुर कृषकों को बताए गए। जिला कृषि अधिकारी ने कृषकों से अपील की कि वे उन्नतिशील बीजों का ही प्रयोग करें तथा कृषि रसायनों का अंधाधुंध प्रयोग न करें । कार्यकारी निदेशक विनोद पांडेय ने सभी को हार्दिक धन्यवाद प्रेषित करते हुए समापन की घोषणा किया। इस मौके पर हिमांशु सिंह, रमेश पाठक आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. रविकांत तिवारी ने किया।

# छात्रों को पढ़ाया साइबर सुरक्षा का पाठ

- महराजगंज के डिग्री कॉलेज में छात्रों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के सिखाए गुर

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिले में साइबर सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के निर्देश पर साइबर थाना महराजगंज ने रुद्रा इंस्टीट्यूट टेक्निकल डिग्री कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में छात्रों को डिजिटल सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। साइबर पुलिस टीम ने डिजिटल अरेस्ट से बचाव के तरीके बताए। ऑनलाइन साइबर फ्रॉड से सुरक्षा के उपाय समझाए। नए साइबर कानूनों की जानकारी दी। साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताया। पुलिस टीम ने छात्रों को ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके सिखाए। फर्जी लिंक से सावधान रहने की सलाह दी। हैकिंग और सोशल मीडिया अपराधों से बचाव के उपाय बताए। उप निरीक्षक अमित यादव के नेतृत्व में टीम ने व्यावहारिक उदाहरणों से समझाया। कार्यक्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर प्रफुल्ल यादव, कांस्टेबल विजय, विशाल प्रजापति और महिला कांस्टेबल सुष्मिता तिवारी ने योगदान दिया। कॉलेज प्रशासन ने इस पहल की सराहना की। छात्रों ने भी कार्यक्रम को उपयोगी बताया।

Admission Open
Shri Durga Shiksha Niketan PG College
(Affiliated to Lucknow University)
Chhota Bharwara, Near Sahara Hospital, Gomti Nagar, Lucknow-226028
B.A.,B.Com.,M.Com.,M.A. (Soc.), M.A. (Edu.), B.B.A., D.El.Ed. & B.El.Ed.
Helpline No.- 7570001103, 9415138820, 9450093206
Email : sdsncollege031@gmail.com
Website: www.sdsngroupofcollege.org